ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • वैशाख शुक्ल पक्ष 01 • विक्रम संवत 2080 • शुक्रवार, 21 अप्रैल 2023 • वर्ष-24 • अंक-78 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00





कामना
पाठक अपने स्टाइल को बरकरार ... पेज 12 पर


NEWS इन ब्रीफ

### मोदी ने डेनमार्क की पीएम से फोन पर की द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसन के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत-डेनमार्क ग्रीन स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप की प्रगति की समीक्षा की। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि उन्होंने उच्च स्तरीय आदान-प्रदान और बढ़ते सहयोग पर संतोष व्यक्त किया। मोदी ने फ्रेडरिकसन को दूसरे कार्यकाल के लिए डेनमार्क की प्रधानमंत्री नियुक्त किए जाने पर बधाई दी। फ्रेडरिकसन ने भारत की जी20 पहल की सराहना की और डेनमार्क के पूर्ण समर्थन की बात कही।


### राजनाथ सिंह कोविड से संक्रमित हुए

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कोविड-19 से संक्रमित हो गए हैं। उन्हें गुरुवार को यहां भारतीय वायु सेना के कमांडरों के सम्मेलन में भाग लेने के लिए जाना था, लेकिन पॉजिटिव होने के बाद इसे छोड़ना पड़ा। रक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी ने पुष्टि की कि राजनाथ सिंह कोविड पॉजिटिव हो गए हैं। मंत्री फिलहाल हल्के लक्षणों के साथ होम क्वारंटीन में हैं। डॉक्टरों की एक टीम ने उनकी जांच की और उन्हें आराम करने की सलाह दी। बुधवार को रक्षा मंत्री ने वर्ष 2023 के पहले सेना कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित किया था। सम्मेलन 17 अप्रैल को एक हाइब्रिड प्रारूप में शुरू हुआ। आयोजन के दौरान, भारतीय सेना का शीर्ष नेतृत्व मौजूदा सुरक्षा परिध्श्यों, स्थिति के सभी पहलुओं पर व्यापक विचार-विमर्श कर रहा है।

### भारत यात्रा पर आएंगे बिलावल भुट्टो



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो भारत यात्रा पर आएंगे। बिलावल की यह यात्रा अगले महीने के शुरूआत में 4 मई को होगी। वर्ष 2014 में तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के बाद यह किसी सत्तारूढ़ पाकिस्तानी नेता की पहली भारत यात्रा होगी। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, आगामी 4 मई को भारत में चीन की अगुवाई वाले शंघाई को-ऑपरेशन आर्गनाइजेशन की बैठक होगी। इस आर्गनाइजेशन में चीन, रूस, कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान, किर्गिस्तान और तजाकिस्तान शामिल थे, बाद में इसमें भारत और पाकिस्तान भी शामिल हो गए। इस बार जबकि बैठक भारत में होनी है तो पाकिस्तान ने ऐतराज जताया, लेकिन अब खबर है कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो इस बैठक में हिस्सा लेंगे। उस दिन शंघाई को-ऑपरेशन आर्गनाइजेशन सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों का सम्मेलन होना है। बिलावल के मीटिंग में हिस्सा लेने की अटकलें पाकिस्तानी मीडिया में भी लगाई जा रही थीं। (एजेंसियां)



# सैन्य वाहन पर ग्रेनेड हमला, पांच जवान हुए शहीद

### पीपल्स एंटी फासिस्ट फ्रंट ने ली हमले की जिम्मेदारी

### सेना प्रमुख ने रक्षामंत्री को घटना के संबंध में ब्रीफ किया

### पाकिस्तान के इशारे पर हुआ हमला, जी-20 बैठक से तिलमिला गया है पाक



**एजेंसियां। श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में आतंकियों ने घात लगातार सैन्य वाहन पर हैंड ग्रेनेड से हमला कर दिया। इसमें पांच जवान शहीद हो गए हैं। अचानक हुए इस हमले के बाद मौके पर सैन्य और पुलिस अधिकारी पहुंचे। उन्होंने आसपास के लोगों के साथ मिलकर वाहन में लगी आग बुझाकर राहत और बचाव अभियान चलाया। आतंकी संगठन जैश समर्थित पीएएफएफ यानी पीपल्स एंटी फासिस्ट फ्रंट ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। ग्रेनेड हमले के बाद वाहन में आग लग गई जिसमें झुलसकर पांच जवानों की मौत हो गई। सेना ने आतंकी हमले की पुष्टि की है। पहले यह माना जा रहा था कि गाड़ी पर बिजली गिरी है। अब सैन्य अधिकारियों ने आतंकी हमला होने की पुष्टि कर दी है। जिस इलाके में यह हादसा हुआ, वहां पिछले साल आतंकियों और सैन्य कर्मियों के बीच कई दिनों तक मुठभेड़ भी हुई थी। माना जा रहा है कि श्रीनगर में हो रही जी-20 की बैठक से तिलमिलाए पाकिस्तान के इशारे पर यह हमला हुआ है। श्रीनगर के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुंछ और राजोरी जिले की सीमा पर भाटादूडियां इलाके में वीरवार दोपहर को यह हादसा हुआ। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। पुंछ-जम्मू नेशनल हाईवे पर सैन्य वाहन कुछ सामान लेकर जा रहा था। इसमें जवान भी सवार थे। घने जंगल के बीच आतंकियों के एक दल ने वाहन पर हमला कर दिया। इससे वाहन में आग भड़क उठी। इससे उसमें सवार जवान बुरी तरह से झुलस गए। इसमें से पांच ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटनास्थल पर पहुंचे सेना के अधिकारियों और जवानों ने से झुलसे साथियों को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया।

उत्तरी कमान के अनुसार, गुरुवार को तीन बजे राजोरी सेक्टर में बिंभर गली और पुंछ सीमा पर सेना के वाहन पर आतंकियों ने ग्रेनेड से हमला किया। जिस समय यह हमला किया गया था उस समय इलाके में बारिश हो रही थी। बेहद कम दृश्यता का फायदा उठाकर आतंकियों ने इस घटना को अंजाम दिया। ग्रेनेड में विस्फोट होने के बाद वाहन में आग लग गई। इसमें काउंटर टेररिस्ट ऑपरेशन के लिए तैनात राष्ट्रीय राइफल्स यूनिट के पांच जवान मौके पर ही शहीद हो गए। एक अन्य गंभीर जवान का राजोरी के सैन्य अस्पताल में उपचार चल रहा है। घटना के बाद इलाके में तलाशी अभियान जारी है।

### 'मोदी सरनेम' मामले में राहुल गांधी को राहत नहीं

# सजा रद्द, याचिका खारिज



**एजेंसी। सूरत**

सूरत की सत्र अदालत ने 'मोदी सरनेम' मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की याचिका गुरुवार को खारिज कर दी। राहुल गांधी ने दो साल की सजा पर रोक लगाने की अपील की थी। अदालत ने अप्रैल 2019 में कर्नाटक के कोलार में एक चुनावी रैली में की गई टिप्पणी के लिए 23 मार्च को राहुल गांधी को ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### राहुल गांधी हाईकोर्ट जाएंगे, बीजेपी-कांग्रेस में जमकर बयानबाजी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सजा पर रोक के खिलाफ सूरत सेशन कोर्ट से अपील खारिज होने के बाद कांग्रेस पार्टी ने कहा है कि वो सभी उपायों पर विचार कर रही है। इस संबंध में लीगल टीम कोई फैसला लेगी। जाने माने वरिष्ठ वकील और कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी इस बारे में शाम 4 बजे मीडिया को जानकारी देंगे। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने राहुल गांधी पर कोर्ट के आज के आदेश पर टिप्पणी करते हुए ट्विटर पर लिखा है कि कानून के तहत जो भी विकल्प हमारे लिए उपलब्ध होंगे, हम उन सभी विकल्पों ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### ठेका मजदूरों पर हेमंत सरकार हुई मेहरबान

# बढ़ाया महंगाई भत्ता



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हेमंत सरकार ने श्रमिकों के हित में बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने ठेका मजदूरों की मजदूरी से जुड़े महंगाई भत्ते में इजाफा कर दिया है। इसको अलग-अलग कैटेगरी में बांटा गया है। इस व्यवस्था से ठेका मजदूरों की मजदूरी में लगभग सवा दो हजार से लेकर साढ़े तीन हजार रुपये तक की बढ़ोत्तरी हो गई है। राज्य सरकार ने ठेका मजदूर (विनियमन एवं उन्मूलन) नियमावली 1972 के नियम-25 के उपनियम (2) के खंड (V) के उपखंड (ब) से मिली शक्तियों का प्रयोग करते हुए ठेका श्रमिकों की सेवा शर्तों और देय मजदूरी का निर्धारण कर दिया है। श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग ने 01.04.2023 की तिथि से अधिसूचित परिवर्तनशील महंगाई भत्ता की दरें भी तय कर दी है, जो ठेका श्रमिकों को देय होंगी। इसके लिए सरकार ने आदेश निर्गत कर दिया है।

गौरतलब है कि साल 2020 के अकुशल श्रमिकों को देय मजदूरी प्रतिमाह 8,571.78 रुपये थी। इसमें अप्रैल 2023 से परिवर्तनशील महंगाई भत्ता मद में 2,220.94 रुपये का इजाफा किया गया है। अब ऐसे श्रमिकों को प्रतिमाह 10,792.72 रुपये दिये जाएंगे। अर्द्धकुशल श्रमिकों को साल 2020 में 8,977.47 रुपये मिलता था, लेकिन इनके महंगाई भत्ता में अप्रैल 2023 से 2,326.06 रुपये बढ़ा दिए गये हैं। अब ऐसे श्रमिकों को प्रतिमाह 11,303.53 रुपये प्राप्त होंगे।

कुशल श्रमिकों को साल 2020 में देय मजदूरी प्रतिमाह 11,935.06 मिलती थी। ऐसे श्रमिकों को अब ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

# सब इंस्पेक्टर मनोज कच्छप बर्खास्त

### नक्सली संगठन से सांठगांठ का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नक्सली संगठन पीएलएफआई से सांठगांठ के आरोप में झारखंड पुलिस के 2018 बैच के सब इंस्पेक्टर मनोज कच्छप को पुलिस सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। खूंटी एसपी के रिपोर्ट के आधार पर रांची डीआईजी अनूप बिरथरे ने सब इंस्पेक्टर को बर्खास्त कर दिया है। सब इंस्पेक्टर मनोज के खिलाफ खूंटी एसपी अमन कुमार ने जांच की थी। जांच में यह बातें सामने आई थी कि मनोज के काफी करीबी रिश्ते पीएलएफआई उग्रवादियों से है। वह पुलिस की गतिविधियों की सूचना पीएलएफआई उग्रवादियों को देता है। खूंटी एसपी ने अपनी रिपोर्ट में जिक्र किया था कि ऐसी परिस्थिति में मनोज कच्छप का विभाग में बने रहना सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस के लिए बेहद घातक है। इससे नक्सल अभियान में जाने वाले पुलिसकर्मियों के जान-माल का भारी क्षति हो सकता है।

#### चूहा जायसवाल ने भी किया था खुलासा

**साल** 2022 के फरवरी महीने में झारखंड पुलिस के द्वारा पीएलएफआई के कुख्यात उग्रवादी अवधेश जायसवाल उर्फ चूहा जयसवाल को गिरफ्तार किया गया था। चूहा जायसवाल ने अपने बयान में बताया था कि खूंटी जिला बल का सब इंस्पेक्टर मनोज कच्छप संगठन के कई कामों में मदद किया करता था। चूहा जायसवाल के अनुसार, जब मनोज रनिया थाना में पदस्थापित था तो उस दौरान वह अपने निजी चालक के साथ संगठन के सुप्रीमो दिनेश गोप के साथ-साथ दूसरे साथियों के साथ मुलाकात करने आता था। इस दौरान वह उग्रवादियों के साथ बैठकर शराब भी पीता था। फिर वह पुलिस की हर गतिविधि की सूचना भी देता था। इसके एवज में संगठन के लोग उसे पैसे भी देते थे। पुलिस की गतिविधियों को उग्रवादियों तक पहुंचाने के लिए जिस मोबाइल फोन का प्रयोग मनोज करता था उसे संगठन के द्वारा ही उपलब्ध करवाया गया था।

#### जांच के बाद हुई बर्खास्त करने की अनुशंसा

**चूहा** जायसवाल के बयान के बाद यह साफ हो गया कि मनोज उग्रवादी संगठन के लिए काम कर रहा था। तब खूंटी के एसपी अमन कुमार ने मनोज कच्छप को सेवा से बर्खास्त करने की अनुशंसा की थी जिसके बाद रांची डीआईजी के द्वारा तमाम अभिलेख, आरोप, प्रदर्श अभियोजन और साक्ष्यों के आधार पर मनोज को बर्खास्त कर दिया गया।

# जमीन घोटाला : छवि रंजन ने ईडी से मांगा दो हफ्ते का समय



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सेना जमीन घोटाला और चेशायर होम रोड जमीन मामले में रांची से पूर्व डीसी छवि रंजन शुक्रवार को ईडी दफ्तर नहीं जाएंगे। छवि रंजन ने ई-मेल भेजकर दो हफ्ते का समय मांगा है। मेल उन्होंने गुरुवार देर शाम भेजी है। पहले शुक्रवार की सुबह 11 बजे उन्हें ईडी के रांची जोनल आफिस में पूछताछ के लिए उपस्थित होना था। ईडी सूत्रों ने बताया कि आईएएस अधिकारी को दो हफ्तों का वक्त नहीं दिया जायेगा। उन्हें एजेंसी दोबारा समन करेगी, हालांकि इतना तो तय है कि अब छवि रंजन शुक्रवार को ईडी के सामने नहीं जाएंगे।

गौरतलब है कि जमीन घोटाला में ईडी ने छवि रंजन समेत 18 लोगों के ठिकाने पर 13 अप्रैल को छापेमारी की थी। छापेमारी के बाद सात आरोपियों को ईडी ने गिरफ्तार किया था। रांची में सेना की 4.55 एकड़ जमीन को हथियाने और चेशायर होम रोड की जमीन का फजीर्वाड़ा कर रजिस्ट्री कर जमीन हथियाने को लेकर मनी लॉन्ड्रिंग की जांच ईडी कर रही है। जमीन घोटाले की जांच अब ईडी कर रही है। ईडी सूत्रों के अनुसार यह घोटाला भी अरब से ज्यादा का है। घोटाले में बड़े-बड़े लोगों को सिर्फ इसलिए फायदा पहुंचाया गया ताकि आर्मी की बेशकीमती जमीन को हासिल किया जा सके।

### वाड्रा-डीएलएफ भूमि सौदे में कोई अनियमितता नही : हरियाणा सरकार

**चंडीगढ़।** गुरुग्राम पुलिस द्वारा कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के प्रति राबर्ट वाड्रा, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और अन्य के खिलाफ भूमि सौदे में अनियमितता के संबंध में केस दर्ज किए जाने के पांच साल बाद हरियाणा सरकार ने हाईकोर्ट को सूचित किया है कि रॉबर्ट वाड्रा की स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी द्वारा डीएलएफ को जमीन हस्तांतरण में नियमों का कोई उल्लंघन नहीं किया गया है। सरकार ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय में दायर एक हलफनामे में कहा-तहसीलदार, मानेसर, गुरुग्राम द्वारा यह बताया गया था कि मैसर्स स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी ने 18 सितंबर, 2019 को मेसर्स डीएलएफ यूनिवर्सल लिमिटेड को 3.5 एकड़ जमीन बेची थी।

# भगोड़े अमृतपाल की पत्नी पुलिस हिरासत में

**एजेंसी। अमृतसर**

बीते कुछ दिनों से पंजाब में भगोड़े घोषित और पूरे देश में वॉन्टेड खालिस्तानी समर्थक अमृतपाल की पत्नी किरणदीप कौर को गुरुवार को लंदन जाते वक्त अमृतसर एयरपोर्ट पर पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। किरणदीप कौर अमृतसर एयरपोर्ट से बर्मिंघम भागने की फिराक में थी। इसी सिलसिले में वह अमृतसर एयरपोर्ट पहुंची थी लेकिन गुप्त सूचना के आधार पर एयरपोर्ट पर पहले से ही मौजूद पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। गौरतलब है कि किरणदीप कौर पर खालिस्तानी समर्थकों को फंडिंग करने का आरोप है।



#### 'पुलिस रडार में पहले से ही थी किरणदीप कौर'

आपको जानकर हैरानी होगी अमृतपाल सिंह की पत्नी किरणदीप कौर पंजाब पुलिस ही नहीं यूके पुलिस की रडार में भी थी। दरअसल 28 साल की किरणदीप कौर यूके की नागरिक है और वह पहले से ही खालिस्तानी समर्थक है।

### हजारीबाग : पिता ने मारी बेटे और दोस्त को गोली, दोस्त की मौत, बेटा गंभीर

**हजारीबाग।** हजारीबाग के डंडई सिवाने नदी पुल के बीच गुरुवार की शाम एक पिता ने अपने बेटे और दोस्त को गोली मार दी। दोस्त की मौत हो गई, वहीं बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान रांची निवासी लक्ष्मण पांडे के रूप में हुई है। बेटे का नाम महेंद्र हेमरोम है। दोनों को अरविंद हेमरोम ने गोली मारी। इस संबंध में अरविंद हेमरोम की पत्नी किरण देवी ने बताया कि उसका पति जुआरी है। पति का रांची के दोस्त के साथ रकम लेनदेन को लेकर विवाद था। दोस्त ने जब विरोध किया, तो उसने दुश्मनी पाल ली। उसके बाद उसके पति ने दोस्त लक्ष्मण पांडे और बेटे महेंद्र हेमरोम को जान से मारने के लिए बिहार से शूटर मंगवाया था।

**संदर्भ** कोर्ट ने यूट्यूब पर अमिताभ की पोती से जुड़े मुद्दे पर की तीखी टिप्पणी

# 'जीरो टॉलरेंस पॉलिसी' पर सवाल



**सुप्रिया रमेश। नई दिल्ली**

मेगास्टार अमिताभ बच्चन की पोती के खराब स्वास्थ्य पर फर्जी खबरों का विवाद सामने आने के बाद दिल्ली उच्च न्यायालय ने अपने मंच पर सामग्री को विनियमित नहीं करने पर वीडियो-शेयरिंग प्लेटफॉर्म यू ट्यूब पर कटाक्ष किया है। कई ट्यूब चैनलों को ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन की बेटी आराध्या के बारे में झूठे दावे करने वाले वीडियो प्रसारित करने से रोकते हुए न्यायमूर्ति सी. हरि शंकर ने कहा कि स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म की 'नो टॉलरेंस पॉलिसी' त्रुटिपूर्ण है। न्यायमूर्ति ने कहा: यदि आप जो कर रहे हैं, उससे पैसा कमा रहे हैं, तो आपकी एक सामाजिक जिम्मेदारी है। आप ऐसी चीजों को अपने प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करने की अनुमति नहीं दे सकते। आप स्वीकार करते हैं कि कुछ चीजें हैं, जिनके लिए आप जीरो टॉलरेंस रखते हैं। ये सब उस श्रेणी में क्यों नहीं आते? इसका मतलब है कि आपकी नीति दोषपूर्ण है।'

गौरतलब है कि बिग बी की पोती आराध्या को कई कारणों से अक्सर ट्रोल का सामना करना पड़ा है। जब 2021 की फिल्म 'बॉब बिस्वास' का प्रचार किया जा रहा था, तो गुस्से में पिता अभिषेक ने उन नफरत करने वालों पर पलटवार किया, जो उनकी बेटी को लगातार परेशान कर रहे थे। हाल ही में, प्रेस सूचना ब्यूरो की तथ्य-जांच इकाई ने तीन ट्यूब चैनलों का भंडाफोड़ किया था, जो सरकार के अनुसार देश में गलत सूचना फैला रहे थे। विचाराधीन चैनलों के लगभग 33 लाख ग्राहक थे और उनके वीडियो, जिनमें से लगभग सभी नकली पाए गए, 30 करोड़ से अधिक बार देखे गए।

यू ट्यूब चैनल दर्शकों को यह विश्वास दिलाने के लिए कि सामग्री प्रामाणिक है, गुमराह करने के लिए नकली और सनसनीखेज थंबनेल का उपयोग करते हैं। कुछ चैनल अपने वीडियो पर विज्ञापन भी प्रदर्शित करते हैं, और यू ट्यूब पर गलत सूचना देकर पैसा कमाते हैं। आराध्या का मामला ऐसे कंटेंट के खिलाफ यूट्यूब की जिम्मेदारी और कार्रवाई पर सवाल खड़े करता है। सुनवाई के दौरान, अदालत ने टिप्पणी की कि मंच यह कहकर बच नहीं सकता कि वह केवल एक मध्यस्थ है और इस तरह के वीडियो नहीं डाल रहा है। न्यायाधीश ने कहा कि आप जनता को गलत सूचना देने की सुविधा प्रदान कर रहे हैं।

# पटना में 73 साल की वृद्धा से गैंगरेप

### जननांग में पाइप डाला, अंग-अंग क्षत-विक्षत

**एजेंसी। पटना**

मंगलवार की रात पटना में एक महिला का मर्डर हुआ। लाश मिलने पर पीट-पीट कर मारे जाने की खबर बुधवार को प्रकाशित भी की। लेकिन, खबर इतनी ही नहीं थी। एक अखबार ने जानने की कोशिश की कि आखिर 73 साल की महिला को पीटकर मारे जाने की वजह क्या होगी। पता चला, पुलिस मुख्यालय से कुछ किलोमीटर दूर 73 साल की बुजुर्ग से गैंगरेप किया गया था। अंग-अंग क्षत-विक्षत। जननांग में दरिंदों ने पाइप न केवल डाला था, बल्कि बुरी तरह घुमाकर शरीर को भारी नुकसान पहुंचाया। इतनी दरिंदगी के बाद लाश पर कपड़ा डाले, यह तो संभव नहीं। और, बिहार पुलिस को पहले एफआईआर का इंतजार था, अब पोस्टमार्टम का है। घटना फुलवारीशरीफ इलाके की है। यहां सन्नाटा पसरा था। ऐसा कोई एक आदमी नहीं, जिसकी जुबान पर इस वीभत्स कांड की पूरी कहानी नहीं। लोग सन्न थे। बच्चे चुप थे। जिन्होंने लाश देखी, वह बोलते-बताते कभी गुस्सा जाते थे तो कभी रुआंसे हो जाते थे। लाश की हालत देखने वाले लोग गैंगरेप के वहशीपन की गवाही दे रहे थे, लेकिन अभी पुलिस भी इसकी पुष्टि नहीं कर रही क्योंकि इसके लिए उसे पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

### सतीश कुमार सिन्हा मेमोरियल कॉलेज ऑफ नर्सिंग में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

# किसी की जान बचाना पहली प्राथमिकता : पराशर

**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**

माण्डर स्थित भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशंस सभागार में सतीश कुमार सिन्हा मेमोरियल कॉलेज ऑफ नर्सिंग के बेसिक बी.एससी. नर्सिंग विभाग के द्वारा फर्स्ट एड विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. डॉ. एम. आलोक नर्सिंग कार्यालयाध्यक्ष, हेल्थ पोईन्ट अस्पताल, एशोसिएट प्रो. सरिता भथारई, रिम्स कॉलेज ऑफ नर्सिंग, रांची, माण्डूरू रिमीया, प्राचार्या श्री साई कॉलेज ऑफ नर्सिंग का स्वागत कॉलेज के छात्र/छात्राओं एवं समस्त भारथी ग्रुप परिवार के द्वारा पारम्परिक तरीके से नृत्य संगीत के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलित करने के साथ किया गया। अतिथियों को कॉलेज परिवार की ओर से शैक्षणिक सचिव दीपाली पराशर के हाथों मोमेन्टो और शॉल दे कर सम्मानित किया गया। संस्थान की शैक्षणिक सचिव श्रीमती



दीपाली पराशर ने छात्र/छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसी की जान बचाने के लिए प्राथमिक चिकित्सा एक अहम कदम होता है। एक्सीडेंट या चोट लगने के बाद तुरंत प्राथमिक चिकित्सा देने से घायल व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। प्राथमिक चिकित्सा में सामान्य चोट के लिए पट्टी से लेकर सी.पी.आर. देने की प्राक्रिया तक शामिल है। हर व्यक्ति को प्राथमिक चिकित्सा देना आना चाहिए ताकि वह जरूरत पड़ने पर इसका इस्तेमाल कर सके। इस विषय पर प्रो. डॉ. एम. आलोक ने बी.एल.एस. चिकित्सा के बारे में और मुख्य रूप से छात्र/छात्राओं को सी.पी.आर के बारे में बताया। प्रो. सरिता भथारई ने छात्र/छात्राओं को पूरी जानकारी दी तथा उन्हें इस विषय पर जागरूक किया। इस कार्यक्रम में अमृता कॉलेज ऑफ नर्सिंग, मेटास एडवेन्टीस कॉलेज ऑफ नर्सिंग, आईडीयल स्कूल ऑफ नर्सिंग एवं आईडीयल एकेडमिक ऑफ नर्सिंग एजुकेशन के शिक्षकगण एवं छात्र/छात्राओं ने भाग लिया एवं उन्हें भी सटीर्फीकेट देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में बी०एड० विभागाध्यक्ष राकेश कुमार राय,मनोज कुमार गुप्ता, डी०एल०एड०, डी०फार्मा, बीएस०सी० नर्सिग एवं जी०एन०एम० के प्राचार्य तथा सभी व्याख्याता एवं शिक्षाकेत्तर कर्मचारी तुलसी दास सलमा खातून, विनीता चौधरी, विवेक राज जायसवाल, पल्लव कुमार, अमरेश सिंह, गौरव सिंह सहित अन्य उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन नूर नेहर के द्वारा किया गया।

## कड़िया मुंडा के जन्मदिन पर पीएम समेत कई ने दी बधाई

**खूंटी।** लगभग 55 वर्षों तक सक्रिय राजनीति में रहने और खूंटी संसदीय क्षेत्र का आठ बार प्रतिनिधित्व करने वाले लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष व पद्मभूषण कड़िया मुंडा का आज 20 अप्रैल को 88 वर्ष के हो गए है। पद्मभूषण कड़िया मुण्डा को फोन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, आरएसएस के अधिकारी और सहित कई गणमान्य लोगों ने बधाई दी है। सोशल मीडिया पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, खूंटी विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा आदि ने भी उन्हें शुभकामनाएं दीं हैं। राज्यसभा सांसद संजय सेठ, वयोवृद्ध भाजपा नेता मुनीनाथ मिश्रा, जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार, विनय जयसवाल सहित कई लोग गुरुवार को उनके अनिगड़ा के चांडीडीह स्थित आवास पर पहुंच कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी और उनके दीघार्यु और स्वस्थ रहने की कामना की।

# आम बागान ईदगाह में ईद की नमाज की तैयारियां शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

जमशेदपुर के साकची इलाके में मौजूद आम बागान ईदगाह में ईद की नमाज की तैयारी शुरू कर दी गई है। यहां ईद के दिन ईद की नमाज सुबह 8:00 बजे होगी। इन दिनों भीषण गर्मी को देखते हुए आम बागान मस्जिद एवं ईदगाह कमेटी ने फैसला किया है कि ईद की नमाज निर्धारित समय सुबह 8:00 बजे शुरू हो जाएगी। किसी का इंतजार नहीं किया जाएगा। क्योंकि, देर होने पर धूप की तपिश बढ़ सकती है। ईद की नमाज आम बागान मस्जिद के पेश इमाम मुफ्ती जैनुल आबेदीन पढ़ाएंगे। नमाज से पहले वह लोगों को बताएंगे कि श्रद्धालुओं को अपनी जिंदगी कैसे बितानी चाहिए। ताकि, इस्लाम के कानूनों का पालन हो सके और इस्लाम की रोशनी में समाज और राष्ट्र के उत्थान के लिए क्या करना है। आम बागान मस्जिद एवं ईदगाह कमेटी के रियाज शरीफ ने बताया कि आम बागान ईदगाह में लगभग 15000 नमाजी ईदगाह की नमाज पढ़ेंगे। यह सबसे पुराना ईदगाह है। यहां नमाजियों के प्रवेश के लिए तीन गेट बनाए गए हैं। गेट नंबर 1, 2 और 3 से नमाजी ईदगाह में प्रवेश करेंगे। आयोजन स्थल पर साफ सफाई कराई जा रही है। नमाज पढ़ने आए लोगों को इत्र लगाया जाएगा ताकि माहौल सुगंधित और खुशगवार हो। पेयजल की व्यवस्था भी की जा रही है। आयोजन स्थल पर लाइन भी खींची जा रही है, ताकि नमाज पढ़ने वाले लोग एक लाइन में सुकून और अरकान के साथ नमाज अदा कर सकें। पंडाल के पीछे पार्किंग की व्यवस्था रहेगी। यहां कमेटी के वालंटियर मौजूद रहेंगे। यहां लोग अपनी गाड़ी, मोटरसाइकिल और स्कूटी लगा सकते हैं। सुरक्षा की दृष्टि को ध्यान में रखते हुए 8 सीसीटीवी कैमरा भी लगाए जाएंगे ताकि कुछ भी गड़बड़ी हो या कोई गड़बड़ी करने की कोशिश करे।

# जल्द नए रूप में शुरू की जायेगी लाह की खेती : मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में लाह खेती को कृषि का दर्जा मिल चुका है। इससे राज्य के अंतर्गत लाह खेती से जुड़े पांच लाख कृषकों को सीधे लाभ होगा। लाह खेती को मौसम आधारित फसल बीमा से जोड़ा जाएगा। किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड मिलेगा, राहत फसल योजना का लाभ मिलेगा, वन भूमि पर पारंपरिक तौर पर लाह खेती करने एवं वन अधिकार अधिनियम 2008 के अंतर्गत पात्रता रखने वाले अनुसूचित जनजाति व विनो आधारित लोगों को वन अधिकार दिया जाएगा, ग्रामों में लघु कुटीर उद्योग के रास्ते प्रशस्त हो गए हैं। इस कार्य को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले झारखंड प्रदेश



के कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री बादल पत्रलेख से मिलकर उद्घोष फाउंडेशन के अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने प्रदेश के लाखों लाह कृषकों की ओर से बधाई दी। कृषि मंत्री ने आश्वस्त किया कि प्रदेश में लाह खेती को नए रूप से विकसित करके किसानों के आर्थिक उन्नति का कार्य जल्द प्रारंभ किया जाएगा।

## संजय तिवारी की डिस्चार्ज पिटीशन पर फैसला 24 को

**रांची।** मिडडे मील की करोड़ों रुपये के घोटाले में आरोपित संजय तिवारी की डिस्चार्ज पिटीशन पर ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। अब कोर्ट 24 अप्रैल को अपना फैसला सुनाएगी। सरेंडर करने के बाद संजय तिवारी फिलहाल न्यायिक हिरासत में है। इससे पूर्व 15 अप्रैल को कोर्ट में तिवारी की ओर से डिस्चार्ज पिटिशन दाखिल किया गया था। उल्लेखनीय है कि मिडडे मील के करीब 100 करोड़ एसबीआई धुर्वा ब्रांच से भानू कंस्ट्रक्शन के 34 खातों में अवैध तरीके से स्थानांतरित कर दिये गये थे। इसको लेकर पहले धुर्वा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। बाद में मामले की जांच सीबीआई ने अपने हाथ में ले ली। वर्ष 2021 में ईडी ने केस दर्ज कर टेकअप किया है।

# रेलवे मेंस कांग्रेस कार्यालय में इफ्तार पार्टी की गई आयोजित

नवीन मेल संवाददाता। मुरी

रमजान के पाक महीने में दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस के मुरी शाखा में दावत ए इफ्तार का आयोजन किया तथा आपसी भाईचारे और प्रेम का संदेश देते हुए हर समुदाय के रेलवे कर्मचारी समेत आमजन शामिल हुए।ज्ञात रहे की रमजान के पाक महीने में मुस्लिम समुदाय लगातार एक महीने रोजे रखते हैं रोजा रह कर लोग भूख प्यास की शिद्दत से इबादत करते हैं इसी सन्देश को भाईचारे की मिसाल पेश करते हुए इस इबादत में आम जनमानस की भागीदारी दावत ए इफ़्तार के जरिए दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस मुरी शाखा में किया गया। यह पाक महीना लोगों को प्रेरणा देता है के गरीबों और जरूरतमंदो की सहायता हमेशा करती रहनी चाहिए। इस्लाम धर्म के लिए रमजान को पवित्र महिना माना जाता



है। इस पवित्र महीने में इस्लाम में आस्था रखने वाले लोग नियमित रूप से रोजे यानि उपवास रखते हैं। इस दौरान दिनभर कुछ भी खाना या पीना मना होता है।रमजान इस्लामी कैलेंडर का नौवा महिना होता है इबादत करना, रोजा रखना, भोजन करवाना और आपसी मेल मिलाप बनाये रखना इस त्यौहार की प्रमुख विशेषता है।अरबी में रोजा को ह्यसौमह्ण कहा जाता है जिसका अर्थ है परहेज करना ना केवल खाने पिने से बल्कि बुरे काम, बुरी सोच और बुरे शब्दों से भी। इसलिए रोजे सिर्फ शारीरिक परहेज नहीं है बल्कि एक इंसान के शरीर और रूह का रोजे के भाव की तरफ एक जिम्मेदारी है।रोजा सबके लिए एक फर्ज है जिसे रखने से आत्मा की शुद्धि, अल्लाह/ईश्वर की तरफ पूरा ध्यान और कुबार्नी का अभ्यास होता है जिससे आदमी किसी भी तरह के लालच से खुद को दूर रखने में कामयाब हो पाता है।

# कर्नाटक चुनाव में भाजपा के 9 सांसद-विधायक बहा रहे पसीना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कर्नाटक विधानसभा चुनाव में झारखंड भाजपा के 9 सांसद-विधायक पसीना बहा रहे हैं। झारखंड से गये नेताओं को मुख्य रूप से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के गढ़ गुलबर्गा (कलबुर्गी) में किलाबंदी करने की जिम्मेदारी मिली है। झारखंड से सांसद आदित्य साहू, निशिकांत दुबे, सुनील सिंह, विधायक मनीष जायसवाल, बिरंची नारायण, अनंत ओझा, कोचे मुंडा और नीरा यादव यहां कैंप कर रहे हैं। पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू भी चुनाव प्रचार में हिस्सा ले रहे हैं। झारखंड से गये नेता गुलबर्गा जिले के गुलबर्गा दक्षिण, गुलबर्गा उत्तर, चित्तापुर और सेदम में चुनाव प्रचार, जनसंपर्क, सांगठनिक बैठकों, चुनावी सभाओं में तो हिस्सा ले रहे हैं। इसके अलावा अपने-अपने समाज और जाति से जुड़े संगठनों के नेताओं और बुद्धीजीवियों से भी



संपर्क कर भाजपा के पक्ष में माहौल तैयार कर रहे हैं। गुलबर्गा जिला मल्लिकार्जुन खड़गे का गढ़ माना जाता है। वे यहां से 2014 और 2009 में लोकसभा का चुनाव जीत चुके हैं। वहीं उनके पुत्र प्रियंक खड़गे गुलबर्गा के चित्तापुर विधानसभा सीट से कांग्रेस के विधायक हैं। इस सीट से मल्लिकार्जुन भी चुनाव जीत चुके हैं। चित्तापुर में 1952 से 2008 तक कांग्रेस 12 बार चुनाव जीत चुकी है। 2009 में एक बार भाजपा ने यहां सेंधमारी की थी। 2013 और 2018 में प्रियंक खड़गे यहां से लगातार दो बार चुनाव जीते हैं। चित्तापुर में झारखंड से राज्यसभा सांसद आदित्य साहू एक हफ्ते से कमान संभाले हुए हैं। उनके साथ कोचे मुंडा भी चुनाव अभियान में पसीना बहा रहे हैं। सांसद निशिकांत दुबे गुलबर्गा उत्तरी और गुलबर्गा दक्षिणी विधानसभा में लगातार दौरा कर रहे हैं। निशिकांत ब्राम्हण और राजपूत नेताओं और संगठन के लोगों से मिलकर उन्हें भाजपा के पक्ष में लाने की कोशिश कर रहे हैं। गुलबर्गा दक्षिण में 2018, 2013 और 2008 में लगातार तीन बार भाजपा ने जीत दर्ज की है।

## झारखंड हॉकी टीम का ट्रायल 29 को रांची में



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ओड़िशा के राउरकेला में 13 से 28 मई तक आयोजित 13वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप के लिए झारखंड टीम के गठन हेतु हॉकी खिलाड़ियों का चयन ट्रायल 29 अप्रैल को सुबह 7 बजे से एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम बरियातू गर्ल्स हाई स्कूल रांची में होगा। इसमें झारखंड के वैसे पुरुष हॉकी खिलाड़ी भाग ले सकते हैं, जिनकी जन्म तिथि 1 जनवरी 2007 या उसके बाद हो। ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को अपने साथ नगर निगम या ग्राम पंचायत द्वारा निर्गत जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा जिन खिलाड़ियों का हॉकी इंडिया में पूर्व से निबंधन नहीं है, वे हॉकी इंडिया द्वारा जारी किए गए फॉर्मेट में डॉक्टर द्वारा अनुप्रमाणित उम्र पात्रता प्रमाण पत्र तथा जिस विद्यालय में वर्तमान में पढ़ाई कर रहे हैं, उस विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा निर्गत बोनोफाईड प्रमाण पत्र साथ में लाना अनिवार्य है।

# गड्ढा खोदो अभियान का शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो प्रखंड के पुरियो गांव में गुरुवार को लाभुक गुजरी उरांव के जमीन में बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत के गड्ढा खोदो अभियान के अंतर्गत गड्ढा खुदाई कर योजना का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रमुख विनीता कच्छप बीडीओ डा प्रवीण कुमार, मुखिया नीरज कुजुर व ग्राम प्रधान जयराम कच्छप के द्वारा किया गया।इस दौरान 15वें वित्त आयोग एवं मनरेगा के अभिसरण से निर्मित सोक पिट निर्माण का निरीक्षण किया गया एवं इस में प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। वही उत्क्रमित मध्य विद्यालय केशा पुरियो का भ्रमण किया गया जिसमें प्रभारी शिक्षक को बच्चों की शिक्षा व मिड डे मील में आवश्यक सुधार हेतु निर्देश दिया गया। साथ ही सेमरा में पोटो हो खेल विकास योजना में मैदान के निर्माण कार्य व ड्रेसिंग रूम का कार्य अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।पुरियो गांव में विजय कच्छप के प्रधानमंत्री आवास योजना को देखकर काफी सराहना किया गया। अन्य लाभुकों को उन्हीं के जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना निर्माण करने का निर्देश दिया गया। बीडीओ ने प्रत्येक गुरुवार नियमित रूप से रोजगार दिवस का आयोजन करने ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने की बात कही।


ई - प्रोक्योरमेन्ट सेल, मुख्य अभियंता का कार्यालय
कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, रांची

ई-प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

टेन्डर रेफरेन्स नं0– BCD/CE/07/Chaibasa/2023-24 दिनांक– 20.04.2023

| Sl.No | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Additional work at Sub Division 10 Court Building Porahat (Chakardharpur) at West Singhbhum in Chaibasa Judgeship | Rs.2,00,62,615.00 | 11 माह |
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 26.04.2023 | |
| 3 | वेबसाइट पर बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 10.05.2023 up to 11:00 A.M | |
| 4 | निविदा प्रकाषित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल, मुख्य अभियंता का कार्यालय, कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची। | |
| 5 | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9631476651 | |
| 6 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9905899979 | |

किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
• अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
Note: UCAN Registration is mandatory for the Bidders

नोडल पदाधिकारी, ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल
मुख्य अभियंता का कार्यालय, कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग
भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची

PR 295642 Building (23-24)_D



Government of Jharkhand
Urban Development & Housing Department
Office of the Gumla Nagar Parishad, Gumla

आम–सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर परिषद, गुमला क्षेत्रान्तर्गत नगर परिषद, गुमला के स्वामित्व वाली दुकानों का आवंटन लॉटरी के माध्यम किया जाना है। इस निमित निम्न रूपेण तिथि निर्धारित की जाती है :–

A.Date of Receiving of Application : 02.05.2023 to 04.05.2023 upto 05:00 P.M.
B.Date and time of Lottery : 08.05.2023 at 11:00 A.M.
C.Place of receiving and opening of Application :Office of Nagar Parishad, Gumla

| क्र० सं० | दुकान का नाम | दुकानों की संख्या | आवेदन शुल्क (रू०) | निर्धारित मासिक किराया (रू०) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ललित उरांव बस पड़ाव नए मार्केट कॉम्प्लेक्स के प्रथम तल पर स्थित दुकान | 6 | 2000/- | 1800/- | |
| 2 | ललित उरांव बस पड़ाव स्थित उत्तर मुख वाली दुकान | 4 | 2000/- | 2000/- | |
| 3 | ललित उरांव बस पड़ाव पथ पर स्थित दुकान | 1 | 2000/- | 1500/- | |
| 4 | जशपुर रोड में परमवीर अलबर्ट एक्का स्टेडियम के बाहर स्थित दुकान | 1 | 2000/- | 3000/- | |

नोट :– नियम एवं शर्त्त कार्यालय नोटिस बोर्ड में देखी जा सकती है।

कार्यपालक पदाधिकारी
गुमला नगर परिषद, गुमला

PR 295597 (District)23-24*D


**प्रेरणास्त्रोत** आम उत्पादन में गुफू गांव ने राष्ट्रीय स्तर पर बनाई पहचान

# आज गांव हुआ आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर

**अनिल मिश्रा। खूंटी**

कभी घोर उग्रवाद का दंश झेल चुके तोरपा प्रखंड का एक अति पिछड़ा गांव है गुफू, जहां जाने के लिए आज भी एक भी पक्की सड़क तक नहीं है। आज इस गांव ने मेहनत के बल पर आम उत्पादन में खूंटी जिला और झारखंड ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान बना ली है।

गुफू गांव खूंटी जिले का सबसे बड़ा आम उत्पादक गांव बन गया है। आज भी गांव में 20-25 एकड़ में बाग आम की खुशबू से महक रहे हैं। गांव में मालदा, आम्रपाली सहित अन्य किस्मों के सैकड़ों पेड़ों पर आम इस तरह लटके हुए हैं, जिसे देखने की एक अलग ही अनुभूति होती है। गांव के आम उत्पादक किसान महेश्वर सिंह बताते हैं कि आम के कारण आज



पूरा गांव आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो गया है। गांव के किसानों ने स्वयंसेवी संस्था प्रदान के तकनीकी सहयोग और प्रशिक्षण लेकर सामूहिक रूप से आम की खेती शुरू की। उनकी मेहनत रंग लाई और हर साल आम का अच्छा उत्पादन होने लगा और अच्छी किस्म का आम होने के कारण बाजार में कीमत भी अच्छी मिलने गली। अब तो रांची, खूंटी के अलावा ओडिशा के व्यापारी भी गांव पहुंच कर आम खरीदकर ले जाते हैं। उन्होंने बताया कि सिंचाई के लिए गांव में कई डोभा और तालाब का निर्माण कराया गया है। जिला प्रशासन भी गांव में आम की खेती को लगातार बढ़ावा दे रहा है। महेश्वर सिंह बताते हैं कि देश और विदेश से जब भी कोई बड़े अधिकारी राजदूत आदि बागवानी देखने खूंटी आते हैं, तो उन्हें गुफू गांव की ही आम बागवानी को जिले के अधिकारी दिखाते हैं। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की पत्नी हिलेरी क्लिंटन सहित कई विदेशी मेहमान और कई देशों के राजदूत इस गांव में आ चुके हैं।

**17 एकड़ में लगे आम को 6.30 लाख में बेच चुके हैं ग्रामीण**

महेश्वर सिंह ने बताया कि इस वर्ष रांची के डेली मार्केट के एक व्यापारी ने 17 एकड़ के बाग में लगे आम को छह लाख तीस हजार रुपये में खरीद लिया है। जिस समय आम में टिकोरे आ रहे थे, उसी समय व्यापारी ने पूरे बागान के आम को खरीद लिया है। दवा का छिड़काव से लेकर सिंचाई तक सभी कुछ व्यवसायी द्वारा ही किया जा रहा है। इसके एवज में गांव वालों को मजदूरी भी मिलती है।

**तीन हजार एकड़ क्षेत्रफल में लगी है आम की फसल**

ग्रामीण विकास के क्षेत्र में काम कर रही स्वयंसेवी संस्था प्रदान के अधिकारी रवि रंजन कुमार बताते हैं कि खूंटी की मिट्टी आम खासकर आम्रपाली किस्म के लिए काफी उपजाऊ है। आज खूंटी जिला आम के उत्पादन में एक अलग पहचान बना चुका है। उन्होंने बताया कि गुफू के अलावा, गोपला, बांदू, ईचा, मरचा, सोसो, सुंदारी सहित विभिन्न गांवों के तीन एकड़ क्षेत्रफल में आम की खेती की गई है। उन्होंने कहा कि मौसम की बेरुखी के कारण इस वर्ष अन्य वर्षों की तुलना आम का कम उत्पादन होने की संभावना है।

# मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक स्थगित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार को हाई लेवल बैठक करने वाले थे लेकिन ऐन वक्त पर यह बैठक स्थगित हो गई है। हालांकि आने वाले समय में यह बैठक होगी, जिसमें चालू वित्तीय वर्ष के लिए एक्शन प्लान बनाया जाएगा। बता दें कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य में चल रहे सरकारी योजनाओं की समीक्षा के लिए गुरुवार को उच्च स्तरीय बैठक बुलाई थी लेकिन यह बैठक अंतिम समय में स्थगित कर दी गई है। दोपहर 2 बजे से झारखंड मंत्रालय में होने वाली समीक्षा बैठक की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई थी लेकिन ऐन वक्त पर यह टल गया।इस बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुख्य रूप से वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान राज्य में हुए महत्वपूर्ण योजनाओं पर खर्च की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करने वाले थे। इसके अलावा बैठक में वित्तीय वर्ष 2023- 24 के लिए एक्शन प्लान भी बनाने की तैयारी थी। समीक्षा के दोनों बिंदुओं पर विस्तृत कार्य सूची हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी में सभी विभाग से प्राप्त कर ली गई थी लेकिन मुख्य सचिव कार्यालय को पहले बैठक 2 बजे के बजाय 3 बजे बैठक होने की सूचना दी गई उसके बाद मुख्यमंत्री कार्यालय से आज की बैठक स्थगित करने की जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा राज्य में चल रहे विकास योजनाओं और इस वित्तीय वर्ष के एक्शन प्लान की समीक्षा सोमवार को होने की संभावना है। इस बैठक में मुख्य सचिव, गृह सचिव, कार्मिक सचिव, विकास आयुक्त के अलावा विभिन्न विभागों के सचिव के मौजूद रहने की संभावना है, विभागीय सचिवों के द्वारा योजनाओं की जानकारी बैठक में रखी जाएगी।इसके अलावा चालू वित्तीय वर्ष के लिए कार्य योजना से मुख्यमंत्री को अवगत कराया जाएगा। कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग के द्वारा विभिन्न विभागों में खाली पड़े पदों की जानकारी भी दी जाएगी। जानकारी के मुताबिक राज्य सरकार के विभागों में 4 लाख 66 हजार 000 नियमित स्वीकृत पद हैं। इसके मुकाबले 1 लाख 79 हजार कर्मचारी ही कार्यरत हैं। कई विभाग ऐसे हैं जहां 50 फीसदी से अधिक कर्मचारियों और पदाधिकारियों की रिक्ति लंबे समय से हैं। सबसे ज्यादा कर्मचारियों और पदाधिकारियों की कमी से कृषि विभाग जूझ रही है जहां 72 फीसदी रिक्तियां हैं। इसके साथ ही राज्य में मॉडल स्कूल की स्थिति, किसान पाठशाला सहित राज्य सरकार के कई ड्रीम प्रोजेक्ट की अद्यतन स्थिति से मुख्यमंत्री अवगत होंगे। केन्द्र सरकार की योजनाओं की समीक्षा भी मुख्यमंत्री के इस उच्च स्तरीय बैठक में होने है, जिसमें भूमि अधिग्रहण की वजह से लंबित हो रहे योजनाओं के बारे में भी चर्चा होने की संभावना है। बता दें कि इससे पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 19 सितंबर 2022 को विभागवार समीक्षा बैठक की थी, जिसमें कई निर्देश दिए गए थे।

## स्मार्ट मीटर लगने के बाद एसएमएस आने जरूरी है

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के जिन कंज्यूमरों का स्मार्ट मीटर लगा दिया गया है, उन्हें जेबीवीएनएल की ओर से उनके खाते की विवरणी के बारे में एसएमएस के माध्यम से स्वागत संदेश भेजा जा रहा है। वैसे उपभोक्ता जिनका स्मार्ट मीटर लग गया है और वे पंजीकृत मोबाइल नंबर बदलाना चाहते हैं या फिर उन्हें स्वागत संदेश प्राप्त नहीं हो रहा है, तो वे निकट के डिवीजन एवं सबडिवीजन कार्यालयों से संपर्क स्थापित कर सकते हैं। स्मार्ट मीटर के कंज्यूमर खुद ही इस प्रक्रिया से रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

11 अंकों की उपभोक्ता खाता संख्या की सहायता से स्मार्ट प्रीपेड उपभोक्ता स्वयं को पंजीकृत कर स्मार्ट प्रीपेड उपभोक्ता लॉग इन पोर्टल पर लॉग इन कर सकते हैं। सबसे पहले स्मार्ट प्रीपेड उपभोक्ता को रजिस्टर बटन पर क्लिक करके पंजीकरण करना होगा और आवश्यक विवरण भरना होगा। इसके अलावा, 11 अंकों की उसी स्मार्ट प्री-पेड खाता संख्या के साथ उपभोक्ता अपने खाते में लॉग इन कर सकते हैं और अपनी स्मार्ट प्री-पेड खाता की जानकारी देख सकते हैं। उपभोक्ता अपनी विवरण जैसे प्री-पेड कनेक्शन विवरण, दैनिक खपत और प्रीपेड वॉलेट रिचार्ज इतिहास, मांग, वोल्टेज पैरामीटर, दैनिक और मासिक बिलिंग विवरण आदि देख सकते हैं। मासिक बिलिंग के समय उपभोक्ता सब्सिडी का लाभ उठा सकेंगे। उन उपभोक्ताओं के लिए जिन्होंने पहले ही भुगतान की गई सुरक्षा राशि के साथ नए कनेक्शन के लिए आवेदन किया है। उपभोक्ता के प्रीपेड सिस्टम में शामिल होने के समय भुगतान की गई सुरक्षा राशि स्वचालित रूप से प्रीपेड वॉलेट राशि में परिवर्तित हो रही है। इसके बाद उपभोक्ताओं की दैनिक बिलिंग की जा रही है। वॉलेट बैलेंस राशि उपलब्ध वॉलेट बैलेंस से स्वचालित रूप से समायोजित हो रही है।

## अदालत की खबरें

### अधिवक्ता 25 को काला बिल्ला लगाकर करेंगे कार्य

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता 25 अप्रैल को काला बिल्ला लगाकर न्यायिक कार्य करेंगे। यह निर्णय रांची जिला बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया। रांची जिला बार संघ के महासचिव संजय विद्रोही ने गुरुवार को बताया कि इस संबंध में रांची सिविल कोर्ट के सभी वकीलों को सूचना दे दी गयी है। रांची सिविल कोर्ट के वकीलों से आग्रह किया गया है कि वे एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट की मांग को लेकर एकजुटता दिखाने के लिए काला बिल्ला लगाकर न्यायिक कार्यों में शामिल हो। उन्होंने कहा कि एक्ट लागू होने के बाद सभी अधिवक्ता अपने आप को सुरक्षित महसूस करेंगे।

### रिम्स हॉस्टल में 4 छात्राएं कोरोना पॉजिटिव

**रांची।** झारखंड में कोरोना पांव पसार रहा है। अब झारखंड के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स में 4 लड़कियां कोरोना संक्रमित पाई गई हैं। जानकारी के मुताबिक रिम्स के नर्सिंग हॉस्टल में 4 छात्राएं कोरोना पॉजिटिव पाई गई हैं। इस बीच गुमला जिले में भी कोरोना के 10 मरीजों की पुष्टि हुई है। 9 कोरोना संक्रमित बिशुनपुर और 1 चैनपुर प्रखंड से है। चैनपुर में कोरोना पॉजिटिव पाई गई महिला गर्भवती है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि झारखंड में फिलहाल 2 तरीके से कोरोना संक्रमण की जांच हो रही है। रैपिड एंटीजन व आरटीपीसीआर। स्वास्थ्य विभाग के निर्देश से फिलहाल ट्रूनेट जांच बंद है। गौरतलब है कि देश के तकरीबन सभी राज्यों में कोरोना के ताजा मामले सामने आए हैं। हालांकि, इस बार मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराने की जरूरत नहीं पड़ रही है। चिकित्सकों की सलाह पर दवाई लेने के बाद वे ठीक हो जाते हैं।

## भाजपा सरकार में थर्ड-फोर्थ ग्रेड की सभी नौकरियां झारखंडियों को

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। झारखंड में बीजेपी विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि उनकी सरकार बनते ही राज्य की थर्ड और फोर्थ ग्रेड की 100 फीसदी नौकरियां झारखंडियों के लिए आरक्षित की जाएगी। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मैं यह गारंटी के साथ कह रहा हूं। उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। कहा कि, हेमंत सरकार ने ही प्रतिवर्ष 5 लाख नौकरियों का वादा किया था। अब, जबकि युवा सड़क पर उतर कर सरकार को उनका वादा याद दिला रहे हैं तो उन्हें पीटा जा रहा है। उनका सिर फोड़ा जा रहा है। नियोजन नीति हाईकोर्ट से रद्द होने और ओबीसी आरक्षण तथा स्थानीयता विधेयक राज्यपाल द्वारा लौटाए जाने पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि चीजें विधि-सम्मत नहीं होगी तो यही परिणाम होगा। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार को कानून की परिधि में राज्य की थर्ड-फोर्थ ग्रेड की नौकरियां सुरक्षित करनी चाहिए। सभी पड़ोसी राज्यों में ऐसा किया गया है। बिहार और छत्तीसगढ़ की सरकारों ने अपने यहां तृतीय एवं चतुर्थवर्गीय नौकरियां स्थानीय युवकों के लिए संरक्षित की हैं। हेमंत सोरेन सरकार को कानून की परिधि में ऐसा करना चाहिए था। तृतीय एवं चतुर्थवर्गीय नौकरियों के लिए झारखंड से ही 10वीं-12वीं पास करने की अनिवार्यता को गलत बताते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हमने पहले ही सरकार को आगाह किया था। कहा था कि यह कोर्ट में 1 मिनट भी नहीं टिकेगा।

# रिम्स में 28 मरीजों की मौत मामले में कमेटी बनाएं: कोर्ट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जून 2018 में रांची स्थित मेडिकल कॉलेज रिम्स में जूनियर डॉक्टरों और नर्सों की हड़ताल के दौरान 28 मरीजों की मौत की जांच के लिए झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को कमेटी गठित करने का निर्देश दिया है। इस कमेटी की अध्यक्षता रिटायर्ड प्रधान जिला जज करेंगे। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को जांच कमेटी गठित कर जवाब दाखिल करने का भी निर्देश दिया है। चीफ जस्टिस संजय मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने इस मामले को लेकर दायर एक जनहित याचिका पर गुरुवार को सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया। याचिका झारखंड छात्र संघ की ओर से दायर की गई है। इसमें बताया गया है कि 1 जून



2018 को रिम्स में एक पेशेंट की मृत्यु कथित रूप से गलत ट्रीटमेंट की वजह से हो गई थी। इसके बाद मृतक के परिजनों ने प्रोटेस्ट किया था। इसे लेकर रिम्स के जूनियर डॉक्टरों और मृतक के परिजनों के बीच झड़प हुई थी। इसके बाद रिम्स में 2 जून 2018 से जूनियर डॉक्टरों एवं नर्सों ने स्ट्राइक कर दिया था। स्ट्राइक के दौरान रिम्स में संपूर्ण चिकित्सा व्यवस्था ध्वस्त हो गई थी। इस दौरान करीब 35 मरीजों का ऑपरेशन टल गया था। 600 से ज्यादा मरीज रिम्स से बगैर इलाज के वापस लौट गए थे। इलाज के बिना 28 मरीजों की भी मौत भी हुई थी।मामले को लेकर कोतवाली थाना में जिम्मेदार जूनियर डॉक्टरों एवं नर्स के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी, लेकिन जूनियर डॉक्टरों एवं नर्सों को नोटिस दिए जाने के अलावा कोई कार्रवाई नहीं हुई। याचिका में इस पूरे मामले की जांच कमेटी बनाकर करने और इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ एक्शन लेने की मांग की गई थी। इस याचिका पर पिछली सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा था कि इस मामले में क्या एक्शन लिया गया, मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने, उनके पुनर्वास करने आदि पर कोई पहल हुई या नहीं, हड़ताल करने वाले जूनियर डॉक्टरों एवं नर्सों पर कोई कार्रवाई हुई या नहीं।

## खेती में सौर ऊर्जा का उपयोग सबसे बेहतर विकल्पः डॉ. अभिजीत

**रांची।** केन्द्रीय विद्युत मंत्रालय और झारखंड नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी के तत्वावधान में किसानों और अन्य संबंधित हितधारकों के लिए एक दिवसीय जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। गुरुवार कों तोरपा के दियांकेल स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित कृषि क्षेत्र में ऊर्जा संरक्षण विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम को राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान के निदेशक डॉ अभिजीत कर ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत ने पिछले कुछ वर्षों में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में बेहतर प्रयास किये हैं और उन्हीं प्रयासों के तहत कृषि में सौर पंपों का उपयोग किया जा रहा है। स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सिंचाई के लिए सौर पंपों को बढ़ावा देने की बात करते हुए लगातार काम करते आ रहे हैं। डॉ कर ने कहा कि किसानों की सिचाईं जरूरतों को पूरा करने के लिए भारत को इस तकनीक का सर्वोत्तम उपयोग करना होगा। हमें ऊर्जा बचत पर ध्यान देते हुए कृषि ही नहीं, बल्कि घरेलू कार्यों में भी ऊर्जा बचत पर काम करना होगा। कार्यक्रम में केंद्र के प्रभारी डॉ. ज्योतिर्मय घोष ने कहा कि अधिकतर कृषि मशीनें जीवाश्म ईंधन से संचालित होती हैं, जो ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में योगदान करती हैं और बदले में, जलवायु परिवर्तन में तेजी लाती हैं। सौर, पवन, बायोमास, ज्वारीय, भू-तापीय, छोटे पैमाने पर जलविद्युत, जैव ईंधन और तरंग-जनित शक्ति जैसे नवीकरणीय संसाधनों को बढ़ावा देकर इस तरह की पर्यावरणीय क्षति को कम किया जा सकता है। जरेडा रांची के वरिष्ठ कंसल्टेंट प्रभाकर झा ने किसानों को विस्तृत रूप से लाइव वीडियो दिखाकर इसके विषय में बताया। उन्होंने ऊर्जा बचत के लिए किसानों से नए तकनीक अपनाकर खेती करने की बात कही। कार्यक्रम में केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ. राजन चौधरी, ई प्रा कु परमगुरु, आशुतोष प्रभात, राहुल लाखेर समेत 55 कृषक मित्र औरं एफपीओ, एनजीओ के कर्मी उपस्थित थे।

# ईद को लेकर सुरक्षा के किया गये पुख्ता प्रबंध

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ईद को लेकर राज्य में सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त कर दी गई है। पुलिस मुख्यालय के आदेश पर संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की गश्त तेज है। राज्य के 24 जिलों में छह हजार अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है। इसके अलावा रांची और जमशेदपुर में विशेष तौर पर बम निरोधक दस्ते, अश्रु दस्ता की तैनाती की गई है। जवानों की तैनाती 20 अप्रैल से लेकर 24 अप्रैल तक की गई है। इसे लेकर आईजी अभियान के द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। झारखंड पुलिस ने अपनी खुफिया एजेंसी को भी सक्रिय कर दिया है, ताकि उन संदिग्धों पर नजर रखी जा सके। जिनसे अमन-चैन को खतरा हो सकता है। ऐसे तत्वों पर पुलिस



समय रहते त्वरित कार्रवाई करेगी। रामनवमी के दौरान जहां-जहां विधि-व्यवस्था संबंधित परेशानियां सामने आईं थीं, वहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। जमशेदपुर, साहेबगंज और रांची जिले पर सुरक्षा बलों की विशेष नजर है। ईद पर अप्रिय घटना या सामाजिक उन्माद फैलाने वाले लोगों पर पुलिस पैनी नजर रख रही है। कोई भी व्यक्ति किसी भी तरह का भ्रम फैलाने की कोशिश करेगा तो उस पर उचित कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा पहले के सालों में जिन स्थलों पर ईद के दौरान या किसी अन्य अवसरों पर छोटी या बड़ी घटनाएं घटित हुई हैं, उन स्थानों पर विशेष नजर है। राज्य के प्रमुख नमाज अदा किये जाने वाले मैदानों में सिविल ड्रेस में स्पेशल ब्रांच और बिहार पुलिस के पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे।

### झारखंड में बिजली संकट फिलहाल खत्म, मांग के अनुरूप हो रही आपूर्ति

**रांची।** एक सप्ताह से चली आ रही एनर्जी क्राइसिस फिलहाल दूर हो गई है। इंडियन एनर्जी एक्सचेंज से करीब 400 मेगावाट अतिरिक्त बिजली लेकर झारखंड में बिजली समस्या को दूर कर दिया गया है। गुरुवार को दिन में डिमांड के अनुरूप पर्याप्त बिजली उपलब्ध रही। राज्य के सभी 57 ग्रिड, सबस्टेशनों को फुल लोड बिजली मिली। कहीं से पावर क्राइसिस के कारण लोड शेडिंग की बात सामने नहीं आयी। यहां तक की डीवीसी कमांड एरिया में भी डिमांड के अनुरूप आपूर्ति हुई। डीवीसी कमांड एरिया में भी पावर क्राइसिस फिलहाल खत्म हो गई है। धनबाद सहित पूरे डीवीसी कमांड एरिया में फुल लोड बिजली की आपूर्ति की जा रही है। ऊर्जा संचरण के एमडी और जेबीवीएनएल के डिस्ट्रब्यूशन एंड प्रोजेक्ट डायरेक्टर केके वर्मा झारखंड में पावर पोजिशन और आपूर्ति की पल-पल खुद मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

### मिड डे मील घोटाला मामले में

# संजय तिवारी की डिस्चार्ज पिटीशन पर फैसला 24 को

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मिड डे मील की करोड़ों रुपये के घोटाले में आरोपित संजय तिवारी की डिस्चार्ज पिटीशन पर ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। अब कोर्ट 24 अप्रैल को अपना फैसला सुनाएगी। सरेंडर करने के बाद संजय तिवारी फिलहाल न्यायिक हिरासत में है। इससे पूर्व 15 अप्रैल को कोर्ट में तिवारी की ओर से डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल किया गया था। उल्लेखनीय है कि मिड डे मील के करीब 100 करोड़ एसबीआई धुर्वा ब्रांच से भानू



कंस्ट्रक्शन के 34 खातों में अवैध तरीके से स्थानांतरित कर दिये गये थे। इसको लेकर पहले धुर्वा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। बाद में मामले की जांच सीबीआई ने अपने हाथ में ले ली। वर्ष 2021 में ईडी ने केस दर्ज कर टेकअप किया है। संजय तिवारी के साथ राजू वर्मा और सुरेश कुमार भी इस केस में आरोपित हैं।

### 22 और 23 अप्रैल को रांची जिला मलखंब प्रतियोगिता

**रांची।** रांची जिला मलखंब एसोसिएशन के तत्वावधान में दो दिवसीय रांची जिला पुरुष, महिला मलखंब प्रतियोगिता 22 एवं 23 अप्रैल को बंगीय सांस्कृतिक परिषद विद्यालय सेक्टर -2, धुर्वा के प्रांगण में आयोजित की जाएगी। रांची जिला मलखंब एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय झा ने बताया कि इस प्रतियोगिता के आधार पर रांची जिला सब जूनियर, जूनियर, सीनियर टीम का चयन किया जाएगा, जो आगामी माह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में रांची जिला का प्रतिनिधित्व करेगी। इस प्रतियोगिता में रांची जिला के सभी कोटि के मध्य/उच्च विद्यालय, महाविद्यालय, क्लब एवं ग्रामीण क्षेत्र की टीम भाग ले सकती है। जिन खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में भाग लेना है, वे 22 अप्रैल को सुबह दस बजे तक रांची जिला मलखंब संघ के प्रशिक्षक विवेक कुमार एवं संजय कुमार के पास अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

### विरोध: कांग्रेस के प्रभारी और अध्यक्ष को हटाने की मांग

# कांग्रेस में गुटबाजी अब भी चरम पर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में एक ओर जहां कांग्रेस पार्टी काफी मुखर होकर अपने नेता राहुल गांधी के उठाए सवालों को आम जन तक पहुंचा रही है, तो दूसरी ओर झारखंड कांग्रेस में गुटबाजी भी चरम पर है। अनुशासनहीनता के आरोप में पार्टी से निलंबित पूर्व प्रदेश महासचिव राजेश गुप्ता, आलोक दुबे, डेलीगेट्स मेंबर रहे लाल किशोर नाथ शाहदेव, रमेश उरांव जैसे कई नेता 20 अप्रैल को बापू वाटिका के समक्ष धरना देंगे और प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष को पदमुक्त करने की मांग आला कमान से करेंगे। हैरत की बात यह है कि अनुशासनहीनता के आरोप में पार्टी से निलंबित नाराज खेमा के नेताओं ने धरना के लिए जो बैनर बनवाया है, उसमें कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी और



वर्तमान अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की तस्वीर लगी है। इतना ही नहीं राज्य के वित्त मंत्री और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर उरांव की तस्वीर भी बैनर और फ्लेक्स में है। नाराज गुट के निशाने पर प्रभारी अविनाश पांडे और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुरः रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष गुरुवार को होने वाले धरना और सत्याग्रह कार्यक्रम की जानकारी निलंबित कांग्रेसी नेता आलोक दुबे ने दी। उन्होंने कहा कि हम लोग प्रदेश कांग्रेस को बचाने के लिए बापू वाटिका के समक्ष धरना पर बैठेंगे। आलोक दुबे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी किसी की जागीर नहीं है। यह विचारों की अभिव्यक्ति और सबको साथ लेकर चलने की पार्टी है। उन्होंने कहा कि एक ओर हमारे नेता राहुल गांधी ने देश जोड़ने के लिए चार हजार किलोमीटर की पदयात्रा की तो दूसरी ओर झारखंड में पार्टी को तोड़ने और कमजोर करने की साजिश रची जा रही है। पार्टी के समर्पित नेताओं को नजरअंदाज किया जा रहा है। प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष का हर निर्णय विवादित होता है। ऐसे में बापू वाटिका में प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष को पदमुक्त करने की मांग को लेकर धरना देंगे। उन्होंने कहा कि आज जो भी निर्णय हो रहे हैं, उससे कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता दुखी है। जयभारत सत्याग्रह के नाम पर प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश प्रभारी ने सिर्फ अपनी चरण वंदना करवाई है। वहीं कांग्रेस के नाराज गुट द्वारा प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश प्रभारी को पदमुक्त करने की मांग को लेकर होने वाले महाधरना को लेकर कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि जिन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई हो चुकी है, वह कुछ भी करने को स्वतंत्र हैं।

### पानी की टंकी बनाने वाली फैक्ट्री में लगी भीषण आग

**रांची।** गर्मी का प्रकोप बढ़ते ही राजधानी रांची में अगलगी की घटनाओं में तेजी आ गई है। ताजा मामला रांची के अनगड़ा थाना क्षेत्र का है, यहां एक पानी टंकी की फैक्ट्री में आग लगने की वजह से अफरा तफरी मच गई। आग इतनी भयावह थी कि उसकी लपटें दूर-दूर तक दिखाई दे रही थी। मौके पर पहुंचे आधा दर्जन दमकल के वाहनों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। क्या है मामलाः राजधानी से लगभग 45 किलोमीटर दूर अनगड़ा के गोंदली पोखर के बेरवारी स्थित जेके पॉली पानी टंकी फैक्ट्री में गुरुवार की सुबह भीषण आग लग गई, जेके पॉली में प्लास्टिक के पानी टंकी बनाए जाते हैं। इस अगलगी में कंपनी को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। अगलगी की सूचना मिलते ही अनगड़ा थाना प्रभारी ब्रजेश फायर ब्रिगेड की टीम के साथ खुद मौके पर पहुंचे।

### झारखंड में कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़कर 250 के पार

# रांची में सबसे अधिक 83 संक्रमित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती ही जा रही है। पिछले 24 घंटों में 5 ,190 संदिग्धों की कोरोना जांच में 51 नए कोरोना संक्रमित मिलने की पुष्टि हुई है। इस दौरान 13 कोरोना संक्रमित मरीज ठीक भी हुए हैं। बावजूद इसके एक्टिव केस की संख्या बढ़कर 264 हो गयी है। पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा 14 नए कोरोना संक्रमित रांची में मिले हैं, जबकि देवघर में 09, धनबाद में 08, जमशेदपुर में 08, हजारीबाग में 03, लोहरदगा में 02 और बोकारो, गढ़वा, गिरिडीह, गोड्डा, लातेहार, रामगढ़ और पश्चिम सिंहभूम में एक-एक कोरोना संक्रमित मिले हैं। पिछले 24 घंटे में जिन जिलों में कोरोना संक्रमित ठीक हुए हैं उनमें रांची के 03, पश्चिम सिंहभूम के 01, लोहरदगा के 03, लातेहार के 01, कोडरमा



के 01, गुमला के 01, धनबाद के 01 और देवघर के 03 मरीज शामिल हैं। वर्तमान समय में झारखंड के 24 में से 18 ऐसे जिले हैं जहां कोरोना के एक्टिव केस हैं। राज्य में अभी कोरोना के एक्टिव केस की संख्या 264 है। झारखंड में कोरोना वैक्सीन की किल्लत, मांग के बावजूद केंद्र ने नहीं उपलब्ध कराया टीका- झामुमोइन जिलों में नहीं है कोरोना के एक्टिव केसः राज्य के चतरा, दुमका, जामताड़ा, साहिबगंज, सरायकेला, सिमडेगा ऐसे छह जिले हैं, जहां वर्तमान में कोरोना के एक भी एक्टिव केस नहीं है। किस जिले में कितने कोरोना के एक्टिव केसः झारखंड के 24 में से 18 जिलों में अभी कोरोना के एक्टिव केस हैं। उसमें सबसे ज्यादा 83 एक्टिव केस रांची में हैं। जमशेदपुर में 54, देवघर में 22, हजारीबाग में 10, लोहरदगा में 15, कोडरमा में 05, लातेहार में 06, रामगढ़ में 07, पश्चिम सिंहभूम में 10, खूंटी में 02, गढ़वा में 05, गुमला में 09, धनबाद में 10, पलामू में 06 और बोकारो में 05 कोरोना के एक्टिव केस हैं।

NEWS इन ब्रीफ

## डंपर व ट्रेलर के बीच टक्कर, चालक घायल

**खूंटी।** खूंटी-तमाड़ रोड पर सायको थाना क्षेत्र के रोगो गांव के पास गुरुवार को एक ट्रेलर और डंपर के बीच सीधी टक्कर हो गई, जिसमें ट्रेलर का चलक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल चालक को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद सायको थाना प्रभारी दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घायल ट्रेलर चालक को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा। दो वाहनों की हुई टक्कर के बाद खूंटी-तमाड रोड जाम हो गया। कड़ी मशक्कत के बाद तीन घंटे के बाद सड़क से दुर्घटनाग्रस्त वाहन को सड़क से हटाया गया और आवागमन शुरू हो सका।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**रांची।** नगर में ओरमांझी भेड़ा पुल के समीप राष्ट्रीय उच्च पथ-33 पर बुधवार की रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइकसवार व्यक्ति की मौत हो गयी। मृतक की शिनाख्त सिकंदर गंझु (24) के रूप में की गई है और वह सीसीएल कर्मी था। बताया गया कि हजारीबाग जिले के बड़कागांव थाना क्षेत्र के देवगढ़ निवासी सिकंदर की ओरमांझी के मनातू गांव में ससुराल थी। मृतक के ससुर घुरन गंझू ने बताया कि सिकंदर बुधवार को हमारे घर आए थे। देर शाम को वह अपनी बुलेट बाइक से अपने दोस्त से मिलने ओरमांझी गए थे। वहां से लौटने के दौरान भेड़ा पुल के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें कुचल दिया।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है।

## नामकुम व टंडवा से गायब दो ट्रक रातू से बरामद

**रातू।** थाना क्षेत्र के तिलता रिंग रोड व मखमन्द्रों में पुलिस ने दो अज्ञात ट्रको को पुलिस ने जब्त किया। तिलता स्थित रिंग रोड में खड़े ट्रक संख्या CGNC-8068 में 24 टन कोयला लदा था। टंडवा पुलिस की सूचना पर रातू पुलिस ने वाहन को तिलता रिंगरोड में लावारिस हालत में बरामद किया। ट्रक का चालक व उपचालक वाहन खड़ा कर फरार हो गये थे। वही मखमद्रो चौक में पुलिस ने एक टेलर को लावारिस हालत में जब्त किया।

टेलर में रॉड लदा था। बताया जा रहा है कि यह रॉड लदा टेलर नामकुम थाना क्षेत्र से गायब हो गया था। मामले को लेकर नामकुम थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। दोनों ही मामले में किसी की गिरफ्तारी की सूचना नही है।

## एयरटेल टावर से बैटरी की चोरी कर भाग रहे ऑटो जब्त

**रातू।** थाना क्षेत्र के तिगरा स्थित एयरटेल टावर की बैटरी की चोरी कर भाग रहे ऑटो को पुलिस ने बिजुलिया से बरामद किया है। ऑटो में 22 पीस बैटरी लोड़ था। जानकारी के मुताबिक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने तड़के तीन बजे बिना नंबर के एक ऑटो को पुलिस ने पीछा किया। पुलिस को पीछा करते देख चालक में बिजुलिया में ऑटो खड़ा कर फरार हो गया।ऑटो में तिगरा के एयरटेल टावर से चुराये गये 22 बैटरी लदा था।

## टीबी मुक्त करने के लिए कार्यशाला का हुआ आयोजन

**साहिबगंज।** सिद्धो कान्हो सभागार में गुरुवार को मीजल्स रूबेला अभियान एवं टी0बी मुक्त पंचायत तथा विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित करने संबंधी एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। सिविल सर्जन रामदेव पासवान में स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार द्वारा आप सभी स्वास्थ्य की सभी सुविधाएं देने के लिए कई निशुल्क योजनाएं चलाई जा रही है। जिसमें जिले में कई योजनाओं के तहत मरीजों को लाभ दिया जा रहा है आप सभी भी सरकारी योजनाओं का लाभ लें एवं की जानकारी रखें।उन्होंने बताया कि किडनी मरीजों के लिए डायलिसिस यूनिट निःशुल्क है।

### अंधेरी रात में भूखे प्यासे भटक रहे थे मजदूर

# थानेदार ने दुकान खुलवा कर खाने-पीने की कराई व्यवस्था

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**



अंधेरी रात, शहर की सुनसान सड़क। उसपर एक दर्जन से अधिक अनजान लोग। पहली दफा ये लोग संदिग्ध लगे। लगा कि किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए शहर में भटक रहे हैं, लेकिन जैसे ही पड़ताल हुई तो जांच कर रहे पुलिस अधिकारी ने ना सिर्फ इन्हें आश्रय दिया, बल्कि भोजन के साथ पानी की भी व्यवस्था करायी। यह मामला गिरिडीह शहर से जुड़ा हुआ है।

यह भी पढ़ें: पुलिस ने मिनी ट्रक से लाखों रुपये का अवैध शराब किया जब्त, दो तस्कर गिरफ्तारदरअसल, बुधवार और गुरुवार की रात लगभग 1:45 बजे नगर थाना प्रभारी रामनारायण चौधरी दलबल के साथ गश्त पर थे। इस दौरान उनकी नजर शहर के दुकान और गुमटियों के पास चक्कर काट रहे कुछ अज्ञात लोगों पर गई। वे इन अज्ञात लोगों के पास पहुंचे और पूछताछ शुरू की। पूछा, तुमलोग कौन हो और रात में इस तरह से कहां भटक रहे हो और दुकानों के आसपास क्या देख रहे हो। पुलिस के सवाल पर पहली दफा सभी डर गए। थानेदार ने फिर कहा, डरना नहीं है, क्या बात है बताओ। शालीनता से जब पुलिस पदाधिकारी ने सवाल पूछा तो अज्ञात लोगों की हिम्मत जगी और उन्होंने बताया कि वे सभी मजदूर हैं। लातेहार जिले के चंदवा के शिवपुर के समीप रेल लाइन में काम करने गए थे। सभी देवघर जिले के मधुपुर के हैं और वापस घर लौट रहे थे। 19 अप्रैल को झारखंड बंद था तो दिनभर वाहन नहीं मिला। काफी दूर तक पैदल चलने के बाद एक मालवाहक मिला, जिसने यहां तक छोड़ दिया। कहा कि अब आगे कैसे जायेंगे, यह कह नहीं सकते।दुकान खुलवा कर बिस्किट और पानी की व्यवस्था करवायी: मजदूरों ने यह भी बताया कि वे लोग भूखे हैं और भोजन की तलाश कर रहे थे। उनकी बातों को सुनने के बाद थानेदार ने पहले सभी को टावर चौक के पास ही रखवाया और उसके बाद दुकान खुलवा कर इन सभी के लिए बिस्किट और पानी की व्यवस्था करवायी। थानेदार की इस दरियादिली की खूब तारीफ हो रही है। सोशल मीडिया समेत पूरे शहर में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। थाना प्रभारी रामनारायण चौधरी ने बताया कि लोगों की मदद करना ही पुलिसिंग है। इसी सोशल पुलिसिंग के तहत मजदूरों की मदद की गई। बताया कि गुरुवार की सुबह वाली ट्रेन से सभी मजदूर मधुपुर चले गए।

# बालू की किल्लत: भाजपा का शिष्टमंडल राज्यपाल से मिला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



भाजपा के वरिष्ठ नेता और किसान ब्रिगेड के संस्थापक कर्नल सजंय सिंह ने सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ झारखण्ड के राज्यपाल से राजभवन में मुलाकात कर गरीबों के लिए बालू की किल्लत की उन्हें जानकारी दी। साथ ही उन्हें यह भी बताया कि पलामू जिले में प्रशासन के सहयोग से हो रहे बालू की तस्करी से लोगों का घर बनाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने राजभवन को अवगत कराया कि एक तरफ जहां लाभुक चार गुना ज्यादा कीमत पर अवैध बालू खरीदने को बाध्य है वहीं दूसरी तरफ सरकार द्वारा समय पर आवास निर्माण कार्य पूर्ण नहीं करने पर लाभुकों को आवास हेतु दी हुई राशि ब्याज के साथ वसूलने की धमकी दी जा रही है साथ ही उनपर प्राथमिकी करने का भी दबाब बनाया जा रहा है। कर्नल सजंय ने बताया कि राज्यपाल ने आश्वस्त किया है कि वे लोगों के लिए बालू की सहज उपलब्धता हेतु सरकार को निर्देशित करेंगे। राज्यपाल से मिलने के बाद कर्नल सजंय सिंह ने पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आवास योजनाओं में पलामू की स्थिति अत्यंत दयनीय है बालू के अभाव में लोगों की आवास योजनाएं समय पर पूर्ण नहीं हो पा रही है, नतीजन लोग तस्करी का बालू महंगे दर पर खरीदने को विवश हैं। कर्नल ने कहा कि पलामू में अगर इन गतिविधियों पर लगाम नहीं लगाया गया तो वे लोग आंदोलन करने को विवश हो जाएंगे। प्रतिनिधिमंडल में कर्नल सजंय सिंह के साथ भूनेश सिंह,ललधन ठाकुर,अजय सिंह , मनोज सिंह, सतनरायण यादव ,सुधीर सिंह पूर्व सैनिक उपस्थित थे।

## कैंसर को अधिसूचित बीमारियों की श्रेणी में शामिल करने की दिशा में पहल का आग्रह

**रांची ।** गुरुवार को रांची में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से वरिष्ठ पत्रकार श्री रवि प्रकाश ने शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपने कैंसर की बीमारी के चल रहे उपचार से संबंधित बातें साझा की । उन्होंने मुख्यमंत्री से कैंसर की बीमारी को अधिसूचित बीमारियों की श्रेणी में शामिल करने की दिशा में पहल करने का आग्रह किया। इससे इस बीमारी से ग्रसित होने वाले हर मरीज और होने वाली मौत का पंजीकरण होने के साथ संपूर्ण आंकड़ा भी सरकार के स्तर पर उपलब्ध होगा। इसके साथ कैंसर बीमारी और उससे ग्रसित मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में पॉलिसी बनाने में भी सहूलियत होगी । इस मौके पर उन्होंने खुद के कैमरे से क्लिक की गई मुख्यमंत्री की तस्वीरों का एल्बम सप्रेम भेंट की। मुख्यमंत्री ने उनका कुशल क्षेम जाना और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फाइलेरिया क्लीनिक का किया गया उद्घाटन




लापुंग। लापुंग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को फाइलेरिया क्लीनिक का उद्घाटन किया गया। फाइलेरिया क्लीनिक में प्रत्येक शुक्रवार को फाइलेरिया से संबंधित मरीजों का विशेष इलाज किया जाएगा। फाइलेरिया क्लीनिक का उद्घाटन जिला यक्ष्मा पदाधिकारी सह मलेरिया पदाधिकारी डॉक्टर एस के साबरी, लापुंग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नमिता लकड़ा, जिला कार्यक्रम समन्वयक राकेश कुमार तथा प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अमित कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर चिकित्सकों ने बताया कि फाइलेरिया से बचाव तथा उसके उपचार के लिए चिकित्सकों के द्वारा प्रत्येक शुक्रवार को परामर्श दी जाएगी और समुचित इलाज किया जाएगा। इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लेखापाल महताब अंसारी, एएनएम सुरेखा कुमारी, जसवंती बरला, इभा गुड़िया, शोभा कुमारी तथा डेजी कच्छप सहित कई स्वास्थ्य कर्मी मौके पर मौजूद थे।

## राज्य में है डर का माहौल, अफसर जनता को लूटने में लगे हैं : धर्मेंद्र तिवारी



रांची। भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा है कि झारखंड भ्रष्टाचार में डूबता जा रहा है। हर विभाग, हर अधिकारी, हर पदाधिकारी, हर कर्मचारी जनहित का कार्य न कर अपने को आगे बढ़ाने में लगा हुआ है। राज्य में डर का माहौल है। नीचे से लेकर ऊपर तक सरकार के हर स्तर के लोग भ्रष्टाचार में आकंठ डूबते जा रहे हैं। भ्रष्टाचार से जनता त्रस्त है। जनप्रतिनिधि मस्त हैं। राज्य के आईएएस भी निरंकुश हो गए हैं। किसी में कोई डर-भय नहीं है। सभी जनता का धन लूटने में लगे हुए हैं। यहां जारी एक बयान में तिवारी ने कहा कि जनहित का कार्य कैसे हो, इसके बारे में सिर्फ 5% लोग ही सोच रहे हैं। शेष लूटमार करने में लगे हैं। इससे सरकार की छवि खराब हो रही है। भारतीय जनतंत्र मोर्चा मांग करता है कि सरकार तत्काल अधिकारियों और कर्मचारियों पर लगाम लगाए। जनता का काम अधिकारी-पदाधिकारी अपना कर्तव्य समझकर करें, न की भयादोहन कर उन्हें लूट लें। मोर्चा करप्ट पदाधिकारियों पर जांच हेतु दबाव बनाएगा और जनता के सामने उनके काले कारनामों का पदार्फाश करेगा।

## रातू हुरहुरी में दावत ऐ इफ्तार का आयोजन



रातू। हुरहुरी चोंक में गुरुवार को पाक महीना रमजान के मौके पर दावते इफ्तार का आयोजन किया गया। हुरहुरी विकास समिति के अध्यक्ष मकसूदन तिग्गा व पूर्व पंचायत समिति सदस्य खलील अंसारी की ओर से आयोजित इफ्तार में बड़ी संख्या में रोजेदारों के साथ अन्य धर्म के लोगो ने भी हिस्सा लिया। दावते इफ्तार में पूर्व उपमहापौर व कोंग्रेस नेता अजय नाथ शाहदेव, विनय सिन्हा, जिप अध्यक्ष निर्मला भगत , चिंटू मिश्रा, उप प्रमुख रेयाजुल अंसारी आदि लोग विशेष रूप से मौजूद थे । इफ्तार के बाद नमाज अदा कर देश की अमन चैन के लिए दुआ मांगी गई। कार्यक्रम में खलील अंसारी,मकसूदन तिग्गा,आफताब आलम,रोजिद अंसारी,कुदुस अंसारी,जाकिर अंसारी आदि लोग मौजूद थे।

### प्रखंड सभागार में एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया

# गर्मी में व्यवस्था दुरुस्त करें अधिकारी

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**



सिल्ली प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी पावन आशीष लकडा की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक रखा गया जिसमें मुख्य रुप से सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो उपस्थित रहे। बैठक में सभी विभाग के वरीय तथा कनिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। श्री महतो ने शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और पानी पर विभागीय पदाधिकारी से वार्ता की। उन्होंने भीषण गर्मी को देखते हुए जल विभाग के एसडीओ और कनीय अभियंता को सख्त आदेश दिया कि क्षेत्र में जहां भी नलकूप खराब पड़े हैं उनका जल्द से जल्द सर्वे कर उन्हें अविलंब ठीक किया जाए ताकि ग्रामीणों को पानी की किल्लत ना हो। वही कल्याण विभाग के पदाधिकारी से भी कल्याण विभाग द्वारा जनहित में किए गए कार्यों की समीक्षा किया साथ ही साथ कल्याण विभाग द्वारा बच्चों को दी जाने वाली निशुल्क साइकिल वितरण की भी जानकारी ली। सभी विभाग द्वारा जनहित में किए गए कार्यों की समीक्षा किया तथा कृषि विभाग को निर्देश दिया गया की जिन किसानों के पास जितनी खेती योग्य जमीन है उन्हें उसी अनुपात में ऋण उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया। वहां बैठक में उपस्थित मुखिया तथा पंचायत समिति सदस्यों से कहा कि आप लोग पशुधन के तहत ग्रामीणों को गौ पालन, मुर्गी पालन, बकरी पालन तथा स्वास्थ्य संबंधी सुविधा और सरकार द्वारा संचालित सारी योजनाओं के बारे में ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को बताएं तथा प्रचार प्रसार करें ताकि लोग योजना का लाभ ले सके। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक जिला परिषद उपाध्यक्ष बीणा चौधरी, गुंज परिवार के सुनील सिंह, सिल्ली सामुदायिक अस्पताल के प्रभारी जितेंद्र महली, उप प्रमुख आरती देवी समेत क्षेत्र के विभिन्न पंचायत के मुखिया तथा पंचायत समिति सदस्य उपस्थित रहे।

## शांतिपूर्ण तरीके से ईद मनाने को लेकर डीसी ने की बैठक

**लोहरदगा।** ईद के त्योहार को देखते हुए उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक गुरुवार को जिला परिषद स्थित सभागार में हुई। बैठक में सभी प्रखण्डों से जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्य शामिल हुए। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि कि बीते माह लोहरदगा जिला में पर्व काफी सौहार्द्रपूर्ण और हर्षोल्लास के साथ मनाये गये थे। उन्होंने कहा कि ईद शांति का पैगाम देने वाला त्योहार है। इसे सभी शांति व सौहार्द्रपूर्ण तरीके से मनाएं। बैठक में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने कहा कि ईद खुशियों का त्यौहार है। सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर आप सभी नियंत्रण रखें। लोहरदगा जिला प्रशासन हमेशा आपके सहयोग के लिए तत्पर है। बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस ने ईद को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की।

# बालू उठाव व परिवहन हुआ बंद

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**



जिले में प्रशासन की लाख कोशिशों के बाद भी अवैध बालू उत्खनन और परिवहन का कार्य नहीं रुक रहा था, लेकिन जैसे ही पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप ने इंट्री मारी अवैध खनन माफिया क्षेत्र से गायब हो गए। बालू घाटों से लेकर सड़कों तक सन्नाटा पसर गया। कल तक जिन सड़को से दर्जनों हाइवा फराटे से चलते थे, आज उन्हीं सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। इससे पहले लगातार आरोप लगाए जा रहे थे कि प्रशासन बालू माफियाओं को रोकने में नाकाम रहा। रनिया, तोरपा और कर्रा प्रखंड क्षेत्र के जिन नदियों से कुछ वक्त बालू का उत्खनन होता था, वहां आज एक भी जेसीबी मौजूद नहीं है और ना ही कोई आदमी मौजूद है। अवैध खनन करने वाले माफिया स्थानीय प्रशासन के अप्रत्यक्ष सहयोग से बालू का अवैध खनन करते थे। लेकिन, अब पीएलएफआई से कैसे समन्वय बनाया जाए ये चिंता माफियाओं को सता रही है। कहा जा सकता है कि बिल्ली के गले मे घंटी कौन बांधे। पीएलएफआई से अगर माफिया तालमेल कर धंधा शुरू भी कर दें तो पुलिस तालमेल जोड़ने वाले को दबोच लेगी और अगर सिस्टम से तालमेल जोड़ ले तो पीएलएफआई उन्हें नहीं छोड़ेगी। पीएलएफआई से बात करने की कोशिश में जुटे माफियाः सूत्र बताते हैं कि माफिया पीएलएफआई से सामंजस्य स्थापित करने की जुगत में लगे हुए हैं, लेकिन फिलहाल कोई पहल नहीं होने से अवैध बालू का खनन पूरी तरह ठप है। खूंटी जिले का तोरपा, रनिया और कर्रा के अलावा मुरहू के क्षेत्रों में दशकों से अवैध खनन बदस्तूर जारी था। प्रशासन के लाख कोशिशों के बावजूद तस्करी नहीं रुक रही थी। पुलिस कभी कभार कुछ हाइवा भले ही पकड़ ले, लेकिन तस्करी रोकने में कामयाब नहीं हो पाई। मगर, पीएलएफआई की इंट्री से ही सब बंद हो गया। पुरे क्षेत्र में इस बात को लेकर चर्चा है कि पीएलएफआई संगठन का फोन आने के तीसरे दिन एक हाइवा ने एसडीओ को रौंदने की कोशिश की। लेकिन एसडीओ बाल-बाल बच गए। हालांकि मामले पर कर्रा थाना में एफआईआर दर्ज करवाई जा चुकी है, लेकिन माफिया सिस्टम की पकड़ से कोसों दूर हैं।

**स्वास्थ्य** | राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को खिलाई गई एलबेंडाजोल टैबलेट

# कृमि रोग बच्चों के लिए घातक : डॉ. नमिता लकड़ा

**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**




लापुंग प्रखंड में गुरुवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया। इस मौके पर लापुंग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नमिता ए लकड़ा ने कहा कि बच्चों के पेट में कृमि बहुत ही घातक होता है इसे जड़ से मिटाने के लिए राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान चला जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुपोषण, आंतों में रुकावट, एलर्जी इत्यादि रोग पैदा कर बच्चों की मौत का कारण भी बन सकता है। वास्तव में यह संक्रामक रोग है जो खाद्य पदार्थों की साफ सफाई ना होने या दूषित जल से फैलता है। कार्यक्रम का शुभारंभ लापुंग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी नमिता ए लकड़ा ने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में छात्राओं को एलबेंडाजोल टैबलेट खिलाकर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पूरे देश में 1 वर्ष से 19 वर्ष के बच्चों एवं किशोर किशोरियों को कृमि से मुक्ति के लिए सभी शैक्षणिक संस्थाओं तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में एलबेंडाजोल टैबलेट खिलाकर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 25 अप्रैल को मॉप अप राउंड के तहत वैसे बच्चे जो 20 अप्रैल को अभियान में छूट गए उन्हें एलबेंडाजोल टैबलेट खिलाया जाएगा। प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अमित कुमार सिंह ने बताया कि लापुंग प्रखंड कुल 36836 बच्चों को एलबेंडाजोल खिलाने का लक्ष्य है। मॉप अप राउंड तक लक्ष्य को पूरा करने का प्रयास है। कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर सुबोध कांत तथा प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अमित कुमार सिंह सहित कस्तूरबा की वार्डन प्रतिभा गुड़िया सहित नोडल शिक्षिका मौके पर मौजूद थे। वहीं लापुंग प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया, राजकीय मध्य विद्यालय लापुंग, राजकीय मध्य विद्यालय लेटे, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय चम्पाडीह, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय पोकटा, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय खटंगा, राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय डाडी, राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सरसा, राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय कोयनारा, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बलांदु, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लतरातु सहित दर्जनों विद्यालयों में एक साथ राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत सभी बच्चों को एलबेंडाजोल टैबलेट खिलाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रखंड संसाधन केंद्र की बीपीओ लीलावती तिर्की, प्रधानाध्यापक प्रकाश उरांव, जीवेश्वर साय, शशिकांत सिंह, उपेन्द्र सिंह, यू.धनेश्वर राव,बहादुर उरांव, अरसेन होरो, ऋषि तेज कुमार केरकेट्टा, सागेन होरो, अमरेंद्र कुमार राय, उदय कुमार, विनोद लकड़ा, सलीम सहाय तिग्गा सहित कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# बिरसा हरित ग्राम योजना से जीवन में हो रही है वृद्धि



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** लापुंग प्रखण्ड अंतर्गत सापुकेरा पंचायत के गरई ग्राम के अल्बर्ट बारला के जमीन पर आम बागवानी योजना में 'गड्ढा खोदो अभियान' का शुभारंभ किया गया। लापुंग के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी इमानुएल जयवीरस लकड़ा ने गड्ढा खोद कर अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना से गाँव मे हरियाली के साथ साथ लाभुकों की आजीविका में भी वृद्धि हो रही है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि लाभुक बनेंगे आत्मनिर्भर इससे देश की आत्मनिर्भरता बढ़ेगी। वहीं मौके पर मौजूद प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी मो. इम्तियाज खलील ने कहा कि बागवानी योजना से लाभुकों को प्रति वर्ष एक निश्चित आय अगले 30-35 सालों तक मिलती रहेगी साथ ही लाभुक बागवानी के साथ मिश्रित खेती करके भी अतिरिक्त आय अर्जित कर सकते है। इस मौके पर सापुकेरा पंचायत की मुखिया सविता उरांव ने कहा कि मनरेगा के तहत बागवानी की योजना ग्रामवासियों के लिए वरदान से कम नही है। उन्होंने कहा कि पहले कोई भी गरीब किसान अपने लिए बगीचा लगाने की सोच भी नही सकता था परंतु बिरसा हरित ग्राम के तहत बागवानी योजना से अब उन लोगो का बगीचा लगाने का सपना सच हो रहा है।

# डीसी ने किया गोला और दुलमी प्रखंड का दौरा, कार्यों का लिया जायजा



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
उपायुक्त माधवी मिश्रा ने गुरूवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत गोला एवं दुलमी प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने गोला प्रखंड के कुम्हारदगा एवं दुलमी प्रखंड के भयपूर क्षेत्र में डीएमएफटी अंतर्गत ऑर्गेनिक फार्मिंग परियोजना के तहत हो रहे कार्यों का जायजा लिया। मौके पर उपायुक्त ने ऑर्गेनिक फार्मिंग परियोजना के तहत अब तक हो चुके कार्यों की जानकारी परियोजना निदेशक आत्मा, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों, पीपीआई फेलो एवं चयनित एजेंसी अवतार फाउंडेशन के अधिकारियों से लेने के उपरांत जमीन की घेराबंदी, ऑर्गेनिक खेती हेतु मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने व किसानों के प्रशिक्षण सहित अन्य कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कर जैविक खेती का कार्य शुरू करने का निर्देश दिया। इस दौरान उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को परियोजना के सफल आयोजन हेतु किसानों को अच्छी तरह से प्रशिक्षण देने व ऑर्गेनिक फार्मिंग से जुड़ी उनकी किसी भी प्रकार की दुविधा को दूर करने, संबंधित क्षेत्र में अन्य जरूरतमंद किसानों को भी परियोजना से जोड़ने आदि के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने उपस्थित किसानों को ऑर्गेनिक फार्मिंग के फायदे एवं इसके माध्यम से किसानों को अपनी आय बढ़ाने सहित कई अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां देते हुए उन्हें ऑर्गेनिक खेती कर अपनी आजीविका सुदृढ़ करने के लिए प्रोत्साहित किया। ऑर्गेनिक फार्मिंग की दिशा में जिला को अग्रसर बनाने हेतु लगभग जिले के सभी प्रखंडों में संचालित हो रही है ऑर्गेनिक फार्मिंग परियोजना। परियोजना के तहत 6 प्रखंडों में 300 किसान लाभुकों को चिन्हित कर दिया जा रहा है लाभ। परियोजना के तहत ऑर्गेनिक खेती करने वाले किसानों को बेहतर बाजार एवं सही मूल्य उपलब्ध कराने का किया जाएगा।

# पूर्व विधायक ने लगाया जनता दरबार



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक ने बरही स्थित अपने पर जनता दरबार का आयोजन किया। जिसमे क्षेत्र के कई लोग उपस्थित होकर अपनी समस्याओं ने पूर्व विधायक को अवगत कराया। जिसे पूर्व विधायक ने गंभीरतापूर्वक सुनी और हरसंभव दूर करने का आश्वासन दिया। दूरभाष पर उन्होंने ने बताया कि यह एक औपचारिक जनता दरबार था। जिसमे जनहित से जुड़े कई मामले आए। ज्यादातर राशन, आवास, पेंशन, पेयजल आदि से संबंधित समस्याएं सुनने को मिला। उन्होंने कहा कि समयानुसार आगे भी दरबार लगाए जायेंगे। पूर्व विधायक के द्वारा लगाए गए जनता दरबार को लेकर क्षेत्र में चर्चा का विषय है, जिसकी भूरी भूरी प्रशंसा की जा रही है। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर आदि सहित कई भाजपा के कई कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

## बरकट्ठा के स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में मनाया गया राष्ट्रीय कृमि दिवस

# बच्चों को खिलाई गई एल्बेंडाजोल की गोली





बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के तमाम सरकारी विद्यालय समेत डिवाइन पब्लिक स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्रों पर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को लेकर 1 से 19 वर्ष के बच्चों के बीच डी वार्मिंग अर्थात अल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई। वहीं विद्यालय के शिक्षकों ने बच्चों को दवा खाने की सही विधि की जानकारी दी तथा शिक्षकों ने भी बच्चों के साथ उक्त दवा खाया।इस संबंध में प्लस टू उच्च विद्यालय के विज्ञान शिक्षक राजीव कुमार ने बताया कि कृमि संक्रमण हमारे देश के लिए एक गंभीर विषय है। इस संक्रमण से बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास पर प्रतिकूल असर पड़ता है। कहा कि निश्चित समय अंतराल (लगभग 6 माह) में कृमि नाशक दवा लेने से कृमि संक्रमण के दर को रोका जा सकता है। इस निमित्त प्रखंड के डिवाइन पब्लिक स्कूल,यूएचएस खैरियो, यूएमएस लगनवॉं, कोनहरा ,ज्वार पहाड़पुर, डूमरडीहा, पेसरा, सिजुआ, यूपीएस जलहिया, केन्दुआ1 समेत तमाम विद्यालय में बच्चों को दवा खिलाई गई। वही डिवाइन पब्लिक स्कूल के प्राचार्य भानु प्रताप सिंह ने कहा कि 6 माह के अंतराल में कृमि नाशक दवा अवश्य लेना चाहिए।कहा कि पेट में हानिकारक कीड़े होने के कारण जो ऊर्जा खान-पान के कारण मिलनी चाहिए वह पूरी तरह से नहीं मिल पाती है।ऐसे कीड़े आवश्यक पोषक तत्व को चूस लेते हैं जिससे बच्चों का सही तरीके से विकास नहीं हो पाता है। विद्यालय निदेशक आईपी भारती ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य का भी ख्याल रखना आवश्यक है।आज हमारे विद्यालय के सभी बच्चों को अल्बेंडाजोल की दवा दी गई।कहा कि कुपोषण से बचने के लिए शिक्षक अहम भूमिका निभा सकते हैं।मध्य विद्यालय बरकट्ठा के प्रधानाध्यापक रामकिशुन महतो ने कहा कि खाने से पहले हाथ को अच्छी तरह से धोना चाहिए।फल एवं सब्जियों को अच्छे से धो कर ही उपयोग में लाना चाहिए। स्वच्छ भोजन ,पानी व स्वस्थ आदतें अपनाकर ही हम स्वस्थ रह सकते हैं।

## बरही एसडीएच में मनाया गया राष्ट्रीय कृमि दिवस





**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
अनुमंडलीय अस्पताल में बच्चो को अल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर राष्ट्रीय कृमि दिवस की शुरूआत की गई। कार्यक्रम की शुरूआत नोडल पदाधिकारी डॉ अर्जुन सोरेन, डॉ एजाज, बीपीएम, बीएएम, सहिया, एचएम सुधांशु सिन्हा आदि ने उपस्थित थे। जानकारी देते हुए बीपीएम नारायण राम ने बताया कि पदमा और बरही क्षेत्र के लिए एक लाख से भी अधिक अल्बेंडाजोल की गोलियां मंगाई गई है। जिसे स्वास्थ्य कर्मी और 216 सहियायो की मदद से खिलाए जाने है। डॉ सोरेन ने जानकारी देते हुए बताया कि 3 वर्ष से नीचे वाले बच्चो को आधी गोली चुरकर जबकि 3 वर्ष से ऊपर वाले को एक गोली गिलाना है। इसके कोई भी साईड इफेक्ट नहीं है। फिर भी यदि किसी भी प्रकार की समस्या होते है तो मेडिकल टीम तत्काल सेवा देने के लिए तैयार रहेगा। वही उपस्थित सहिया को दवा खिलाने के पूर्व हैंड वाश करवाते हुए स्वय की निगरानी में ही दवा खिलाने के सलाह भी दिया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार को प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर अल्बेंडाजोल की गोलियां खिलाई गई। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय डुमरडीह, गौरियाकरमा आदि सहित विभिन्न विद्यालयों में शिक्षको की उपस्थिति में अल्बेंडाजोल खिलाया गया। केजीबीभी की वार्डेन नेहा कुमारी ने बताया की उनके विद्यालय में कुल 270 छात्राओं को अल्बेंडाजोल की गोलियां खिलाई गई। राष्ट्रीय कृमि दिवस के शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति हेतु बीते दिन बीडीओ के निर्देशन में बीएलटीफ की मीटिंग हुई थी। जिसमें सीडीपीओ, शिक्षको, जनप्रतिंधियों से लक्ष्य प्राप्ति हेतु पूर्ण सहयोग देने की बात कही गई थी। जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय कृमि दिवस के अवसर पर अनुमंडलीय अस्पताल से कुल 109236 लोगो को दवाइयां खिलाया जाने ला लक्ष्य निर्धारित है।

## दीपक गुप्ता बने कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष



**बरही**। सिंघरावा निवासी दीपक गुप्ता को कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बनाया गया है। वर्तमान में वह कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के जिला सचिव थे। वह एक तेज तर्रार, कर्मठ और युवा नेता है। पिछले कुछ वर्षो से पार्टी के प्रति समर्पण को देखते हुए प्रदेश अध्यक्ष (ओबीसी) ने उन्हें उक्त पद से नवाजा है। गुप्ता ने बताया कि वह पार्टी के सिद्धांतो और कार्यों में विश्वास करते हुए सदैव ही पार्टी हित में काम किया है और आगे भी करते रहेंगे। जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर विधायक अकेला सहित, जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, सुनील साहू, उदय केसरी, यमुना यादव आदि सहित कई लोगो ने शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी है।

## नहीं रहे समाजसेवी मदन लाल



बरकट्ठा। भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता सह समाजसेवी बरकट्ठा निवासी मदन लाल का आकस्मिक निधन गुरुवार रात्रि में हो गई। खबर फैलते ही अंतिम दर्शन के लिए लोगों की तांता लग गया। वहीं क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना मिलते ही पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव शोक संतप्त परिजनों से मिलकर गहरी शोक संवेदना प्रकट किया। पूर्व विधायक यादव ने कहा कि मदन लाल सरल स्वभाव के मृदुभाषी और व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे। बरकट्ठा ने एक राजनैतिक धरोहर को खो दिया। कहा कि उनका निधन समाज के लिए अपूर्णीय क्षति है। वहीं पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव ने कहा मदन लाल अपना जीवन समाज सेवा में व्यतीत किए।उनके किये कार्यों को भुलना कठिन होगा। विदित हो कि मृतक अपने पीछे पुत्र मीठू लाल, रतन लाल सहित पूरा भरा परिवार छोड़ गए। वहीं मृतक का अग्नि संस्कार बेलवा नदी घाट में गुरुवार को किया गया।मौके पर पंसस प्रतिनिधि संजय गुप्ता, राजकुमार नायक, दिलीप दास, दुगानंद झा, नरेश प्रसाद, त्रिवेणी यादव, सुनिल गुप्ता, चंद्रशेखर सिंह, श्याम किशोर सिंह, धीरज गुप्ता समेत आदि लोग उपस्थित थे।

## जिप सदस्य का एक दिवसीय धरना आज



**बरकट्ठा**। अंचल कार्यालय बरकट्ठा में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर जिप सदस्य कुमदेवी का एक दिवसीय धरना कार्यक्रम निर्धारित की गई है। कुमकुम ने पत्रकारों को बताया कि यह कार्यक्रम 21 अप्रैल को 10:00 बजे से 2:00 बजे तक अंचल कार्यालय बरकट्ठा के परिसर में की जाएगी। कहा कि अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार, जाति, आय, आवासीय, दाखिल खारिज, व एलपीसी तथा अन्य कार्यों में अनावश्यक विलंब हो रही है। इसी को लेकर एक दिवसीय धरना कार्यक्रम की जा रही है। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लोगों से अधिक से अधिक संख्या में आने की अपील की।

## विनय कुमार गुप्ता को मिली पीएचडी की उपाधि



**बरकट्ठा**। डॉक्टर बी आर अंबेडकर ने कहा है कि ₹शिक्षा शेरनी का वह दूध है ,जो पियेगा व शेर की तरह दहाड़ेगा₹। इस उक्ति को चरितार्थ करने वाले कलहाबाद निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक जीवाधन प्रसाद के पुत्र विनय कुमार गुप्ता ने कर दिखाया। विदित हो कि श्री गुप्ता को कोल्हान विश्वविद्यालय ने डॉक्टरेट ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी )की उपाधि प्रदान की है।इस संबंध में पत्रकारों से बातचीत में श्री गुप्ता के बड़े भाई शशि भूषण प्रसाद ,अजप्ता प्रखंड इकाई बरकट्ठा के अध्यक्ष ने बताया कि विनय वर्तमान में लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल कॉलेज जमशेदपुर में राजनीति विज्ञान के लेक्चरर पद पर कार्यरत हैं।

## श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल में मनाया गया अग्निशमन सेवा सप्ताह

# बच्चों को बताया आग पर काबू पाने का तरीका



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
शहर के श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल के प्रांगण में 20 अप्रैल को अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया गया। कैसे कड़ी सुरक्षा से हम अपनी जान बचा सकते हैं तथा भारी नुकसान से बच सकते हैं। इस क्रम में महेंद्र सिंह तथा उनके साथ आए अन्य कर्मचारियों ने अनेक प्रकार के सुरक्षा नियमों द्वारा बच्चों को इस संबंध में कई जानकारियां दी कि कैसे हम अपनी तथा अपनों की सुरक्षा को बनाए रख सकते हैं। उन लोगों ने अपने कार्यक्रम में अनेक प्रकार के पहलुओं से बच्चों को समझाया कि कैसे अचानक अगर घर में आग लग जाए तो जान को बचाया जा सकता है। विद्यालय के बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ कार्यक्रम को देखा तथा बहुत कुछ सीखा। कार्यक्रम को लेकर बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला और सभी को जानकारियां भी प्राप्त हुई। कार्यक्रम के दौरान रेत, पानी , कंबल , मिट्टी या बाल्टी से पानी आग के ऊपर डालकर आग को फैलने से रोका जा सकता है इस संबंध में जानकारी दी गई। बताया गया की फैक्ट्री या मिल में आग लगने पर बिजली का मेन स्विच फौरन ऑफ कर दें। किसी व्यक्ति के कपड़ों में अगर आग लग जाए तो उसे तौलिया से बुझाएं। कपड़ों में आग लगे हुए व्यक्ति को जमीन पर लिटाने का प्रयास करें। विद्यालय में बच्चों के साथ -साथ शिक्षक और शिक्षिकाओं ने भी सीखा कि विपरीत परिस्थिति में स्वयं को कैसे बचाया जा सकता है।

### कार्यक्रम में ये थे शामिल

कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी रामगढ़ के अध्यक्ष सरदार परमदीप सिंह कालरा , अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल , सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा , विद्यालय प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन,सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुष्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली , मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी शामिल थे।

## भारत यात्रा पर निकले साइकिल यात्री का बरही में हुआ स्वागत






**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
132 दिनों की यात्रा कर 3760 किमी की साइकिल यात्रा कर बुधवार की देर संध्या रितेश कुमार बरही पहुंचे। वह अखंड भारत दर्शन पर निकले हैं, जो छत्तीसगढ़ के रामानुजगंज जिला अंतर्गत बलरामपुर के रहने वाले है। साइकिल यात्री का बरही पहुंचने पर विहिप और बजरंग दल कार्यकर्ताओ ने स्वागत किया। साथ ही रात्रि विश्राम और भोजन की व्यवस्था की। जानकारी के अनुसार साइकिल यात्री स्वयंसेवक संघ के प्राथमिक वर्ग प्रशिक्षित स्वयंसेवक हैं। जो भारत के अलावे पाकिस्तान, अफगानिस्तान, नेपाल, भूटान, म्यांमार, बांग्लादेश, श्रीलंका सहित अन्य वैसे देशों का भ्रमण करेंगे जो भारत से कटकर अलग हुए। इस यात्रा को पूर्ण करने में 4 साल का समय लगने की उम्मीद है। वह प्रतिदिन 120 से 130 किलोमीटर की यात्रा करते हैं। मठ मंदिर या स्वयंसेवक के सहयोग से रात्रि विश्राम करते हैं।

**छानबीन** — इंस्टाग्राम पर फोटो पोस्ट किए जाने को लेकर युवक के साथ मारपीट

# कुएं में मिला युवक का शव, हत्या करने का लगाया आरोप



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत करमा नारायणपुर के कुएं में फंदे से झूलते एक 20 वर्षीय इंटरमीडिएट छात्र का शव कुजू पुलिस ने 20 अप्रैल की सुबह बरामद किया। बाद में शव को कब्जे में कर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इस संबंध में मृतक के पिता धनपत महतो ने कुजू ओपी में आवेदन देकर अपने पुत्र की हत्या किए जाने के बाद पुत्र के शव को कुएं में लटका दिए जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि पिछले 18 अप्रैल को दिन के 11 बजे सुरेंद्र महतो पिता सुरेश महतो, छोटन महतो पिता जगदेव महतो व दीपक महतो पिता शूटर महतो तीनो बूढ़ाखाप निवासी घर आए और मेरे पुत्र राजकुमार को जबरन उठाकर ले गए। आवेदन में बताया की ले जाने के बाद में उन लोगों ने बूढ़ाखाप में एक बिजली पोल से रस्सी लगाकर बांधकर आरती देवी पति नारायण महतो, नारायण महतो एवं गोविंद महतो पिता दोनों हेमलाल महतो, सुरेश महतो नरेश महतो पिता स्व बुचा महतो, रमेश महतो, सुनील महतो इन सभी लोगों ने मिलकर उसका मोबाइल छीनते हुए बेरहमी से मारपीट की। साथ ही कड़ी धूप में घंटो बांधने के साथ उठक बैठक कराया। जैसे ही हमलोगों को इसकी सूचना तो घटनास्थल पहुंचकर उसे छुड़ाकर घर लाया। बताया की 19 अप्रैल की रात में लगभग 3 बजे घर से शौच के लिए वह बाहर निकला। बहुत देर तक घर नहीं आया तो खोजबीन करने लगा। अंततः देखा कि घर के पास के कुएं में लगे बिजली के पोल के सहारे उसका शव झूल रहा है। साथ ही उसके हाथ पैर बंदे पड़े हैं। बताया की इससे लग रहा की उसकी हत्या की गई है। वहीं, बताया गया कि युवक के साथ मारपीट करने वाले लोगों की युवती ने अपने फेसबुक पर अपना फोटो अपलोड किया था। जिसे राजकुमार ने युवती के फोटो को इडिट कर अश्लील गाने के साथ फोटो को इंस्टाग्राम में पोस्ट कर दिया। जिसे देखने के बाद उक्त लोगों ने युवक के साथ मारपीट की। इधर मृतक के पिता ने पुलिस से छानबीन कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

# बरकट्ठा में परशुराम जयंती समारोह मनाने का निर्णय



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड क्षेत्र के ऐतिहासिक पर्यटन स्थल सूर्यकुण्ड धाम परिसर में परशुराम जन्मोत्सव को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुकेश कुमार पाण्डेय के द्वारा किया गया तथा संचालन रोहित लाल तिवारी ने किया।बैठक में उपस्थित लोगों के द्वारा आगामी 22 अप्रैल दिन शनिवार दोपहर 03 बजे से संध्या 05 तक सूर्यकुण्ड धाम परिसर में परशुराम जन्मोत्सव मनानें का निर्णय लिया गया। समारोह को सफल बनाने हेतु उपस्थित सदस्यों ने कार्यक्रम के प्रारूप तैयार कर विचार विमर्श किया व आपसी सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय लिया। बैठक में मुख्य रूप से जिप प्रतिनिधि चंद्रकांत पाण्डेय, विश्व हिंदू परिषद पंचायत बेलकप्पी अध्यक्ष सुरेश कुमार पाण्डेय,पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राजकुमार गिरि, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि अजीत कुमार पाण्डेय, बेसिक स्कूल बेलकप्पी प्रबंधन समिति अध्यक्ष संतोष कुमार पाण्डेय, पत्रकार संतोष पाण्डेय, तरूण पाण्डेय, रामस्वरूप पाण्डेय, दीपक पाण्डेय, सोनू पाण्डेय आदि लोग उपस्थित थे।

# लोहरदगा के कुडू में तालाब में मिला नवजात का शव

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**

प्रखंड क्षेत्र के बढकी चापी गांव में गुरुवार की सुबह एक तालाब में नवजात शिशु का शव पाया गया। शव देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा था कि जन्म के बाद फेंक दिया गया हो। नवजात का शव मिलने की खबर गांव में आग की तरह फैल गयी और देखते ही देखते भारी संख्या में ग्रामीण छठ तालाब पहुंच गए। अंदाजा लगाया जा रहा है कि किसी कलयुगी मां ने जन्म देने के बाद लोकलाज के डर से तालाब में डाल कर चली गयी होगी। सूचना पर एएसआई रविन्द्र भगत, हवलदार आरपी साहू ने पहुंचकर शव को बाहर निकलवाया और जरूरी कारवाई के बाद जितिया टंगरा स्थित शमशान में दफन करवा दिया है और मामले की जांच में जुट गई है।

## पहले भी कुडू में लावारिस हालत में मिले हैं बच्चे

कुडू में लावारिस हालत में बच्चा मिलने की यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई बार अलग-अलग जगह पर नवजात शिशु मिलते रहे हैं। वर्ष 2016 में 3 मई को कुन्दो जंगल में पत्ते से ढकी एक 3 माह की बच्ची मिली थी और इसके ठीक 3 दिन बाद ही 7 मई पंडरा गाँव के तालाब में एक नवजात का शव बरामद किया गया। 9 मई को ननतिलो गांव में एक 3 माह की ही बच्ची लावारिस हालत में फेंकी मिली थी। फिर 9 अगस्त 2020 को चंदलासो गांव के शमशान में मिट्टी में नवजात दबाया हुआ मिला था। लेकिन आज तक पता नहीं चल पाया है कि इन नवजात बच्चों के मां-बाप कौन है?

## बच्चे की तालाब में डूबने से मौत

**सेन्हा।** थाना क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत स्थित तोड़ार ग्राम के कुसुम चौरा में तालाब में नहाने के दौरान नाबालिक बच्चे की डूबने से मौत हो गई। मृत बच्चे की पहचान तोड़ार निवासी राजेश जयसवाल के 10 वर्षीय पुत्र गणेश जयसवाल के रूप में किया गया।



सूचना मिलने पर थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान दलबल के साथ तोड़ार ग्राम पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पतला भेजा। बताया जाता है कि गांव के ही अन्य बच्चों के साथ गणेश जायसवाल नहाने तालाब गया था। नहाने के दौरान डूबने से उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि इस घटना को लेकर सभी बिंदु पर जांच की जा रही है। वहीं अंचलाधिकारी विजय कुमार ने कहा जांचोपरांत पीड़ित परिवार को आपदा राहत कोष से मदद की जाएगी।

## कुएं से वृद्ध का शव मिला

**भंडरा।** प्रखंड बस्ती के नवडीहा चौक के समीप एक कुएं से पुलिस ने 64 वर्षीय एक वृद्ध का शव बरामद किया है। शव की पहचान कसपुर नवा टोली गांव निवासी स्व. विजय उरांव के 64 वर्षीय पुत्र बंदे उरांव के रूप मे हुई है। पुलिस ने शव को ग्रामीण की मदद से कुएं से बाहर निकाल कर पोस्टमाटम के लिए लोहरदगा सदर भेज दिया है । भंडरा निवासी रामवृक्ष उरांव के कुएं से गुरुवार को ग्रामीण पानी लेने गये थे। इसी दौरान शव देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना भंडरा मुखिया इंद्रदेव उरांव व भंडरा थाने को दी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# सड़क दुर्घटना में घायल बच्चे की मौत, बोलेरो चालक गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा चौक के समीप बुधवार देर शाम बाइक तथा बोलोरो में टक्कर हो गई थी। इसमें गंभीर रूप से घायल हुए 12 वर्षीय बच्चे की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं पुलिस ने बोलोरो को जब्त करते हुए चालक को गिरफ्तार कर लिया। लातेहार जिला व थाना निवासी वीरेन्द्र यादव अपनी पत्नी धनेश्वरी देवी व पुत्र अंकित कुमार को बाइक से लेकर गुमला जिला के घाघरा की ओर से घर लौट रहे थे। इसी क्रम में कंडरा चौक के समीप बोलोरो के चालक तेज व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए बाइक में टक्कर मार दी थी। इसमें अंकित कुमार गम्भीर रूप से घायल हो गया था। उसने सदर अस्पताल से रांची रिम्स ले जाने के दौरान दम तोड़ दिया। थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने बताया कि घटना के उपरांत बोलोरो चालक को गिरफ्तार किया है। वहीं अनुसंधान पदाधिकारी जमशेद खान ने बताया कि गिरफ्तार चालक कैरो थाना क्षेत्र के गराडीह निवासी नसीर अंसारी के 26 वर्षीय पुत्र तनवीर अंसारी है।

## मिक्सर मशीन की चपेट में आकर व्यक्ति की मौत

**बानो।** प्रखंड के महाबुवांग में मिक्सर मशीन की चपेट में आने से एल्ला निवासी सोमरा लकड़ा की मौत हो गई। जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक पौलुस सुरीन महाबुवांग एल्ला पहुंचे। पूर्व विधायक ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर सांत्वना दी। पीड़ित परिवार वालों के साथ महाबुवांग थाने में थाना प्रभारी हेमकिशोर गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक कर मृतक के परिजनों को मुआवजा दिलाने पर रेलवे कंस्ट्रक्शन के किसी कर्मचारी के नहीं रहने के कारण चर्चा नहीं हो सकी।

## NEWS इन ब्रीफ

### अलिंगुड में रसोइये का किया गया चयन



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के राजकीय उतक्रमित मध्य विद्यालय अलिंगुड मे रसोइया का किया गया चयन । इस मौके पर रसोईया के रूप मे बैजयन्ती देवी का चयन किया गया। इस मौके पर बताया गया कि पूर्व से ही रसोईया यग्सेनी देवी वीमारी से परेशान थी। और एक संयोजिका के रूप मे फूलेश्वरी देवी का चयन किया गया।ग्यात हो कि एक माह पूर्व ही संयोजिका के रूप मे कार्य कर रहे पारा शिक्षक स्व शांति सिंह की धर्मपत्नी का निधन हो गया था। इस मौके पर चयन करने के समय विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी सदस्यो की उपस्थिति रही। इस मौके पर बीपीओ मनमोहन गोस्वामी ने कहा कि जो भी नामांकित बच्चे है उनका शत प्रतिशत बच्चो का ठहराव सुनिश्चित करने को कहा गया।ताकि बच्चो का शिक्षण कार्य अच्छा से हो सके। साथ ही उनके जीवन का भी निर्माण हो सके। मौके पर वि प्रधान तपेश्वर प्रसाद, सत्यनारायण सिंह, गौरीशंकर सिंह एवम समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### झारखंड बंद का नहीं दिखा सिमडेगा में असर

**सिमडेगा।** भाकपा माओवादियों द्वारा 3 अप्रैल को लावालोंग में हुए पुलिस के साथ मुठभेड़ मामले में आपत्ति जताते हुए 20 अप्रैल एवं 21 अप्रैल को झारखंड बंद का आह्वान किया था जिसका असर गुरुवार को सिमडेगा में नहीं देखने को मिला ।सामान्य तौर पर सिमडेगा बस स्टैंड से खुलने वाली रांची एवं राहुल केला तथा छत्तीसगढ़ के लिए जाने वाली सभी बसें सामान्य तौर पर चलती रही ।इसके अलावा सिमडेगा में प्रत्येक दिन की भांति खुलने वाली सभी दुकानें खुली रही एवं सप्ताहिक बाजार सिमडेगा भी लगा रहा बंद को लेकर सिमडेगा में किसी प्रकार की कोई भी असर नहीं मिला। हालांकि सिमडेगा जिला के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा बारीकी से क्षेत्रों पर नजर रखी गई।

## जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक में उपायुक्त ने की अपील

# शांति से मनाएं ईद का त्योहार

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद की अध्यक्षता में गुरुवार को ईद को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक जिला परिषद स्थित सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सभी प्रखंडों से जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्य शामिल हुए। उपायुक्त ने कहा कि कि बीते माह लोहरदगा जिले में पर्व-त्योहार काफी सौहार्दपूर्ण और हर्षोल्लास के साथ मनाये गये, जिसमें शांति समिति की पूरी टीम का योगदान रहा। प्रत्येक त्योहार में जिले ने एक मिसाल कायम की। ईद को भी शांति से मनाएं।

वहीं पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने कहा कि बीते एक वर्ष से लोहरदगा जिला में पर्व-त्योहार काफी शांतिपूर्ण तरीके से मनाये गये जिसके सभी बधाई के पात्र हैं। आप सभी ने एक-दूसरे का विश्वास हासिल किया और प्रशासन का भी। छोटी-छोटी सूचनाएं सही समय पर सभी जगह से मिलती रहीं जिसके कारण सभी चीजें ठीक रहीं। सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर आप सभी नियंत्रण रखें। लोहरदगा जिला प्रशासन हमेशा आपके सहयोग के लिए तत्पर है। बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस ने ईद की सभी को बधाई दी और ईद का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने बीते माह त्यौहारों को शांतिपूर्ण तरीके मनाये जाने के लिए सभी सदस्यों का धन्यवाद दिया। पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक में उपायुक्त ने सभी प्रखंडों में फ्लैग मार्च कराये जाने का निर्देश दिया। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) परमेश्वर प्रसाद, सभी कार्यपालक दंडाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी के साथ-साथ अंजुमन इस्लामिया, महावीर मंडल के सदस्य, प्रखण्ड स्तरीय शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### कैरो थाना पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**कैरो : अंचलाधिकारी कमलेश उरांव, प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो, थाना प्रभारी हरिऔध करमाली की संयुक्त अगुवाई में गुरुवार को कैरो थाना पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला।**

### सदस्यों ने रखी बात

शांति समिति के सदस्यों ने बैठक के दौरान आश्वस्त किया गया कि ईद शांति व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनायी जाएगी। अंजुमन इस्लामिया, लोहरदगा की ओर से बताया गया कि जिला में ईद की नमाज ईद के दिन सुबह 7.30 बजे से 8.30 के बीच विभिन्न मस्जिदों पढ़ी जाएगी।

### नमाज पढ़ने का समय

**कैरो।** ईद की नमाज अदा करने को लेकर समय तय कर ली गई है। कैरो ईदगाह कमेटी के सदर मुबारक हुसैन ने बताया कि कैरो ईदगाह में सुबह 8 बजे, हनहट के सदर अतीक अहमद ने बताया कि हनहट ईदगाह में सुबह 7.30 बजे, गराडीह अंजुमन के सदर नेसार खान ने बताया कि गराडीह ईदगाह में सुबह 7.30 बजे, गितिलगढ़ के सदर अफरोज अंसारी ने बताया कि गितिलगढ़ मस्जिद में सुबह 7 बजे ईद की नमाज अदा की जाएगी। इसी तरह नरौली, चरीमा, नगजुआ, अम्बवा, नगड़ा आदि मुस्लिम गांवों के ईदगाहों व मस्जिदों में सुबह 7 बजे 8 बजे के बीच ईद की नमाज अदा कर ली जाएगी।

# अफवाहों पर ध्यान न दें, भाईचारे के साथ मनाएं ईद : अंचलाधिकारी

## सिमडेगा जिले के विभिन्न थाना परिसरों में हुई शांति समिति की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग**

कुरडेग थाना परिषर में गुरुवार को शांति समिति की बैठक अंचल अधिकारी कृष्ण मुरारी तिर्की एवं संचालन थाना प्रभारी मुन्ना रमानी की अध्यक्षता में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए अंचल अधिकारी ने कहा कि ईद का पर्व सिर्फ मुस्लिम भाइयों का नहीं, बल्कि हम सभी क्षेत्र वासियों का है। जिस तरह पुर्व में सभी त्योहारों को एकजुट होकर एक दूसरे का सहयोग कर मनाते आए हैं उसी तरह आगे भी सहयोग करते रहे। ईद का पर्व आपसी एकता और भाइचारे के प्रतिक पर्व है, सभी लोग आपसी एकता और सौहार्द पूर्वक पर्व को मनाएं। उन्होंने कहा कि पर्व के मद्देनजर किसी को कहीं भी किसी प्रकार की सूचना मिले तो वे इसकी जानकारी प्रशासन को दें। शांति व्यवस्था में प्रशासन का सहयोग करें। अफवाहों पर ध्यान नहीं दें।

जिला परिषद उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा ने कहा कि कुरडेग का इतिहास रहा है कि यहां सभी धर्मो के पर्व त्योहार शांति एवं सौहार्द पूर्वक आपसी भाइचारे के साथ मनाते आएं हैं और आगे भी यही परम्परा कायम रहेगी। वहीं थाना प्रमारी मुन्ना रमानी ने कहा कि ईद का पर्व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाया जाना चाहिए। इस



मौके पर अगर कोई भ्रामक सामग्री सोशल मीडिया में भेजकर माहौल बिगाड़ने का या किसी प्रकार की अफवाह फैलाने का प्रयास करता है और माहौल बिगाड़ता है तो उसके साथ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। बैठक में कुरडेग मुखिया उमीर्ला कुजूर, वार्ड पार्षद अयुब अंसारी, पुर्व मुखिया फ्रांसीस खलखो, मकसूद आलम एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### ठेठईटांगर थाने में हुई शांति समिति की बैठक

**ठेठईटांगर।** ईद पर्व को लेकर ठेठईटांगर थाना परिसर में गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से अंचल अधिकारी समीर कच्छप, थाना प्रभारी कुमार इंद्रेश उपस्थित हुए। बैठक में अंजुमन के सदस्यों ने बताया कि ठेठईटांगर जामा मस्जिद में 8:45 सुबह नमाज अदा की जाएगी।

### बोलबा थाने में हुई शांति समिति की बैठक

**बोलबा।** बोलबा थाना परिसर में ईद को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज ने प्रखंड के लोगों को ईद की दी। अंचल अधिकारी बलिराम ने कहा कि लोगों से शांतिपूर्वक त्योहार मनाने की अपील की। इस मौके पर थाना प्रभारी अरुनिष रोशन, एएस आई सुनील कुमार, डॉ रंजीत कुमार डांगी आयुर्वेद, मुखिया शशिकला तिर्की, स्नेहलता केरकेट्टा, शान्ति देवी, बिनोद बड़ाईक, सतीश शर्मा, हीरालाल प्रधान, आमंत्रण माँझी, देवकुमार सिंह, मंगरु सिंह एवं अन्य लोग मौजूद थे।

# भूमापक प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**नवीन मेल संवाददता। लोहरदगा**

कुडू प्रखंड में नव भारत निर्माण संस्थान द्वारा भू मापक (अमीन) प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन गुरुवार को किया गया। भू मापक अमीन प्रशिक्षण में कुल 133 अभार्थियों ने भाग लिया था। जिसमे सात अभ्यर्थियों ने टॉप किया। टॉप करने वाले अभ्यर्थियों में सहाबुल रॉय, धनेश राम,हेमनाथ कुमार महतो, सचिस कुमार , राजेश महतो, निक्की कुमारी, प्रतिभा उरांव शामिल है। शेष 126 अभार्थियों ने भी अच्छे नंबर से पास किया। सभी को उप प्रमुख ऐनुल अंसारी के द्वारा प्रमाण पत्र देकर उनका हौसला अफजाई किया।



उनके उज्वल भविष्य की कामना किया। ऐनुल अंसारी ने कहा कि भू मापक अमीन प्रशिक्षण रोजगार का एक बढ़िया अवसर है। भू मापक अमीन की काफी कमी थी। समय पर लोगो को अमीन नहीं मिलता था जिसके कारण लोगो को जमीन नापी से संबंधित कार्य हेतु काफी दिक्कत होती थी। अब अमीन बन जाने से ये समस्या खत्म होगी।

## बालू का अवैध खनन करते दो ट्रैक्टर जब्त

**लोहरदगा।** बालू के अवैध उत्खनन और दोहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए सदर थाना की पुलिस ने गुरुवार दोपहर कुजरा नदी घाट से बालू लोड कर रहे हैं दो ट्रैक्टर को जप्त किया है ।जप्त ट्रैक्टर और चालक को पुलिस थाना ला कर कार्रवाई शुरू किया है। मिली जानकारी के अनुसार सदर थाना की पुलिस पदाधिकारी नमीता महतो सशस्त्र बलों के साथ शहर की गश्ती कर रही थी। इस दौरान उन्हें बालू के अवैध खनन की सूचना मिलने पर फौरी कार्रवाई करते हुए बालू लदा ट्रैक्टर जप्त कर लिया ।उल्लेखनीय है कि, खनन विभाग समेत पुलिस प्रशासन के दबिश बढ़ाने के बावजूद बालू का अवैध कारोबार तेजी से चल रहा है। रात होते ही अवैध बालू लदे ट्रैक्टर शहर की सड़कों पर तेजी से दौड़ते हैं।

# कृमि मुक्त बच्चों का होता है समग्र विकास : सीएस संजय कुमार

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के मौके पर शहरी क्षेत्र के थाना रोड स्थित राजकीय बालिका मध्य विद्यालय में गुरुवार को सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध ने स्कूली बालिकाओं को अल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर अभियान की शुरूआत किया। बच्चों को प्रेरित करने के लिए सिविल सर्जन ने स्वयं पहले अल्बेंडाजोल का खुराक लिया। बालिका मध्य विद्यालय में पढ़ने वाले लगभग 418 बालिकाओं को कृमि की खुराक दी गयी। इसके साथ ही लोहरदगा, किस्को, पेशरार और



सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के सभी सरकारी और निजी विद्यालय, आंगनवाड़ी में पढ़ने वाले 01 से 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक बालिकाओं को अल्बेंडाजोल की गोली खिलाया गया। इस मौके पर सिविल सर्जन संजय कुमार सुबोध ने कहा कि तीन सीएचसी के 4 प्रखंडों में 1 लाख 96 हजार 559 स्कूली बच्चों को अल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर उन्हें कृमि मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है।

## सिमडेगा में कृमि मुक्ति को लेकर 3 प्रखंडों में खिलाई गई दवा

**सिमडेगा।** सिमडेगा में गुरुवार को कृमि मुक्ति की दवा 3 प्रखंडों में मिशन अभियान के तहत खिलाया गया जिनमें कोलेबिरा जलडेगा एवं सिमडेगा ग्रामीण क्षेत्र शामिल है इस दौरान कुल 496 आंगनबाड़ी केंद्र एवं 242 विद्यालयों को चयन करते हुए 1 वर्ष से लेकर 19 वर्ष के बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई आंगनबाड़ी में आंगनबाड़ी सेविका द्वारा तथा विद्यालयों में स्कूली शिक्षकों के द्वारा दवा का सेवन करवाया गया। विरार कार्य के संचालन को लेकर सिविल सर्जन डॉ नवल कुमार एवं जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ पीपी साह सर्वप्रथम कस्तूरबा गांधी विद्यालय जलडेगा पहुंचकर वहां पर खिलाई जा रही दवा की जानकारी ली।

## बैठक | सिमडेगा उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा की समीक्षा करते हुए कहा

# स्कूली बच्चे बाइक चलाएं तो करें कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा, विधि-व्यवस्था एवं माइनिंग से संबंधित मामलों की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने पिछले माह में हुई सड़क दुर्घटना के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने यातायात नियमों के पालन सुनिश्चित कराने एवं परिवहन विभाग द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने की दिशा में किये गए कार्य की विस्तृत समीक्षा की।

जिला परिवहन पदाधिकारी ओम प्रकाश यादव ने सड़क सुरक्षा से संबंधित की गई कार्रवाई, जागरूकता अभियान, एवं दुर्घटना से संभावित वाले जगहों पर झाड़ियों की कटाई, सड़क की मरम्मती आदि की फोटोग्राफ्स के साथ अवगत कराया। साथ ही ओवर स्पीड, ड्रंक एंड ड्राइव, स्कूली बच्चों द्वारा बाइक लेकर स्कूल आने तथा बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चलाने वाले चालकों पर की गई कार्रवाई के बारे में जानकारी दिये। उपायुक्त ने



जिला परिवहन पदाधिकारी को सड़क दुर्घटना में कमी लाने हेतु जागरूकता अभियान एवं आवश्यक कार्रवाई करते रहने का निर्देश दिये। उन्होंने कोलेबिरा एवं बानो प्रखंड में सड़क दुर्घटना में अंकुश लगाने की दिशा में निरंतर जागरूकता अभियान एवं वाहन जांच अभियान चलाते रहने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने गुड सेमेरिटंस योजना के तहत दुर्घटनाओं में मदद पहुंचाने वालों को मुहैया कराई जाने वाले लाभ से संबंधित जानकारी ली। जिस पर जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष में अब तक कुल 11 लोगों को लाभ से मुहैया कराया गया है। उपायुक्त ने बैठक में सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, राष्ट्रीय उच्च के अभियंता, आरसीडी विभाग एवं सभी अंचलाधिकारी से प्रखंड स्तर पर दुर्घटना संभावित सड़क किनारे की स्थल की जानकारी देने की बात कही तथा सड़क किनारे एवं सामने से दिखाई ना देने वाले घुमावदार वालीं जगहों पर मिरर लगाने की दिशा में आवश्यक चर्चा की गई। उन्होंने हिट एंड रन, ड्रिंक एंड ड्राइविंग, एवं सड़क दुर्घटना के अंतर्गत मिलने वाले मुआवजे से संबंधित लंबित मामलों की ससमय निष्पादन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

उन्होंने अवैध बालू का उठाव ना हो इस दिशा में आवश्यक निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने सभी अंचलाधिकारियों को एसडीपीओ से समन्वय स्थापित करते हुए पुलिस बल लेकर छापेमारी अभियान चलाने का निर्देश दिया। अवैध का खनन करते हुए पकड़े जाने पर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में माननीय सांसद लोकसभा क्षेत्र खूंटी प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि उपेंद्र श्रीवास्तव, माननीय विधायक, विधानसभा क्षेत्र कोलेबिरा विधायक प्रतिनिधि मो समी आलम, सिमडेगा विधायक प्रतिनिधि संतोष कुमार, अपर समाहर्ता अमरेन्द्र सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी महेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## जमीन विवाद को लेकर दो परिवारों में मारपीट

**कैरो।** थाना क्षेत्र के ग्राम कैरो में दो परिवारों के बीच जमीनी विवाद को लेकर मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। दोनों परिवार वालो ने थाना में लिखित आवेदन देकर थाना में मामला दर्ज कराया है। अभिमन्यु प्रसाद साहू उम्र 38 वर्ष पिता स्व.जनार्दन साहू ने अपने लिखित आवेदन में कहा है कि अनिल साहू पिता स्व.बालेश्वर साहू एवं मीणा देवी पति अनिल साहू ने आवास निर्माण कर रहें दीवार को गाली गलौज करते हुए यह कह के तोड़ दिया की दीवार से मेरा खिड़की बन्द हो रहा है वंही अनिल साहू ने मेरी पत्नी को गाली गलौज करते हुए उसके कपड़े फाड़ दिया साथ ही प्रताप साहू पिता स्व.जनार्दन साहू का अण्डा चौमिन दुकान में रखे खाने का समान आदि को फेक दिया एवं मीणा देवी ने चौमिन दुकान का 2500 रुपया भी चुरा ली। कांड संख्या 18/23 धारा 427, 504, 341, 323, 354, 375, 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# कई स्कूलों में किया गया मॉक ड्रिल का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

सिमडेगा में अग्निशमन विभाग द्वारा 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह चलाया जिसके तहत जिले के विभिन्न स्कूल तथा विभिन्न शैक्षणिक संस्थान एवं अन्य जगहों पर जाकर मॉक ड्रिल का आयोजन करते हुए आग से सुरक्षित बचाव एवं उनके उपायों के बारे में जानकारी दी इधर गुरुवार को अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतिम दिन संत जॉन्स स्कूल फरसाबेड़ा, सिमडेगा, संत जेवियर्स कॉलेज सिमडेगा एवं बिरू कंम्प्लेक्स आवासीय सह व्यवसायिक भवन में आग लगने से बचाव हेतु मॉक ड्रील का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों को आग लगने के कारण एवं उसके सुरक्षित उपायों के बारे में जानकारी दी गई इस दौरान उन्हें बताया गया आग तीन प्रकार से होता है जिसमें ठोस तरल एवं द्रव इन आग से बचने के लिए हमें फायर सेफ्टी सिलेंडर का उपयोग करना है किस प्रकार से सावधानी बरतनी है इन सभी चीजों के बारे में जानकारी दी।

# हेमंत सोरेन सरकार को आइना दिखाने का काम करेगी आजसू

**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**
हक अधिकार मांगने पर लाठी डंडा से आवाज दबाने वाली हेमंत सोरेने सरकार के खिलाफ जोरदार तरीके आवाज उठाया जायेगा। यह बातें गुरुवार को ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन( आजसू) के केंद्रीय सचिव सतीश कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि झारखंड स्वभाविक राज्य नहीं, बल्कि काफी कुबार्नी बलिदान के बाद बना है। वर्तमान सरकार बालू खदान वन उपज को लुटने का कार्य कर रही है। सतीश ने कहा की जल–जगंल–जमीन से जनता का अधिकार समाप्त हो रहा है। अब तो यहां के लोगों की पहचान ही समाप्त हो गई हैं। 1932 खतियान, स्थानीय और नियोजन नीति पर नौटंकी कर जनता को गुमराह करने का असफल प्रयास किया जा रहा है। पिछड़ा वर्ग को आबादी के अनुपात में आरक्षण देने के बजाय आरक्षण समाप्त करने की साजिश रची गई। न्यायालय के आदेश की भी अवहेलना की जा रही है। युवाओं को 5 लाख रोजगार तो देना दूर की बात है अब तक बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता तक नहीं दिया गया है। महिलाओं को आत्मसम्मान तो दूर की बात है, स्वाभिमान से खेलवाड़ हेमंत सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड आज अपने जन्मकाल से काफी पिछे चली गई है। आजसू पार्टी राज्य के निर्माण से लेकर अब तक नवनिर्माण में लगी है। 30 अप्रैल को भारी संख्या में प्रदेश भर से रांची चलकर हेमंत सोरेन सरकार को आईना दिखाने का काम किया जायेगा।

## अधेड़ व्यक्ति का मिला शव, पुलिस हत्यारों की तलाश में जुटी

**मेदिनीनगर।** जिले के विश्रामपुर थाना क्षेत्र के भंडार पंचायत अंतर्गत टोना गांव में गुरुवार को राम सेवक पांडेय का शव मिला है। ग्रामीणों के अनुसार मृतक की हत्या किसी धारदार हथियार से प्रहार करके की गई है। यह मामला जमीनी विवाद से भी जुड़ा हो सकता है। घटना को अज्ञात लोगों ने अंजाम दिया है। घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत है। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच कर छानबीन में जुट चुकी है। हत्या का कारण और हत्या में शामिल लोगों का पता लगाया जा रहा है।

# चुआं खोदकर पानी लाने को विवश हैं महिलाएं



**नवीन मेल संवाददाता। बेरमो**
जिला में आसमान उगलता आग और धधकती धरती के कारण लोगों का जीना दूभर है। इसके बाबजूद इस तपती धूप में ग्रामीण महिलाएं एक किलोमीटर की दूरी तय कर पीने का पानी लाने को मजबूर हैं। यह हकीकत बेरमो अनुमंडल के नावाडीह प्रखंड अंतर्गत गोनियाटो पंचायत के ढाई हजार की आबादी वाला चिटैहिया गांव की है। गांव के कुछ दूरी पर बड़की नदी में बरसात के दिनों में पानी का बहाव अच्छा रहता है, लेकिन गर्मी आते ही वह सूख जाती है। तब गांव के लोग बालू में चुआं खोदकर पानी निकाल घर लाते हैं ताकि खाना बनाने व पीने में उपयोग कर सकें। नदी जाने के क्रम में जंगल पड़ता है जंगली जानवरों के भय से महिलाए समूह में जाती है। इससे दूरी का भी एहसास नहीं होता है और अन्य खतरों से भी निपटने का साहस बना रहता है। इस क्षेत्र में नल जल योजना की रफ्तार इतनी कम है कि पूर्ण होने में दो-ढाई साल लग सकते हैं. मुखिया अमृता कुमारी ने कहा कि जब तक पानी टंकी का निर्माण नहीं हो जाता तब तक यह संकट बरकरार रहेगा। वे अपने स्तर से गांव के चापानलों का मरम्मत कराती रहती हैं, लेकिन पर्याप्त पानी के आभाव में बड़की नदी से पानी लाने को महिलाएं विवश हैं।

# धनबाद में चाट-गोलगप्पा खाकर 150 से अधिक बीमार



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**
धनबाद जिले के बलियापुर प्रखंड के हुचकटांड़ गांव में आयोजित एक मेले में बुधवार की रात विषाक्त चाट और गोलगप्पे खाकर 1500 से अधिक लोग बीमार पड़ गये। मेला एक धार्मिक आयोजन के मौके पर लगा था और इस मौके पर कई फूड स्टॉल लगाए गए थे। फूड स्टॉल पर खाने वाले लोग बड़ी संख्या में फूड पॉइजनिंग के शिकार हो गए और उल्टी दस्त और पेट दर्द की शिकायत लेकर एसएनएमएमसीएच और शहर के अन्य अस्पतालों में इलाज कराने पहुंचे। बड़ी संख्या में मरीजों के आने के बाद एसएनएमएमसीएच प्रबंधन ने जूनियर रेजिडेंट और मेडिकल स्टूडेंट के साथ पारा मेडिकल स्टाफ को मरीजों के इलाज में लगा दिया। इधर इतनी बड़ी संख्या में लोगों के फूड प्वाइजनिंग का शिकार होने की खबर पाकर जिला प्रशासन ने भी त्वरित कार्रवाई की। जिले के उपायुक्त ने बलियापुर के सीओ रामप्रवेश को अस्पताल में भेजा। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से बीमार लोगों के बारे में बात की और उनका बेहतर से बेहतर इलाज करने को कहा। हालांकि इलाज के बाद मरीजों की स्थिति में सुधार है। घटना के संबंध में हुचुक टांड़ गांव के लोगों ने बताया कि बुधवार को गांव में भोक्ता मेला लगा था। मेले में करमाटांड़ के साथ आसपास के कई पंचायतों के ग्रामीण जुटे थे। मेले में शाम चार से छह बजे के बीच बड़ी संख्या में महिला-पुरुष और बच्चों ने एक ठेले पर चाट और फुचका खाया था। शाम होते ही लोगों की तबीयत खराब होने लगी। रात नौ बजे के करीब पहला मरीज एसएनएमएमसीएच में इलाज कराने को पहुंचा। फिर लगभग 150 मरीज इलाज के लिए पहुंचे। इसके अलावा भी कई मरीजों ने निजी अस्पतालों में इलाज कराया।



### माओवादियों का दो दिवसीय बंद बेअसर

# बाजार में खुली रही दुकानें



**नवीन मेल संवाददाता। बेरमो**
भाकपा माओवादियों के दो दिवसीय झारखंड-बिहार बंद का बेरमो कोयलांचल इलाके में बिल्कुल असर नहीं है। 20 अप्रैल को बंद के पहले दिन आम दिनों की तरह दुकानें खुली रही। सड़कों पर वाहनों का आवागमन जारी रहा। गोमिया से हजारीबाग, पेटरवार, बोकारो, रांची समेत अन्य जगहों की बसें रवाना हुई। बोकारो थर्मल में भी बंद का असर नहीं देखा गया। सड़कों पर वाहनों का आवागमन जारी देखा गया। बाजार में दुकानें खुली रही। प्लांट में उत्पादन कार्य जारी रहा। सिर्फ डीवीसी बोकारो थर्मल के ऐश पौंड से छाई ढुलाई कार्य प्रभावित रहा। नावाडीह में भी बंद का असर नहीं है। फुसरो-नावाडीह सड़क मार्ग पर वाहनों का परिचालन आम दिनों की तरह जारी रहा। बाजारों में दुकानें देखी गई। पेटरवार में भी बंद का असर नहीं देखा गया। बोकारो-रांची सड़क मार्ग पर वाहनों को आवागमन करते देखा गया। पेटरवार चौक पर सभी दुकानें खुली देखी गई। बता दें कि चतरा जिला के लावालौंग गरहे जंगल में माओवादियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई में पांच माओवादी की मौत हो गई थी। इसी के खिलाफ माओवादियों ने दो दिवसीय बंद का आह्वान किया है। मारे गए माओवादियों में 25 लाख के दो इनामी माओवादी गौतम पासवान और चार्लीस उरांव भी शामिल थे।

## एग्यारकुंड अंचल कार्यालय परिसर से बाइक की चोरी

**धनबाद।** एग्यारकुंड अंचल कार्यालय परिसर से 20 अप्रैल की दोपहर चिरकुंडा नीचे बाजार निवासी राहुल कुमार की बाइक चोरी हो गई। भुक्तभोगी राहुल कुमार जमीन से संबंधित काम के लिए अंचल कार्यालय आया था। उसने अपनी बाइक परिसर में खड़ी कर लॉक लगाकर अंदर चला गया। काम निपटा कर वापस लौटा तो बाइक गायब मिली। उसने बाइक चोरी की जानकारी सीओ व बीडीओ को दी। इसके बाद निरसा थाना में लिखित शिकायत दी। अंचल कार्यालय के मेन गेट के पास सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। बाइक चोरों की पहचान के लिए पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पुलिस ने मामले का जल्द उद्भेदन करने का दावा किया है।

## कच्छी बलिहारी में 30 टन अवैध कोयला जब्त

**धनबाद।** सीआईएसएफ ने कच्छी बलिहारी में चोरी का कोयला लोड किए जा रहे ट्रक को 19 अप्रैल की देर रात जब्त कर लिया। ट्रक पर 18 टन व अवैध डिपो में बोरियों में रखा 12 टन कोयला जब्त किया गया, जिसकी कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए आंकी गई है। सीआईएसएफ जवानों को देख ट्रक चालक, धंधेबाज व लोडर भाग निकले, जबकि ट्रक (बीआर 53 जी 2378) में अंदर सोया खलासी मंटू यादव पकड़ा गया। वह बिहार के लखीसराय का रहने वाला है। हालांकि 20 अप्रैल कीअहले सुबह शौच के बहाने वह भी भाग निकला। खलासी ने ट्रक चालक का नाम मुकेश यादव बताया था। सीआईएसएफ ने जब्त कोयला गोपालीचक कोलियरी प्रबंधन को सुपुर्द कर दिया। छापामारी का नेतृत्व सीआईएसएफ के इंस्पेक्टर अजय कुमार कर रहे थे।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को खिलाई दवा

**गिरिडीह।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर 20 अप्रैल को स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को कृमि की दवा अल्बेंडाजोल खिलाई गई। इस अवसर पर गिरिडीह कस्तूरबा गांधी बालिका में खुद सिविल सर्जन डॉ. एसपी मिश्रा, जिला शिक्षा अधीक्षक विनय कुमार, डीपीएम प्रमिला कुमारी समेत अन्य उपस्थित थे। सिविल सर्जन से अपने हाथों से बच्चों को अल्बेंडाजोल की गोली खिलाई। मौके पर सिविल सर्जन ने कहा कि अभियान के तहत स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों में 1 से 19 वर्ष के बच्चों को अल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। कृमि परजीवी है जो बच्चों की आंत में रहता है। यह बच्चों में शारीरिक, मानसिक और कुपोषण की स्थिति पैदा करती है। बच्चों को कृमि से मुक्त करने के लिए ही राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाता है। जिन बच्चों को 20 अप्रैल को कृमि की दवा नहीं खिलाई गई उसे आगामी 25 अप्रैल को गोली खिलाई जाएगी। मौके पर बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे मौजूद थे।

## वन क्षेत्र में रहने वालों को मिलेगा वनाधिकार पट्टा

**गिरिडीह।** जैनियों के विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मधुबन में 20 अप्रैल को वनवासी कल्याण केन्द्र गिरिडीह ने एक दिवसीय सामूहिक वनाधिकार सम्मेलन का आयोजन किया। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष ग्रीष्म कुमार भक्त व संचालन केन्द्र के सिकंदर प्रजापति ने की। मुख्य अतिथि अखिल भारतीय हित रक्षा प्रमुख गिरिश कुबेर ने कहा कि जनजाति समाज के लिए वनाधिकार कानून के तहत वन क्षेत्र में रहने वालों को वनाधिकार पट्टा दिया जाएगा। इसके लिए केन्द्र के लोग गांव-गांव जाकर जागरूकता फैलाएं. सह संगठन मंत्री सुशील मरांडी ने कहा कि जो लोग सरना धर्म व हिन्दू धर्म छोड़कर दूसरे धर्म को स्वीकार कर लिए हैं उन्हें अब दोहरा लाभ नहीं मिलेगा। जनजाति समाज को संगठित होकर इसका विरोध करना पड़ेगा। श्रद्धा जागरण केन्द्र के एस चंद्रा ने कहा कि बिना जंगल में गये राम राज्य की स्थापना नहीं की जा सकती है। मौके पर संगठन मंत्री शिवलाल बेसरा, जिला अध्यक्ष बिनोद केसरी, अमित सिन्हा, भगत राम महतो, नीलकंठ मल्लाह, बिरजू मुर्मू, भागीरथ पंडित, भुवनेश्वर राज आदि मौजूद थे।

## दो बाइक की टक्कर में दो छात्रा सहित भाई घायल

**गिरिडीह।** तिसरी थाना क्षेत्र के गम्हरियाटांड़ में 20 अप्रैल को सड़क दुर्घटना में गोलगो से खिजुरी परीक्षा देने जा रही दो छात्रा सहित तीन लोग घायल हो गए। गोलगो गांव निवासी शफीक आलम की पुत्री रौनक सबा,शबरीन व भाई मो मुजफ्फर एक ही बाइक से जा रहे थे। विपरीत दिशा से आ रही दूसरी बाइक के टक्कर हो जाने से तीनों घायल हो गए। घायलों को तिसरी पुलिस स्वास्थ्य केंद्र लेते गए। जिसका इलाज डॉ जैनेंद्र व स्वास्थ्य कर्मी चंदन कुमार, जीएनएम अनूप ने किया।

## पड़ोसी पर मारपीट कर लूटने का आरोप

**गिरिडीह।** पचंबा थाना अंतर्गत मुसफडीह गांव में एक व्यक्ति ने पड़ोसी पर मारपीट कर 40 हजार रुपए लूटने का आरोप लगाया है। पीड़ित छोटू दास ने गुरुवार 20 अप्रैल को सदर अस्पताल में बताया कि वो एक बैंड पार्टी चलाते हैं। सुबह बयाना का पैसा पास रख कर घर के बाहर बैठे थे। इसी बीच पिंकू ठाकुर और राहुल ठाकुर आया और घातक हथियार से सिर पर हमला कर दिया। हमले में घायल होकर वो गिर पड़े। जिसके बाद पिंकू ठाकुर जेब में रखे 40 हजार रुपए निकालकर फरार हो गया। मामले में उसने पचंबा थाना में आवेदन दिया है। थाना प्रभारी ने कहा कि जांच की जा रही है।

## लातेहार में जवानों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**लातेहार।** लातेहार में सीआरपीएफ की 214 वीं बटालियन के कमांडेंट केडी जोशी के निर्देश पर कैंप मुख्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस मौके पर परिसर को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र बनाने का संकल्प लिया गया। लोगों को संबोधित करते हुए जोशी ने कहा कि प्लास्टिक से मनुष्य को कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी की संभावना बनी रहती है। प्लास्टिक हमारे पर्यावरण को दूषित करता है। प्लास्टिक मुक्त समाज के लिए सामुहिक रूप से कार्य करने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ व सुंदर समाज देने के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह बंद करना होगा। स्वच्छता अभियान में सीआरपीएफ अधिकारी व जवानों ने बड़ी शिद्दत से पूरे परिसर की साफ सफाई की।

# विधायक ने कराया मजदूरों की समस्या का समाधान



**नवीन मेल संवाददाता। निरसा**
ईसीएल मुगमा क्षेत्र के चापापुर, बैजना एवं हरियाजाम कोलियरी के अभिकर्ता कार्यालय में अभिकर्ता उमेश चौधरी, प्रबंधक अजीत सिंह, कार्मिक प्रबंधक कृष्णा चौहान की व विधायक अपर्णा सेनगुप्ता की वार्ता हुई। वार्ता भाजपा बेनागोड़िया मंडल द्वारा पूर्व सौंपे गए मांग पत्र हुई। चापापुर कोलियरी से सटे पंचायत सोनबाद, रामकनाली में सीएसआर मद से पाइप लाइन से पेयजल व बिजली की व्यवस्था करने, ओसीपी में कार्यरत मजदूरों को समय पर स्वास्थ्य कार्ड एवं भविष्य निधि उपलब्ध कराने, स्थानीय बेरोजगारों को ओसीपी में नियोजन देने, गोपालगंज मोड़ से बेनागोड़िया पथ पर सुरक्षाकर्मी की तत्काल बहाली, स्थानीय गांवों में स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने, सुरक्षा के साथ उत्पादन आदि मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। वार्ता में सीबीएच ग्रुप के अभिकर्ता उमेश चौधरी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि बहुत जल्द समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा। कुछ बिंदुओं पर काम चल रहा है। बहुत जल्द उसका परिणाम सामने आएगा. वार्ता में भाजपा के बेनागोड़िया मंडल अध्यक्ष राजेश बाउरी, उज्जवल गोराई,पीएन राय,बामापद मोदक, शंभूनाथ चक्रवर्ती, बाजू तुरी, राजाराम गोराई आदि मौजूद थे।

## 4 बाइक चोर धराये, चोरी की 18 बाइक बरामद मास्टर माइंड फरार

**पलामू।** पलामू में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने 4 बाइक चोरों को पकड़ा है। उनकी निशानदेही पर चोरी की 18 बाइक बरामद की गई है। पुलिस ने सभी चोरों को जेल भेज दिया। पलामू अभियान एसपी सह सदर एसडीपीओ ऋषभ गर्ग ने प्रेस वार्ता कर बताया कि पलामू पुलिस को बुधवार को गुप्त सूचना मिली थी कि लातेहार, चतरा व पलामू के अलग-अलग क्षेत्रों से बाइक चोरी कर पांकी व मनिका थाना क्षेत्र में लाकर बेचने व खरीदने का कार्य किया जा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए चार चोर सुनील विश्वकर्मा, मिनहाज अंसारी, मनदीप कुमार रवि और मंटू यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पहले तो सभी खुद को निर्दोष बताते रहे, जब पुलिस ने सख्ती दिखाई तो सभी टूट गए और राज उगल दिया। बताया 18 बाइक की चोरी की है। सभी बाइक को बेचने की फिराक में हैं। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने छापेमारी कर सभी 18 बाइक को बरामद कर लिया। ऋषभ गर्ग ने कहा कि इस चोरी का मुख्य सरगना गोल्डन अंसारी अभी फरार है। पुलिस जल्द उसे भी गिरफ्तार कर लेगी।

# धनबाद : डीलर पर राशन नहीं देने का आरोप, बीडीओ का पुतला जलाया



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**
ग्राम स्वराज अभियान में शामिल राशन कार्ड धारियों ने नियमित राशन नहीं मिलने पर गुरुवार 20 अप्रैल को बाघमारा प्रखंड कार्यालय परिसर में बीडीओ सुनील कुमार प्रजापति का पुतला दहन किया। डुमरा दक्षिण ग्राम पंचायत के पीडीएस डीलर बिनोद कुमार दास पर चार माह से राशन उपलब्ध नहीं कराने का आरोप है। इसके पहले ग्राम स्वराज अभियान के बैनर तले काड्र्धारियों एवं ग्रामीणों ने प्रखंड कार्यालय परिसर में धरना दिया। धरना को सम्बोधित करते हुए ग्राम स्वराज अभियान के संस्थापक जगत महतो ने कहा कि कुछ अधिकारियों की लापरवाही से पंचायत के कुछ पीडीएस डीलर मनमानी पर उतर आये हैं। कई काड्र्धरियों को उनका उचित राशन नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने डुमरा के पीडीएस डीलर बिनोद कुमार दास पर कुछ ग्रामीणों को नियमित राशन मुहैया नहीं कराने का आरोप लगाया। प्रखंड के अधिकारियों के बुलावे पर सीओ कार्यालय में धरनार्थियों की वार्ता हुई। परन्तु वार्ता से धरनार्थी संतुष्ट नहीं हुए. धरना में जगत महतो, विकास महतो, रामेश्वर साव, लक्ष्मी देवी, विक्की साव, बबीता देवी, चिंकी देवी, पनवा देवी, उर्मिला देवी, रिंकू देवी समेत अन्य ग्रामीण शामिल थे। बीडीओ सुनील कुमार प्रजापति ने कहा कि डुमरा दक्षिण ग्राम पंचायत के पीडीएस डीलर बिनोद कुमार दास पर ग्रामीणों ने नियमित अनाज नहीं बांटने का आरोप लगाया है। जांच के बाद उस पर कानून सम्मत कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़ी तो लाइसेंस रद्द करने की विभागीय कार्रवाई भी होगी।

**सतर्क रहें** | धनबाद में कोरोना की बढ़ती रफ्तार से चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मी भी चिंतित

# तीन दिन में मिले 11 संक्रमित मरीजों की हुई पुष्टि

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**
धनबाद जिले में इधर के दिनों में कोरोना तेजी से पैर फैला रहा है। विगत तीन दिन में 11 संक्रमित मरीजों की पुष्टि हुई है। इनमें 6 मरीज धनबाद के हैं। इधर आवश्यक उपकरणों के अभाव में आरटीपीसीआर जांच बंद है। विगत दो माह से धनबाद के सदर समेत तमाम सीएचसी में टीकाकरण भी बंद है। अस्पताल व स्वास्थ्य विभाग की इन कमजोरियों से स्वास्थ्यकर्मी व चिकित्सक भी चिंतित हैं। फलस्वरूप आम लोगों के बीच भी गलत संदेश जा रहा है। लोगों को एक बार फिर कोरोना का डर सताने लगा है। इधर जिम्मेवार अधिकारी-कर्मी जिले में मॉक ड्रील कर लोगों के बीच मुकम्मल तैयारी का ढोल पीटने में लगे हैं।

### सरकार शीघ्र वैक्सीन मुहैया कराए


वैक्सीनेशन तथा आरटीपीसीआर जांच बंद होना चिंता का सबसे बड़ा कारण है। कोरोना वैक्सीन की दूसरी डोज लेने सदर अस्पताल पहुंचे सुरेश रजवार, सोनू तुरी, कौशल्या देवी तथा सतीश विश्वकर्मा बताते हैं कि वे दूसरी डोज लेने के लिए आये थे। परंतु उन्हें अस्पताल कर्मियों ने बताया कि वैक्सीनेशन बंद है। उन्होंने कहा कि बढ़ते मामलों को देखकर स्वास्थ्य विभाग व सरकार को जल्द से जल्द वैक्सीन मुहैया कराना चाहिए।

### संक्रमितों की बढ़ती संख्या बढ़ा रही चिंता

धनबाद में बुधवार 19 अप्रैल की देर शाम तक कोरोना से संक्रमित आठ मरीज पाए गए। इससे पहले मंगलवार को दो और सोमवार को एक संक्रमित पाया गया था। इन 11 मरीजों में 6 धनबाद के धोवाटांड़, गांधीनगर, हीरापुर, मनईटांड़, धैया, गोविंदपुर के एक-एक है। इसके अलावा जामताड़ा का एक व साहिबगंज का एक मरीज है। जो सदर अस्पताल के एएनएम ट्रेनिंग सेंटर में पढ़ाई कर रही है। इन सभी मरीजों को सदर अस्पताल के आइसोलेशन वार्ड में भर्ती कराया गया है। इन लोगों के संपर्क में आने वालों की जांच की जा रही है।

### पिछले दो माह से बंद है टीकाकरण

धनबाद के तमाम प्रखंडों के सीएचसी में पिछले दो महीनों से टीकाकरण बंद है। मुख्य कारण वैक्सीन की कमी बताया जा रहा है। सदर अस्पताल में प्रतिदिन लगभग 10 से 30 लोग वैक्सीनेशन के लिए आ रहे हैं। लेकिन उन्हें बैरंग लौट जाना पड़ रहा है। अस्पताल कर्मियों की मानें तो वैक्सीन की कमी के कारण फरवरी माह से ही अस्पताल में वैक्सीनेशन बंद कर दिया गया है।



### चिंता तो है, मगर डरने की जरूरत नहीं : सीएस

इस मामले में सिविल सर्जन आलोक विश्वकर्मा का कहना है कि जिले में पॉजिटिव मरीजों की बढ़ती संख्या चिंता का विषय जरूर है। परंतु हमें डरने की जरूरत नहीं। कोरोना अब ताकतवर नहीं रहा। फिलहाल तमाम कोरोना मरीजों को अस्पताल में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। वैक्सीनेशन और आरटीपीसीआर जांच को लेकर सरकार को लिखा गया है। जल्द ही जांच शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि लोगों को डरने की जगह सतर्क रहने की जरूरत है।

ज्ञान की बात

सारथ्य कर्म इतना हीन नहीं है कि हम उसे अपने लिए अपमानजनक माने । यह तो हमारी युद्ध नीति है कि किस क्षण में कौन सा व्यक्ति किस कर्म के लिए अधिक उपयुक्त होता है । कल के युद्ध में कर्ण का सारथि सारे युद्ध की धुरी के समान महत्वपूर्ण होगा । बच्चे को ऊपर उठाने के लिए यदि उसका पिता उसे अपने कंधे पर बैठा लेता है , तो भी उसका स्थान उतना ही गौरवपूर्ण रहता है। - *ठाकुरजी*

# भ्रष्टाचार का तड़का

***झारखंड*** में पिछले कुछ दिनों से चल रही ईडी की कार्रवाई के बाद दस्तावेज में हेरफेर कर गलत ढंग से जमीन की खरीद बिक्री का मामला एक बार फिर चर्चा में है। बहरहाल ऐसे ही एक मामले में ईडी ने पीएमएलए प्रावधानों के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है। झारखंड सरकार के ग्रामीण कार्य विकास व ग्रमीण विकास विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता वीरेंद्र कुमार राम के खिलाफ ईडी की बड़ी कार्रवाई जारी है। ईडी ने वीरेंद्र कुमार राम के पिता गेंदा राम के नाम पर खरीदे गये छतरपुर के फार्म हाउस और दिल्ली की डिफेंस कॉलोनी में खरीदे गये मकान को जब्त कर ली है। दिल्ली समेत अन्य शहरों में वीरेंद्र राम की बनायी अचल संपत्ति को पीएलएमए प्रावधानों के तहत जब्त की जा रही है। दिल्ली मुख्यालय ने मनी लाउंड्रिंग के तहत अर्जित संपत्ति को जब्त करने की फाइल पर अंतिम मुहर लगते ही कार्रवाई जारी है। जांच में बात सामने आयी थी कि छतरपुर की प्रापर्टी वीरेंद्र ने 18 करोड़ कैश देकर खरीदी थी। इस प्रापर्टी का बाजार मूल्य 30 करोड़ के करीब है। ईडी ने प्रापर्टी के मालिक का बयान भी दर्ज किया है। इस प्रापर्टी की खरीद वीरेंद्र राम ने अपने पिता गेंदा राम के नाम पर की थी, जबकि गेंदा राम सेवानिवृत शिक्षक हैं। उनके खातों से पैसे दिल्ली के सीए मुकेश समेत कइयों के खाते में भेजे गए थे। ईडी 22 अप्रैल के पूर्व इस केस में वीरेंद्र राम व अन्य आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट भी दायर करेगी। ऐसे में सवाल उठता है कि वीरेन्द्र राम की तरह ऐसे कई नाम हैं जो सामने अभी नहीं आये हैं। लेकिन इतना तय है कि और कई नाम सामने आयेंगे। ऐसे मामले समाज में आ रही गिरावट के रूप में देखा जा सकता है। आखिर कौन से कारक तत्व हैं जो ऐसे लोगों को हमारे सामने खड़े कर देते हैं। इसका उत्तर ढूंढा जाना चाहिए। आज चारो तरफ भ्रष्टाचार का बोलबाला है। जिसे जहां मौका मिला लूटने में परहेज नहीं कर रहा है। ऐसे में आज जरूरत है कि ऐसे भ्रष्ट हो चले सिस्टम को बदल दिया जाये। यह तभी संभव होगा जब लोगों में जागरूकता आयेगी। एक और चौकांउ बात यह कि ईडी अभी रांची में सेना के कब्जे वाले दो भूखंड के कागजात में छेड़छाड़ कर बेच दिये जाने के मामले की जांच कर रही है। जांच में और छापेमारी के क्रम में ईडी को जमीन माफिया राजस्व कर्मचारी और जालसाजों के पास से जमीन से संबंधित कई ऐसे सरकारी दस्तावेज हैं,जो संबंधित कार्यालय में होने चाहिए थे। इनमें या तो जालसाली कर ली गई या करने की तैयारी थी। अवैध तरीके से जालसाजों द्वारा अधिकारियों के स्टांप का प्रयोग किये जाने के भी प्रमाण मिले हैं। कई दस्तावेज ऐसे हैं,जिनमें जमीन के असली मालिक का नाम बदल दिया गया है। और बाद में में फर्जी मालिक ने असली मालिक बनकर जमीन बेच दी। इसी प्रकार फर्जी डीड बनाकर रांची की जमीन की रजिस्ट्री वर्षों पहले कोलकता में हुई दिखाई गई है। ऐसी स्थिति में सहज समझा जा सकता है कि भ्रष्टाचार आज गहरी पैठ बना चुका है। इसे समाप्त करने के लिए सबको आगे आने की जरूरत है। कारण यह समस्या धीरे-धीरे बढ़ रही है। भ्रष्टाचार के आंगन में कई बदरंग चेहरे आज लोगों को डरा रहे हैं। इस स्थिति में समाज के प्रत्येक वर्ग को एकजुट होकर समाप्त करने की जरूरत है। ताकि कोई दूसरा वीरेन्द्र जन्म न ले सके।

**ईडी ने प्रापर्टी के मालिक का बयान भी दर्ज किया है। इस प्रापर्टी की खरीद वीरेंद्र राम ने अपने पिता गेंदा राम के नाम पर की थी, उनके खातों से पैसे दिल्ली के सीए मुकेश समेत कइयों के खाते में भेजे गए थे।**

# अमृतकाल : अवसरों का जनतंत्र





प्रो. संजय द्विवेदी

***आजादी*** के अमृत महोत्सव से अमृतकाल की यात्रा में देश आत्मविश्वास से भरा हुआ है। यह आत्मविश्वास 2014 के बाद हर भारतवासी में आया है जो कुछ समय पहले तक अवसाद और निराशा से घिरा था। भरोसा जगाने वाला यह समय हमें जगा कर कुछ कह गया और लोग राष्ट्रनिर्माण में अपनी भूमिका को रेखांकित और पुर्नपारिभाषित करने लगे। 'इस देश का कुछ नहीं हो सकता' से 'यह देश सब कुछ कर सकता है' तक हम पहुंचे हैं। यह साधारण नहीं है कि कल तक राजनीतिक-प्रशासनिक जड़ता, निर्णयहीनता, नकारात्मक राजनीति और अवसाद से घिरा भारत अवसरों के जनतंत्र में बदलता दिख रहा है। यह आकांक्षावान भारत है, उम्मीदों से घिरा भारत है, अपने सपनों की ओर दौड़ लगाता भारत है। लक्ष्यनिष्ठ भारत है, कर्तव्यनिष्ठ भारत है। यह सिर्फ अधिकारों के लिए लड़ने वाला नहीं बल्कि कर्तव्यबोध से भरा भारत है।

**ये वक्त हमारा है :** सही मायनों में यह भारत का समय है। भारत में बैठकर शायद कम महसूस हो किंतु दुनिया के ताकतवर देशों में जाकर भारत की शक्ति और उसके बारे में की जा रही बातें महसूसी जा सकती हैं। सांप - संपेरों के देश की कहानियां अब पुरानी बातें हैं। भारत पांचवीं बड़ी आर्थिक ताकत के रूप में विश्व मंच पर अपनी गाथा स्वयं कह रहा है। अर्थव्यवस्था ,भू- राजनीति, कूटनीति, डिजिटलीकरण से लेकर मनोरंजन के मंच पर सफलता की कहानियां कह रहा है। सबसे ज्यादा आबादी के साथ हम सर्वाधिक संभावनाओं वाले देश भी बन गये हैं, जिसकी क्षमताओं का दोहन होना अभी शेष है। भारत के 1 अरब लोग नौजवान यानि 35 साल से कम आयु के हैं। स्टार्टअप इकोसिस्टम, जलवायु परिवर्तन के लिए किये जा प्रयासों,कोविड के विरुद्ध जुटाई गई व्यवस्थाएं,जी 20 के अध्यक्ष के नाते मिले अवसर, जीवंत लोकतंत्र, स्वतंत्र मीडिया हमें खास बनाते हैं। चुनौतियों से जूझने की क्षमता भारत दिखा चुका है। संकटों से पार पाने की संकल्प शक्ति वह व्यक्त कर चुका है। अब बात है उसके सर्वश्रेष्ठ होने की। अव्वल होने की। दुनिया को कुछ देने की।

**नए भारत के शिल्पकार :** निश्चित यह सब कुछ इतना आसान नहीं था। नौकरशाही की जड़ता, राजनीति के सीमित पांच साला लक्ष्य, समाज में फैली गैरबराबरी और असमानता, क्षेत्रीयता,जातीयता की भावनाओं में बंटा समाज लक्ष्यों में बाधक था और आज भी कमोबेश ये संकट बने हुए हैं। भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रीय मंच पर आगमन के साथ सारा कुछ बदल गया है। आम आदमी सरकारी प्रयासों के साथ देश के व्यापक लोकतंत्रीकरण में सहायक बना है। भारत सड़क, रेलवे, बंदरगाह और हवाई अड्डे जैसे बुनियादी ढांचे के निर्माण के साथ साफ्ट पावर में भी अग्रणी बना है। स्थान-स्थान पर भारतीय प्रतिभाओं को खोजकर उन्हें सम्मानित करने का क्रम भी जारी है जिससे भारत की आत्मा जाग रही है। आप पिछले कुछ सालों में पद्म सम्मानों की सूची का अवलोकन करें तो आपका मन गर्व से भर जाएगा और एक नए भारत को बनता हुआ देख पायेंगें। दिल्ली से निकल देश की संभावनाएं छोटे शहरों और गांवों तक ले जाने के व्यापक प्रयास सब तरफ दिखने लगे हैं। छोटे शहर अपनी संभावनाओं को तलाश रहे हैं, गांव संसाधनों का केंद्र बनने के लिए व्यग्र हैं। नीतिगत फैसलों में गति लाकर देश का चेहरा बदलने के ये प्रयास साधारण नहीं हैं। प्रधानमंत्री इस परिघटना को बहुत उम्मीद से देखते हैं। श्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि-' भारत ने आज जो कुछ हासिल किया है, वह हमारे लोकतंत्र की ताकत , हमारे संस्थानों की ताकत की वजह से संभव हो पाया है। दुनिया देख सकती है कि भारत में लोकतांत्रिक ढंग से चुनी हुई सरकार निर्णायक फैसले ले रही है। हमने दुनिया को दिखा दिया है लोकतंत्र कितना फलदायी हो सकता है।'

**भारत में बैठकर शायद कम महसूस हो किंतु दुनिया के ताकतवर देशों में जाकर भारत की शक्ति और उसके बारे में की जा रही बातें महसूसी जा सकती हैं। सांप - संपेरों के देश की कहानियां अब पुरानी बातें हैं।**

इन दिनों

**नीयत से बदलती नीतियां :** परिवर्तन को रोका नहीं जा सकता। यह नैसर्गिक है। किंतु परिवर्तन या बदलाव की दिशा जरूर तय की जा सकती है। सकारात्मक दृष्टिकोण से किये गये काम हमेशा परिणाम देते हैं और उनसे समाज को दिशा मिलती है। बहुत पुरातन और गौरवशाली राष्ट्र होने के बाद भी हमें अपनी कमियों से लगातार आक्रमण, गुलामी और संघर्ष का समय देखना पड़ा। बावजूद इसके 'चिति' स्वतंत्र रही। राज और समाज की दूरी ने समाज के आत्मसम्मान और स्वाभिमान को चुकने नहीं दिया। अत्याचार और विदेशी शासकों के दमन के विरूद्ध भारत का संघर्ष जारी रहा। 1947 के बाद स्वदेशी, स्वावलंबन, आत्मनिर्भरता, भारतीय भाषाओं और भारतीय जन के सम्मान का जो समय प्रारंभ होना था वह नहीं हो पाया। लोकसेवक, जनसेवक शासक बन बैठे और उनकी मानसिकता वही थी, जो विरासत में मिली थी। इसने देश के स्वाभिमान को जगने नहीं दिया। लंबे समय के बाद अच्छे काम पर भरोसा करते हुए जनमानस का जागरण हुआ है। अपने वर्तमान नेतृत्व के प्रति समाज का असंदिग्ध विश्वास है और उनकी क्षमताओं पर नाज। आजादी के बाद हर सरकार और उसके प्रधान ने निश्चित ही कुछ जोड़ा है। देश ने प्रगति और विकास के नये सोपान तय किये हैं। किंतु भ्रष्टाचार, दिशाहीनता, राजनीतिक निर्णयों में हानि-लाभ के विचार ने उसके संपूर्ण लाभ से वंचित किया। सामान्य जन के विकास योजनाओं के एक रूपए में पचासी पैसे के डूब जाने की कहानियां हमने खूब सुनी है। तत्कालीन प्रधानमंत्री की विवशता भी प्रकट होती है कि वे चाहकर भी कुछ नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि भ्रष्टाचार का घुन अंदर तक प्रवेश कर चुका है। डिजिटलीकरण ने इस पर न सिर्फ अंकुश लगाया है, वरन लोगों को राहत दी है। सुशासन के लक्ष्य इसी पारदर्शिता से पाये जा सकते हैं। 2015 से 2017 के बीच 50 करोड़ बैंक खाते खोले गये हैं। भारत आज यूरोप और अमेरीका की तुलना में 11 गुना ज्यादा डिजिटल पेमेंट करता है। आयुष्मान भारत ने 31 करोड़ भारतीयों के लिए मुफ्त कैंसर जांच की व्यवस्था सुनिश्चित की है। यह एक साधारण आंकड़ा भर नहीं है। नई व्यवस्था में स्वयं सहायता समूहों में लगभग 9 करोड़ महिलाओं को 32 अरब डालर (2.6 लाख करोड़ रूपए) की उधार सुविधा दी जा रही है। ऐसे अनेक उदाहरण हमें गर्व से भर देते हैं। इसी संदर्भ में गृहमंत्री श्री अमित शाह कहते हैं-'2014 के पहले देश के 60 करोड़ लोग सपना नहीं देख सकते थे। मोदीजी ने उनके जीवन में उम्मीद जगाई है और उनमें महत्वाकांक्षाएं पैदा की हैं। भारत जब आजादी का शताब्दी उत्सव मना रहा होगा तो वह हर क्षेत्र में नंबर-1 होगा।' उम्मीदें जगाता नया भारत- नया भारत अपने सपनों में रंग भरने के लिए चल पड़ा है। भारत सरकार की विकास योजनाओं और उसके संकल्पों का चतुर्दिक असर दिखने लगा है। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक, अटक से कटक तक उत्साह से भरे हिंदुस्तानी दिखने लगे हैं।

बोधि वृक्ष

## आईए सुनें भगवान वेंकटेश्वर की कथा

***यही*** कारण है कि अधिकांश लोग भगवान वेंकटेश्वर और देवी पद्मावती की उपस्थिति में तिरुमाला मंदिर में शादी करना चाहते हैं। ऐसा माना जाता है कि इस तरह की शादी अनंत काल तक चलती है और युगल खुशी से रहते हैं।

**(समाप्त)**

**कथा श्री खाटू श्याम भगवान की**

आज से कुछ वर्षों पूर्व तक श्री खाटू श्यामजी का नाम केवल राजस्थान में ही जाना जाता था। मगर इधर कुछ वर्षों से खाटू श्यामजी का प्रचार इतना अधिक बढ़ गया है कि केवल भारत में ही नहीं, अपितु समूचे विश्व में न केवल इन्हें जाना जाता है कि बल्कि अनेक परिवार खाटू श्यामजी के चमत्कारों को अपनी आंखों से प्रत्यक्ष देख चुके हैं। राजस्थान के सीकर जिले में रिंगस कस्बे से 18 किलोमीटर की दूरी पर श्री खाटू श्यामजी का मन्दिर स्थिति है। जहाँ प्रभु के दर्शन मात्र से ही जीवन में खुशियों एवं सुख-शांति के भंडार भर जाते हैं। श्री खाटू श्यामजी की पौराणिक प्रचलित पावन कथा संक्षिप्त में इस प्रकार है। महाभारत युद्ध के लिए कौरव-पांडव दलों के विशाल शिविर आमने-सामने थे। शिविरों में दूसरे दिन शुरू होने वाले युद्ध की हलचल मची थी। युद्ध नीति के अनुसार सूर्यास्त पश्चात दोनों पक्षों के लोग आपस में मिल-जुल सकते थे, अतः धर्मयुद्ध के इन शिविरों में भी सैनिक आपस में मिल-जुल रहे थे। शिविरों के बीच की भूमि वीरों के आवागमन से भरी हुई थी। तभी सुसज्जित रथ पर एक तेजस्वी योद्धा आया। पीपल वृक्ष के नीचे उसने अपना रथ रोका। घोड़ों को खोलकर चरने के लिए छोड़ दिया। शिरस्त्राण (शस्त्र आदि) उतारकर जलपान किया और अपने रथ पर विश्राम करने के लिए बैठ गया। उसे दोनों दलों के वीरों ने घेर लिया। सभी का एक ही प्रश्न था- 'आप किस ओर से युद्ध करेंगे ?' 'किसी भी दल की ओर से नहीं। अभी तो मैं एक दर्शक की भांति इस महायुद्ध को देखने आया हूं।

*(क्रमशः)*

# भगवान परशुराम : अधर्म को खत्म करने वाले योद्धा




ऋतुपर्ण दवे

***धर्म*** को सरल और बेहद कम शब्दों में इस तरह भी समझा जा सकता है कि समाज द्वारा स्वीकृत वो मान्यताएं हैं, जिस पर चल कर मनुष्य कितना भी शक्तिशाली हो जाए किसी दूसरे का अहित नहीं कर सकता है तथा संतुलित व मर्यादित रहता है। वह धर्म नीति ही है जो मानवता का बोध कराने, अत्याचार, अनाचार, साधु-संतों के उत्थान के लिए भगवान का अनेकों रूप बनवाती है ताकि दुष्टों का संहार, विश्व कल्याण के साथ धर्म जो मनुष्य को उसकी सीमाओं में रखता है, उसकी रक्षा की जा सके। भगवान परशुराम ऐसे ही धर्मपरायण थे जो क्रोध के वशीभूत होकर अनाचारियों के लिए किसी काल से कम न थे। परशुराम ही इतिहास के पहले ऐसा महापुरुष हैं जिन्होंने किसी राजा को दंड देने के लिए दूसरे राजाओं को भी सबक सिखा नई राज व्यवस्था बनाई जिससे हाहाकार मच गया। परशुराम की विजय के बाद संचालन सही ढंग से न होने से अपराध और हाहाकार की स्थिति बनी। इससे घबराए ऋषियों ने तपोभूमि से साधना लीन दत्तात्रेयजी को उठा पूरा वृत्तान्त बताया। उनके साथ जाकर कपिल और कश्यप मुनि ने परशुराम को समझाया। पहले तो समझ नहीं आया लेकिन कई वर्षों के क्रोध के बाद जब परशुराम कुछ शांत हुए तो उन्हें समझ आया और अपने कृत्यों पर पश्चाताप करने लगे। परशुराम को, मुनि दत्तात्रेय, कपिल और कश्यप ने इसके लिए बहुत धिक्कारा। ग्लानि में डूबे परशुराम ने संगम तट पर सारे जीते हुए राज्य कश्यप मुनि को दान दे दिया और स्वयं महेन्द्र पर्वत चले गये उसके बाद राजकाज की दोबारा सुचारू शासन व्यवस्था संचालित हो पाई। जब समाज में समानता, सत्य, अहिंसा, करुणा, दया और आदर का भाव होता है तभी धर्म पताका फहराती है और जहां भी धर्म पताका फहराती है, वहां सुख, समृध्दि, शांति सुनिश्चित होती है। शायद यही संदेश देने के लिए महापुरुष अवतरित होते हैं। परशुराम जी की सक्रियता का भी यही उद्देश्य रहा। इसीलिए ब्राम्हण कुल में जन्मे इस महापुरुष ने अत्याचारियों के विध्वंस एवं दण्ड देने हेतु शस्त्र उठाकर बराबर का हिसाब-किताब किया। यही परशुराम जी की गाथा है जिसमें अनीति, अत्याचार, छल-प्रपंच का संहार करने की सच्चाई है जो आज भी प्रासंगिक है और युगों-युगों तक रहेगी। कहते हैं भगवान परशुराम क्षत्रियों के कुल का नाश करने वाले थे लेकिन ये उतना सत्य नहीं है क्योंकि पौराणिक कथाओं के अनुसार भी भगवान परशुराम क्षत्रिय वर्ण के संहारक ना होकर मात्र एक कुल हैहय वंश का समूल विनाश करने वाले रहे। दसवीं शताब्दी के बाद लिखे ग्रंथों में हैहय की जगह क्षत्रिय लिखे जाने के प्रमाण भी मिलते हैं।l्व भगवान परशुराम को पराक्रम का प्रतीक माना जाता है। उन्हें राम का पर्याय और सत्य सनातन माना जाता है जिनका जन्म 6 उच्च ग्रहों के योग में हुआ। महाप्रतापी व माता-पिता भक्त परशुराम ने जहां पिता की आज्ञा से माता का गला काट दिया, वहीं पिता से माता को जीवित करने का वरदान भी मांग लिया। इस तरह हठी, क्रोधी और अन्याय के खिलाफ संघर्ष करने वाले परशुराम का लक्ष्य मानव मात्र का हित था। वो परशुराम जी ही थे जिनके इशारों पर नदियों की दिशा बदल जाया करतीं थीं। उन्होंने अपने बल से आर्यों के शत्रुओं का नाश किया, हिमालय के उत्तरी भू-भाग, अफगानिस्तान, ईरान, इराक, कश्यप भूमि और अरब में जाकर शत्रुओं का संहार किया। उसी फारस जिसे पर्शिया भी कहा जाता था, उसका नाम इनके फरसे पर ही किया गया। इन्होंने भारतीय संस्कृति को आर्यन यानी ईरान के कश्यप भूमि क्षेत्र और आर्यक यानी इराक में नई पहचान दिलाई। गौरतलब है कि पर्शियन भाषी पर्शिया परशुराम के अनुयायी और अग्निपूजक कहलाते हैं और परशुराम से इनका संबंध जोड़ा जाता है।

**परशुराम जी की सक्रियता का भी यही उद्देश्य रहा। इसीलिए ब्राम्हण कुल में जन्मे इस महापुरुष ने अत्याचारियों के विध्वंस एवं दण्ड देने हेतु शस्त्र उठाकर बराबर का हिसाब-किताब किया।**

अध्यात्म

फोटो की दुनिया




ट्वीट-ट्वीट




फेसबुक वॉल से




# पृथ्वी की पीड़ा को समझें पर्यावरण संरक्षण जरूरी



हृदयनारायण दीक्षित

***भारतीय*** विवेक और श्रद्धा में पृथ्वी माता हैं। पृथ्वी को मां मानने और जानने की अनुभूति केवल भारत में है। हम सब पृथ्वी पुत्र हैं। इसी में जन्म लेते हैं। पृथ्वी ही पालती है। यही पोषण करती है। लेकिन दूषित पर्यावरण के कारण पृथ्वी का अस्तित्व संकट में है। सारी दुनिया का ताप बढ़ रहा है। पर्यावरण संरक्षण वैज्ञानिकों के सामने भी बड़ी चुनौती है। आज से 18 साल पहले 2005 में संयुक्त राष्ट्र का सहस्त्राब्दी पर्यावरण आकलन (मिलेनियन इकोसिस्टम असेसमेंट) आया था। यह एक गंभीर दस्तावेज था और है। इस अनुमान में कहा गया था कि पृथ्वी के प्राकृतिक घटक अव्यवस्थित हो गये हैं। यह अनुमान 18 वर्ष पुराना है। इसके पूर्व सन 2000 में भी पेरिस के अर्थ चार्टर कमीशन' ने पृथ्वी और पर्यावरण संरक्षण के 22 सूत्र निकाले थे। लेकिन इस दिशा में कोई महत्वपूर्ण काम नहीं हुआ। कोई ठोस संकल्प नहीं लिए गये। वैसे वैदिक साहित्य पर्यावरण प्रीति से भरा-पूरा है। हिन्दुत्व की जीवन शैली में पर्यावरण संरक्षण अंतर्निहित है। भारत के प्राचीनकाल में ही पृथ्वी के प्रति संवेदनशील प्रीति और श्रद्धा थी। वैदिक पूर्वजों ने जल को माताएं देवता जननी कहा था। उन्होंने पृथ्वी को माता और आकाश को पिता बताया था। ऋग्वेद में जल को बहुवचन रूप में माताएं कहा गया है। यूनानी दार्शनिक थेल्स ने जल को आदि तत्व बताया है। प्रकृति के 5 महाभूतों में जल एक महत्वपूर्ण महाभूत है। जल का मुख्य स्त्रोत वर्षा हैं। वैदिक साहित्य में जल को अतिरिक्त आदर दिया जाता रहा है। वैदिक समाज में जल वृष्टि के कई देवता हैं। ऋग्वेद (1.164) में कहते हैं, सत्कर्मों से समुद्र का जल ऊपर जाता है। वाणी जल को कंपन देती है। पर्जन्य वर्षा लाते हैं। भूमि आनंद मगन होती हैं।' यहाँ मुख्य बात है कि सत्कर्म के कारण समुद्र का जल ऊपर जाता है। सत्कर्म महत्वपूर्ण हैं। वस्तुतः ऐसे कर्म सांस्कृतिक कर्तव्य हैं। वर्षा पर्जन्य की कृपा हैं। आधुनिक संदर्भ में पर्जन्य को इकोलॉजिकल सिस्टम' कह सकते हैं। पर्जन्य देव पृथ्वी, जल, वायु, नदी, वनस्पतियों और सभी प्राणियों के संरक्षण से प्रसन्न होते हैं। पृथ्वी आराध्य देवता हैं। वैदिक देवता अनूठे हैं। देवता प्रकृति की महत्वपूर्ण शक्तियां हैं। उन्हें कई विभागों में विभाजित किया जा सकता है। पहला द्युस्थानीय देवता हैं। द्यौव का ही एक रूप वरुण हैं। द्युस्थानीय देवताओं में द्यौव सबसे प्राचीन बताये गये हैं। आर्यों की ग्रीक शाखा के लोग 'ज्योस' या 'जिअस' के रूप में इस देवता की उपासना करते थे। द्यौव का प्रकट रूप हैं आकाश। उन्हें पिता कहा गया है। ऋषि राहुगण पुत्र गौतम द्यच को सबके पिता कहते हैं। इसी तरह वैदिक देवताओं का दूसरा विभाग है अंतरिक्ष स्थानीय देवता। ऋग्वेद के प्रतिष्ठित देवता इन्द्र इसी श्रेणी में आते हैं। इन्द्र मेघों में अवरुद्ध जल को मुक्त करते हैं। जल प्रवाह वर्षा द्वारा पृथ्वी की ओर आता है। मातरिस्वा, अपानपात आदि अंतरिक्ष स्थानीय देवता हैं। इनमें रूद्र मुख्य हैं। निःस्संदेह ऋग्वेद में उनकी स्तुतियां कम हैं। ऋग्वेद के एक मंत्र में रूद्र शिव को त्रयम्बक कहा गया है। यजुर्वेद का सोलहवां अध्याय शिव रूद्र की स्तुति है। देवताओं के तीसरे वर्ग को पृथ्वी स्थानीय देवता कहा गया है। इस देव तंत्र में सोम अतिप्रतिष्ठित देवता हैं। ऋग्वेद के नौवें मण्डल के अधिकांश सूक्तों के देवता सोम हैं। सोम को सर्वश्रेष्ठ पेय बताया गया है और सर्वश्रेष्ठ औषधि भी। इसी श्रेणी में अग्नि देव भी आते हैं। ऋग्वेद में अग्नि सर्वशक्तिमान बताये गये हैं। बृहस्पति भी पृथ्वी स्थानीय देवता हैं। पृथ्वी भी पृथ्वी स्थानीय देवता हैं। नदियां भी देवता हैं। पूर्वजों के हृदय में पृथ्वी के प्रति माता का भाव है। अथर्ववेद का पृथ्वी सूक्त अंतरराष्ट्रीय कविता है। कहते हैं कि यहाँ भिन्न-भिन्न विचारधाराओं वाले लोग रहते हैं। माता पृथ्वी सबका पोषण करती हैं।

**पर्यावरण संरक्षण वैज्ञानिकों के सामने भी बड़ी चुनौती है। आज से 18 साल पहले 2005 में संयुक्त राष्ट्र का सहस्त्राब्दी पर्यावरण आकलन (मिलेनियन इकोसिस्टम असेसमेंट) आया था।**

पर्यावरण संरक्षण

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : आनंद सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# एक 'राष्ट्रीय' सिविल सेवा की ओर 'भावना वृक्ष'

सिविल सेवा दिवस, जो प्रत्येक वर्ष 21 अप्रैल को मनाया जाता है, राष्ट्रीय सिविल सेवा के विचार का एक उत्सव है। मणिबेन पटेल ने अपनी डायरी में लिखा, 'बापू ने दिल्ली में नये सेवा भर्ती स्कूल का उद्घाटन किया।' यह एक मर्मस्पर्शी क्षण था। सरदार पटेल ने 1947 में नव गठित भारतीय प्रशासनिक सेवा की शुरूआत की, 'पूरी तरह से भारतीय अधिकारी के साथ और पूरी तरह से भारतीय नियंत्रण के अधीन ... अतीत की परंपराओं और कुप्रभावों के बिना, राष्ट्रीय सेवा की अपनी वास्तविक भूमिका को अपनाने के लिए स्वतंत्र।' उन्होंने एक मूलमंत्र दिया, जो प्रत्येक सिविल सेवा अधिकारी को प्रेरित कर सकता है: 'हमें भारत में प्रत्येक सिविल सेवा अधिकारी से सर्वश्रेष्ठ की अपेक्षा करने का अधिकार है, चाहे वह किसी भी जिम्मेदारी के पद पर क्यों न हो। यह आपके लिए नहीं है कि आप अपने कार्य को विशुद्ध रूप से किसी अन्य दृष्टिकोण से या पूरी तरह से स्वार्थ से वशीभूत होकर करें, चाहे वह अधिकारी कितना भी प्रबुद्ध क्यों न हो। आपका सर्वप्रथम विचार यह होना चाहिए कि समग्र रूप से भारत के कल्याण में कैसे योगदान दिया जाए।' इसलिए, सरदार पटेल के वाक्यांश 'स्टील फ्रेम' को एक कठोर, प्रतिबंधात्मक और नियम-बद्ध औपनिवेशिक नौकरशाही के नकारात्मक अर्थ से जोड़ना हास्यास्पद है। 1921 के कॉमन्स डिबेट में ब्रिटिश प्रधानमंत्री डेविड लॉयड जॉर्ज द्वारा इंपीरियल सिविल सर्विस (आईसीएस) के वर्णन के दौरान 'स्टील फ्रेम' को सिविल सेवा की लोकप्रिय संस्कृति और स्व-परिकल्पना दोनों को परिभाषित करने के लिए प्रयुक्त किया गया था। इसलिए, राष्ट्रीय लोकाचार में निहित एक सिविल सेवा को तैयार करने की शुरूआती सरकारों की चिंताएं, ध्यान-केंद्र से विचलित हो गयीं, क्योंकि वह देश-विभाजन का अशांत दौर था। यह काम अधूरा रह गया। सिविल सेवा के लिए एक भारतीय लोकाचार को परिभाषित करने का कार्य भारत की स्वतंत्रता के 75वें वर्ष में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन के साथ शुरू हुआ, जहां उन्होंने भारत को 'अमृत महोत्सव' से 'अमृत काल' की ओर ले जाने के लिए, देश की दृष्टि और 'पंच प्रण'- पांच संकल्प - की व्याख्या की। दूसरा संकल्प अर्थात औपनिवेशिक मानसिकता को समाप्त करने के लिए स्व-परिकल्पना के पुनरीक्षण और सिविल सेवाओं से जुड़ी औपनिवेशिक कार्य-संस्कृति को हटाने की जरूरत है। एक प्रतिबिम्ब की शक्ति और सकारात्मक दृष्टि, दोनों मुक्तिदायक हैं और सुधार करने में सक्षम हैं। लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए) ने सिविल सेवा को एक जीवित इकाई - पीपल वृक्ष - जिसने


श्रीनिवास कटिकिथला, निदेशक, एलबीएसएनएए

प्राचीन काल से हमारी सभ्यतागत दृष्टि को अनुप्राणित किया है, के रूप प्रस्तुत किया। सिविल सेवा, 'भावना वृक्ष' के रूप में, 'सेवा और सहानुभूति' का एक वृक्ष है। इस प्रकार, यह आत्म-आश्वासन और उपनिवेशवाद की भावना से मुक्ति की सकारात्मक पुनर्पुष्टि है। नागरिकों के कल्याण में स्वर्ग-तुल्य आराम की तलाश के लिए प्रेरक कुलदेवता, शक्तिशाली स्वर्गारोहिणी की अग्रभूमि में स्थापित अकादमी, भावना वृक्ष की एक प्रतीक के रूप में परिकल्पना करती है, जो निस्वार्थ सेवा और कर्तव्य के प्रति समर्पण के कालातीत गुणों का प्रतिनिधित्व करता है। अमृत काल के लिए एक आदर्श सिविल सेवा अधिकारी की विशेषताओं और अवधारणा को पहली बार 31 अक्टूबर 2019 को स्टैच्यू ऑफ यूनिटी में प्रधानमंत्री द्वारा प्रतिपादित किया गया था। ये हैं - सक्रिय और विनम्र, पेशेवर और प्रगतिशील, ऊर्जावान और सक्षम, पारदर्शी और तकनीक-सक्षम, रचनात्मक और सकारात्मक, कल्पनाशील और अभिनव। भविष्य के लिए तैयार सिविल सेवा के विचार में समग्रता है। एक पूरी सरकार और मिलकर काम करने का दृष्टिकोण, भविष्य का अंदाज लगाना, कार्य-प्रणाली में सहयोगी, संवाद व कार्यों के प्रति भागीदारी की भावना तथा स्वभाव से अभिनव। दूर-दराज के क्षेत्रों में लोगों की सेवा करने वाले 'भावना वृक्ष' की यही प्रकृति है। पूर्व औपनिवेशिक मानसिकता को समाप्त करना, भारतीय मूल्यों के प्रति गर्व की भावना को साझा करना और राष्ट्र-प्रथम दृष्टिकोण के साथ कर्तव्य-बद्ध सिविल अधिकारियों का समूह, सिविल अधिकारियों की नई नैतिकता है, जो इसके पवित्र दरवाजे से, 'मसूरी वाला कर्मयोगी' के रूप में बाहर निकलते हैं। अकादमी गीत के रिंगिंग नोट्स, हाओ धमेर्ते धीर, हाओ करोमेते बीर, हाओ उन्नतो शिर-नहीं भाय, कार्य करने के लिए उनका आध्यात्मिक आह्वान है। 'भावना वृक्ष' के लोकाचार की याद में 'सेवा का मार्ग' है, जिसे अकादमी के प्रतिष्ठित डायरेक्टर्स स्क्वायर के चारों ओर बनाया गया है। मार्ग कालानुक्रमिक रूप से व्यवस्थित, भली-भांति बंद समय कैप्सूल की एक श्रृंखला है, जिनमें 2021 में शुरू होने और 2047 में समाप्त होने वाले सिविल सेवा प्रशिक्षुओं के क्रमिक बैचों के उद्देश्य के बयानों को समाहित किया जा रहा है। इन प्रतिबद्धता बयानों को विकसित भारत के तहत 15 अगस्त, 2047 को, भारतीय सदी की सुबह में अनावरण के लिए संरक्षित किया जा रहा है। 'भावना वृक्ष' के लिए - अपने स्वामी, अर्थात भारत के लोगों के एक सक्षम सेवक के रूप में खुद को मुक्त करने का दिन। इस प्रकार, पूर्ववर्ती औपनिवेशिक 'स्टील फ्रेम' प्रतिमान को दरकिनार करते हुए और सरदार के आह्वान को साकार करते हुए, '...अब, आप अपने ही लोगों की सेवा कर रहे हैं। तो अब, आप अपने दिल, दिमाग और आत्मा के साथ सेवा कर सकते हैं... आप अपने लोगों की सेवा करके वास्तव में भारतीय होंगे।'

# अक्षय तृतीया 22 को : सर्वार्थ सिद्धि-अमृत सिद्धि समेत बनेंगे छह महायोग

इस साल वैशाख शुक्ल पक्ष की तृतीया (अक्षय तृतीया) का पावन पर्व आगामी 22 अप्रैल को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस बार इस दिन सर्वार्थ सिद्धि-अमृत सिद्धि समेत छह विशेष महायोग बन रहे हैं, जो अक्षय तृतीया को और शुभ बनाएंगे।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार अक्षय तृतीया के दिन जो भी शुभ कार्य किए जाते हैं, उनका अक्षय फल मिलता है। यह दिन शुभ कार्यों के लिए बेहद ही अच्छा माना जाता है। इस दिन सोना खरीदना बेहद ही शुभ माना जाता है। इस दिन बिना मुहुर्त देखे विवाह आदि कार्य किए जा सकते हैं।

बालाजी धाम काली माता मंदिर के ज्योतिषाचार्य डॉ. सतीश सोनी ने बताया कि वैशाख शुक्ल पक्ष की अक्षय तृतीया का पावन पर्व इस बार 22 अप्रैल को मनाया जाएगा। इस दिन 6 महायोग का निर्माण होगा, जो स्थिति को और सार्थक बना रहे हैं। इस वर्ष आयुष्मान, सौभाग्य, त्रिपुष्कर, रवि, सर्वार्थ सिद्धि, अमृत सिद्धि योग बन रहे हैं। अक्षय तृतीया को सिर्फ योग ही नहीं, बल्कि नक्षत्र भी प्रभावशाली



बना रहे हैं। इस दिन कृतिका नक्षत्र पूरे दिन रहेगा, जबकि रोहिणी नक्षत्र रात्रि 11:24 से अगले दिन तक प्रभावशाली रहेगा। उन्होंने बताया कि अक्षय तृतीया के दिन पूजा का शुभ मुहूर्त सुबह 7:49 से दोपहर 12:20 तक है। वहीं सोना खरीदने के लिए शुभ मुहूर्त सुबह 7:49 से शुरू होकर दूसरे दिन 23 अप्रैल को सुबह 5:45 तक रहेगा। इस दिन सोना खरीदने का मुहूर्त करीब 22 घंटे तक का है। जो जातक सोना नहीं खरीद सकते, वे कौड़ी, मटका और चांदी खरीद सकते हैं। अक्षय तृतीया पर चंद्रमा अपनी उच्च राशि वृषभ में होगा। ऐसे में चांदी खरीदने से घर में बरकत बनी रहेगी। ज्योतिषाचार्य डॉ. सोनी के अनुसार इस वर्ष अक्षय तृतीया बेहद खास है, क्योंकि इस दिन मेष राशि में 5 ग्रह सूर्य, गुरु, बुध, राहु और यूरेनस का अनोखा संयोग भी बन रहा है। जबकि इस दिन चंद्रमा और शुक्र दोनों वृषभ राशि में होकर बेहद सुखद स्थिति में होंगे। उन्होंने बताया कि दीपावली की तरह अक्षय तृतीया पर भी महालक्ष्मी की पूजा की जाती है।

## एमएनसी कंपनी के चोंचले

एमएनसी कंपनियों में काम करने वालों को वीकेंड तक रुकना पड़ता है। एमएनसी कर्मचारी होना एक बात है तो सॉफ्टवेयर इंजीनियर होना उसमें भी अलग बात है। मैं एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर हूँ। नाम से सॉफ्ट और भावनाओं से बिल्कुल हार्ड हो गया हूँ। आप समझ गए होंगे कि मेरी पढ़ाई कहाँ हुई होगी। नहीं समझे? मिक्सर-ग्राइंडर रट्टा रटाऊ हाई स्कूल और कॉलेज में। यहाँ की पढ़ाई इतने हाई लेवल की होती है कि हर दिन मन करता था कि जाऊँ कह दूँ पिता जी से कि मैं मजदूरी कर लूँगा लेकिन वहाँ पढ़ाई कतई नहीं। लेकिन मेरी सोच कथनी से और कथनी करनी से दूर-दूर रहा करती थी। सो पिता जी से कहने की हिम्मत नहीं हुई।



महीने में चार बार सूर्यवंशम देख-देखकर मेरा सिर इतना पक गया कि उधर फिल्म में अमिताभ बच्चन की बहू कलेक्टर बनी और इधर मैं सॉफ्टवेयर इंजीनियर। मैं लेखक बनना चाहता था इसके लिए मेडिसिन की पढ़ाई की। बाद में पता चला कि ऐसा करने से मैं डॉक्टर बन जाऊँगा, जो कि मुझे कतई पसंद नहीं था। लेकिन माँ की खुशी के लिए पढ़ता गया। बाद में एमबीए किया। क्यों किया, पता नहीं। मेरी पढ़ाई का सिंपल सा फंडा था। कुछ भी पढ़ो। कैसे भी पढ़ो। कुछ न कुछ बन ही जाओगे। सो सॉफ्टवेयर इंजीनियर बन गया।

मुझे नौकरी का पहला दिन आज भी याद है। सभी कर्मचारी कंप्यूटर में सिर घुसाए रोबो बने बैठे थे। मैं मैनजेर के पास गया। पूछा मुझे क्या करना है। उसने कहा झ हाई एंड डेटा एनालिसिस विथ इंटिग्रिटेड लॉजिस्टिक्स। इतना सुनना था कि मेरा माथा ठनठना गया। ससुरा सब्जेक्ट सुनकर बाल खड़े हो गए। काम करूँगा तो क्या हाल होगा। हर दशरथ मांझी को पहाड़ तोड़ने के लिए फगुनिया मिलती है मुझे भी एक फगुनिया मिल गई। उसने मुझे एक अच्छी बात सिखाई। उसने कहा झ जैसे रेल से मंजिल पर पहुँचने के लिए पहले स्टेशन जाना पड़ता है ठीक उसी तरह ऐसी कंपनियों में काम करने के लिए कहीं ट्रेनिंग लेकर आना पड़ता है। मैंने फगुनिया को धन्यवाद किया और जीवन की सबसे बड़ी सीख यह सीखी कि शहर में सहायता का मतलब दीवार से सिर पीटना है। मुझे समझ आ गया था कि इस कंपनी में काम करने के लिए प्रशिक्षण लेना जरूरी है। मेरी कंपनी जिस क्षेत्र में थी वहाँ हेचटीएमएमल, सीप्लसप्लस, जावा, ओराइकल, मिराइकल, डीटीपी, पोस्टर बनाना, लेमिनेशन करना, बवासीर से लेकर हर बीमारी तक का इलाज सिखाया जाता है। मुझे विश्वास हो चुका था बिना ट्रेनिंग के कुर्सी तोड़ूँगा तो आखिरकार बवासिर का इलाज करवाना ही पड़ेगा। इसलिए ट्रेनिंग लेने में ही भलाई समझी। जैसे तैसे ट्रेनिंग पूरी करने के बाद फिर से कंपनी ज्वाइन की। इस बार मैनेजर ने बिना कोई प्रोजेक्ट दिए तीन महीने तक खाली बैठाया। इन तीन महीनों में जो कुछ सीखा था सब कुछ भूल गया। इस आईटी के चक्कर में सुबह का सूरज मानो मेरे लिए कभी था ही नहीं। मैनेजर की हालत कुत्ते से भी बदतर होती है। न वह सोता था, न मुझे सोने देता था। हाँ वह सुबह पाँच बजे फोन करके उठाता था। गुडमार्निंग कहने के लिए नहीं। कोड, बग, नोड, डाटा, आटा न जाने क्या-क्या कहता था। एक तरफ मेरी नींद और दूसरी तरफ उसकी जिद होती थी। यह सॉफ्टवेयर इंजीनियर की नौकरी नाम से जैसी भी हो लेकिन काम से पसीने छुड़ाने वाली होती है।

❖ **डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**
**उरतृप्त, प्रसिद्ध नवयुवा व्यंग्यकार**

**कम लागत में ज्यादा कमाई**

### पारंपरिक खेती से निराश हो शुरू किया किसानी में नया प्रयोग

# किसानों के बीच रोल मॉडल हैं रामसागर बेर से जीवन में भर रहे हैं मिठास

खेती-किसानी को घाटे का धंधा मानने वालों के लिए यह गौर करने वाली बात है कि उन्हीं के बीच का एक किसान आज न केवल आत्मनिर्भर हुआ है बल्कि खेती की बदौलत कइयों को रोजगार भी दे रहा है और किसानों के रोल मॉडल बन गया है। मन में यदि दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो लक्ष्य आसानी से मिल सकता है,बिना किसी सरकारी सहायता के यह काम किया है। रायबरेली के किसान रामसागर पांडे ने। महराजगंज के पुरासी गांव के रहने वाले रामसागर ने कश्मीरी बेर की खेती शुरू की और अब उनकी किस्मत बदल रही है। कभी किसानी में हो रहे घाटे से परेशान थे और अब लाखों कमा रहे हैं। रामसागर पांडे ने पारंपरिक खेती से हटकर बागवानी को चुना और इसे ही अपना व्यवसाय बना लिया। इसके लिए उन्होंने कश्मीरी बेर की बागवानी का फैसला लिया।



उन्होंने इसके पौधे बंगाल से मंगा कर पहले डेढ़ हेक्टेयर जमीन पर लगवाए और बाग तैयार किया। आज इस बागान से वह लाखों रुपए कमा रहे हैं। दरअसल धान गेहूं की खेती करके मुनाफा कमाने का उन्होंने प्रयास किया पर हर बार निराशा हाथ लगी। इस दौरान उन्होंने यूट्यूब चैनल पर बेर की खेती का वीडियो देखा और कृषि विभाग के सहयोग से यह बाग तैयार कर डाला और अब वह लाखों रुपये की आमदनी कर रहे हैं, बागवानी को ही उन्होंने अपना कैरियर बना लिया है।


राम सागर पांडेय ने बेर की बागवानी के लिए दो प्रकार की प्रजातियों का चयन किया। उन्होंने थाई व कश्मीरी एप्पल के एक हजार पौधे लाकर डेढ़ हेक्टेयर में लगाए। थाई एप्पल बेर हरा और कश्मीरी एप्पल सेब के कलर का होता है। एक बेर का वजन 50 ग्राम से 200 ग्राम तक हो सकता है, पहले साल में 20-25 किलो उत्पादन प्रति पौधे के हिसाब से प्राप्त हुआ था। यह कानपुर मंडी में 60-70 रुपये प्रति किलो की दर से बिक गया था। 10 क्विंटल बेर यहीं के फल व्यापारी बाग से ही खरीद कर ले गये, उन्होंने भी बेरो का नगद भुकतान किया था, पहले साल 2 लाख रुपये की बिक्री कर हुई थी, अब वो खुद के रोजगार के साथ अन्य लोगो को भी रोजगार दे रहे है। राम सागर पाण्डेय ने डेढ़ हेक्टेयर में कोलकाता से कश्मीरी बेर के कई बार में 1000 पौधे मंगाकर लगाये थे। इन पौधों की उन्होंने बेहतरीन तरीके से देख-रेख की। बेर के अलावा इसी बाग में 10 पेड़ नासपाती, 11 पेड़ आलूबुखारा, 10 अंजीर, 15 आम के पौधे लगाए हैं। इसके बाद कृषि वैज्ञानिकों से बागवानी की पूरी जानकारी ली और मेहनत कर अपने बाग को ही अपना रोजगार बना लिया, अब राम सागर पांडेय यहां उन फलों को भी पैदा कर रहे है जो रायबरेली जैसे छारीय जमीन वाले स्थानों में होना संभव ही नही है। क्षेत्र के किसान उनसे प्रेरित हैं और उन्हें बागवानी का रोल मॉडल मानते हैं। किसान रामसागर पांडे बताते हैं कि करीब 2 हेक्टेयर में वह बेर की खेती कर रहे हैं जिसमें करीब 50 से 60 हजार प्रति हेक्टेयर की लागत आती है और लगभग 5 लाख से ज्यादा की फसल वह बेचते हैं। जिससे उन्हें मुनाफा भी अच्छा हो रहा है। इस खेती की बदौलत ही उनके जीवन स्तर में सुधार आया है। जहां वह पहले किसानी से निराश थे वहीं अब उनके लिए यह एक फैशन हो गया है।

# दोपहर की झपकी के फायदे जानकर हो जायेंगे हैरान

अक्सर दोपहर की नींद के कारण लोगों को शर्मिंदगी झेलनी पड़ती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि लंच के बाद वाली नींद हमारी सेहत के लिए काफी फायदेमंद होती है। अगर आप भी इसका पूरा लाभ लेना चाहते हैं तो इसके लिए सही तरीके से नींद लेना जरूरी है। बचपन में अक्सर सभी को मम्मी-पापा और घर के बड़े दोपहर में खाना खाने के बाद कुछ देर सोने के लिए कहते थे। लेकिन उस दौरान ऐसा करना अच्छा नहीं लगता था। क्योंकि बचपन में मन खेल-कूद में लगने के कारण दोपहर को सोना नहीं चाहते थे। हालांकि बड़े होने के बाद लंच के बाद कुछ देर के लिए आराम करना या नींद लेना बहुत अच्छा लगता था। लेकिन अब इसके लिए समय नहीं मिलता है। ऑफिस हो या घर कुछ लोगों को दोपहर के खाने के बाद हल्की सी झपकी लेने की आदत होती है। वहीं कई बार इस आदत के कारण हमें शर्मिंदगी भी उठानी पड़ती है।

लेकिन क्या आप जानते हैं कि दोपहर के खाने के बाद झपकी लेना हमारी सेहत के लिए फायदेमंद होता है। इससे हमारे स्वास्थ्य को कई लाभ भी मिलते हैं। दोपहर की नींद से पूरा लाभ लेने के लिए आपका सही तरह से नींद लेना जरूरी है। अब आप सोच रहे होंगे कि नींद लेने का सही तरीका आखिर क्या होता है। तो आपको बता दें कि नींद लेने का भी तरीका होता है। इस बारे में डाइटीशियन और न्यूट्रिशनिस्ट रुजुता दिवेकर ने जानकारी साझा की है। उन्होंने बताया कि दोपहर की नींद से शरीर को क्या फायदा होता है और इसका सही तरीका क्या है।

लंच के बाद की नींद दिल के लिए अच्छी होती है। यह खासकर उन लोगों के लिए ज्यादा फायदेमंद होती



है जिनको हाई ब्लड प्रेशर की समस्या होती है। या फिर जिन लोगों को पहले दिल से जुड़ी कोई प्रॉब्लम होती है। दोपहर की नींद से हार्मोनल बैलेंस सही रहता है। लंच के बाद डायबिटीज, पीसीओडी और थायरॉइड के मरीजों को झपकी जरूर लेनी चाहिए। दोपहर की नींद से डाइजेशन में सुधार होता है। दोपहर की झपकी अपच, एक्ने, इर्रिटेबल बाउल सिंड्रोम और डैंड्रफ के लिए फायदेमंद है। लोगों का सोचना होता है कि दोपहर को नींद लेने से उन्हें रात में नींद नहीं आएगी। लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि दोपहर की झपकी के बाद रात को अच्छी नींद आती है। बीमारी या वर्कआउट के बाद आपको थकान महसूस होने पर झपकी लेने से आपकी जल्द रिकवरी होती है। साथ ही इससे आपका वेट लॉस भी होता है।

### झपकी लेने का सही तरीका

अगर आप भी इन सारे फायदों को पाना चाहते हैं तो इसके लिए जरूरी है कि आप दोपहर की झपकी को सही तरह से लें।

लंच करने के फौरन बाद नींद लेनी चाहिए। लंच के 1-2 घंटे बाद झपकी लेने की न सोंचे।

दोपहर की नींद लेने के लिए पहले वामकुक्षी यानि की अपनी बांई ओर करवट लेकर लेटें।

झपकी लेने के लिए फीटल पोजीशन यानी की बेबी पोजीशन में लेटें।

दोपहर को 10-30 मिनट की नींद लें। अगर आपकी उम्र कम है या आप बीमार हैं तो इस दौरान 90 मिनट की नींद ले सकते हैं।

दोपहर की नींद का सबसे सही समय 1 से 3 बजे के बीच का होता है।

### न करें ये काम

कुछ लोग शाम को 4-7 बजे के आसपास नींद लेते हैं। अगर आप भी ऐसा करते हैं तो ऐसा करने से बचें।

दोपहर के खाने के बाद कॉफी, चाय, चॉकलेट और सिगरेट का सेवन न करें।

सोने के पहले फोन आदि का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए।

दोपहर में 30 मिनट से अधिक की नींद नहीं लेनी चाहिए।

दोपहर की नींद के दौरान टीवी ऑन करके न सोएं।

❖ **अनन्या मिश्रा**

NEWS इन ब्रीफ

### हालैंड के गोल से मैनचेस्टर सिटी चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में

**म्यूनिख (जर्मनी)।** एर्लिंग हालैंड के दूसरे हाफ के गोल से इंग्लिश क्लब मैनचेस्टर सिटी ने बायर्न म्यूनिख के साथ क्वार्टरफाइनल के दूसरे चरण में 1-1 (कुल 4-1) का ड्रा खेलकर चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में जगह बना ली। मैनचेस्टर सिटी के पास आधे घंटे के समय के बाद गतिरोध तोड़ने का मौका था जब उसे डायॉट उपमेसानो के हैंडबॉल करने के कारण पेनल्टी मिली लेकिन हालैंड गेंद को लक्ष्य से ऊपर मार बैठे। जर्मन टीम ने दूसरे हाफ में आक्रामक शुरूआत की लेकिन स्कोरिंग करने में सफलता विपक्षी टीम को मिली। हालैंड ने 57वें मिनट में बढ़त दिलाने वाला गोल किया। बायर्न को मुकाबले को अतिरिक्त समय में ले जाने के लिए चार गोल की जरूरत थी। मेजबान टीम को 83वें मिनट में हैंडबॉल पर मिली पेनल्टी पर जोशुआ कीमिच ने बराबरी का गोल दाग दिया। मैनचेस्टर सिटी ने शेष समय बायर्न को कोई और गोल नहीं करने दिया और कुल 4-1 की जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह बना ली

### सितसिपास, सिनर प्री-क्वार्टर में




**बार्सिलोना।** ग्रीक टेनिस खिलाड़ी स्टेफानोस सितसिपास ने बुधवार को बार्सिलोना ओपन के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। सितसिपास ने राउंड ऑफ 32 के मुकाबले में अर्जेंटीना के टेनिस खिलाड़ी पेड्रो काचिन को शिकस्त दी। उन्होंने काचीन को 6-4, 6-2 से हराया। जीत के बाद सितसिपास ने कहा,मैं कोर्ट पर अच्छा टेनिस खेलने में सक्षम था, मैं बहुत आक्रामक रहा, जितना मैं अभ्यस्त था, उससे कहीं अधिक, इसलिए पूरा मूल्यांकन सकारात्मक है। मैं खुश हूं कि मैच के दौरान चीजें कैसे विकसित हुईं। यह उन मैचों में से एक है जिनमें मैंने जो चाहा वह कर सका।

### केएल राहुल पर 12 लाख रुपए का जुर्माना

**जयपुर।** लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान के.एल. राहुल पर जुर्माना लगाया गया है। ये जुर्माना राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान उनकी टीम के स्लो ओवर रेट के लिए लगाया गया है। आईपीएल ने एक बयान में बताया कि जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेले गए 26वें मैच में आचार संहिता के उल्लंघन के लिए राहुल की खिंचाई की गई। आईपीएल ने गुरुवार को एक विज्ञप्ति में कहा, चूंकि यह आईपीएल की आचार संहिता के तहत स्लो ओवर रेट का पहला अपराध था, इसलिए राहुल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

# सुदीरमन कप में भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगे सिंधु-प्रणय





**भारतीय टीम इस प्रकार है**

**पुरुष एकल : एचएस प्रणय, किदांबी श्रीकांत (रिजर्व : लक्ष्य सेन)**

**महिला एकल : पीवी सिंधु, अनुपमा उपाध्याय (रिजर्व : आकर्षी कश्यप)**

**पुरुष युगल : सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी/चिराग शेट्टी, एमआर अर्जुन/ध्रुव कपिला**

**महिला युगल : गायत्री गोपीचंद/ट्रीसा जॉली, अश्विनी पोनप्पा/तनिषा क्रास्टो**

**मिश्रित युगल : तनीषा क्रास्टो/साई प्रतीक**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विश्व के नौवें नंबर के खिलाड़ी एचएस प्रणय और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु 14 से 21 मई तक चीन के सूज़ौ में होने वाले 2023 सुदीरमन कप में भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगे। मंगलवार को सीनियर राष्ट्रीय चयन समिति ने मिश्रित टीम चैंपियनशिप में पहली बार पदक जीतने के उद्देश्य से एक 'संतुलित' टीम का चयन किया। भारतीय पुरुषों ने पिछले साल प्रतिष्ठित थॉमस कप जीतकर इतिहास रचा था और इस साल की शुरूआत में एशियाई मिश्रित टीम चैंपियनशिप में कांस्य जीतने के बाद सुदीरमन कप में पदक की उम्मीदें बढ़ा दी हैं। भारतीय बैडमिंटन संघ के सचिव संजय मिश्रा ने कहा, सुदीरमन कप एक प्रतिष्ठित टूर्नामेंट है और चयनकर्ताओं ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय परिणामों का अध्ययन करने के बाद सर्वश्रेष्ठ टीम चुनी है। हमें विश्वास है कि यह टीम इस साल पदक के लिए चुनौती पेश करेगी। भारत को ग्रुप सी में मलेशिया, चीनी ताइपे और ऑस्ट्रेलिया के साथ रखा गया है और उनका पहला काम संभावित ट्रिक ग्रुप से नॉक-आउट चरण में जगह बनाना होगा। चोट के कारण एशियाई मिश्रित टीम स्पर्धा से बाहर रहने वाले सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की वापसी से पुरुष युगल टीम को मजबूती मिलेगी जबकि अनुभवी अश्विनी पोनप्पा और नई जोड़ीदार तनीषा कास्त्रो ऑल इंग्लैंड सेमीफाइनलिस्ट गायत्री गोपीचंद और तृषा जॉली को बैक-अप प्रदान करेंगी। किदांबी श्रीकांत और वरिष्ठ राष्ट्रीय महिला एकल चैंपियन अनुपमा उपाध्याय टीम में अन्य एकल खिलाड़ी होंगी।

# स्मृति मंधाना ने 'डब्ल्यूपीएल' में किया संघर्ष : हीथर नाइट



**एजेंसी। दुबई**

इंग्लैंड की कप्तान हीथर नाइट ने कहा कि स्मृति मंधाना ने भले ही 2019 के बाद से अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारतीय महिला टी20 टीम का नेतृत्व किया हो, लेकिन हाल ही में समाप्त हुई महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के दौरान मंधाना ने बहुत अधिक दबाव महसूस किया और कप्तानी संभालने के लिए संघर्ष किया। मंधाना की रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर टीम की साथी हीथर नाइट ने कहा, डब्ल्यूपीएल के दौरान मंधाना ने काफी संघर्ष किया। 100 प्रतिशत क्रिकेट पॉडकास्ट पर बोलते हुए नाइट ने कहा कि एक हाई-प्रोफाइल टीम की कप्तानी के साथ आने वाले दबाव ने मंधाना को प्रभावित किया, जिनकी टीम आठ मैचों में सिर्फ दो बार जीती। नाइट ने आईसीसी 100 प्रतिशत क्रिकेट पॉडकास्ट में नासिर हुसैन और फ्रेंकी मैके को बताया, मैं स्मृति को अच्छी तरह से जानता हूं। मैं उसके साथ वेस्टर्न स्टॉर्म और होबार्ट हरिकेंस में कुछ साल पहले खेल चुका हूं। नाइट ने कहा, मैं उसकी अच्छी दोस्त हूं। मैंने कई बार महसूस किया कि वह दबाव में है, वह शायद इससे पहले किसी ने अनुभव नहीं किया था। मंधाना को आरसीबी ने 3.4 करोड़ पर साइन किया था। इस साल की शुरूआत में डब्ल्यूपीएल नीलामी में सबसे अधिक जीतने वाली बोली और भूमिका में अनुभव की कमी के बावजूद उन्हें टीम का कप्तान बनाया गया था।

## डुप्लेसी और कोहली के अर्धशतक

# आरसीबी ने पंजाब किंग्स को 24 रन से हराया

**एजेंसी। मोहाली**



फाफ डुप्लेसी और उनकी जगह कप्तान की भूमिका निभा रहे विराट कोहली के अर्धशतक के बाद मोहम्मद सिराज की तूफानी गेंदबाजी से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) ने गुरुवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में पंजाब किंग्स को 24 रन से हरा दिया। डुप्लेसी (56 गेंद में 84 रन, पांच छक्के, पांच चौके) और कोहली (47 गेंद में 59 रन, पांच चौके, एक छक्का) के बीच पहले विकेट की 137 रन की साझेदारी से आरसीबी ने चार विकेट पर 174 रन बनाए। इसके जवाब में पंजाब किंग्स की टीम सिराज (21 रन पर चार विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 18.2 ओवर में 150 रन पर ढेर हो गई। लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा ने भी 39 रन पर दो विकेट चटकाए। पंजाब किंग्स की ओर से सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह (46) और जितेश शर्मा (41) ही टिककर बल्लेबाजी कर पाए। इन दोनों के अलावा कोई बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े को भी नहीं छू पाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरे पंजाब की शुरूआत बेहद खराब रही और टीम ने पावर प्ले में 49 रन तक ही चार विकेट गंवा दिए। अथर्व ताइड़े (04) ने सिराज की पहली गेंद पर चौका जड़ा लेकिन अगली गेंद पर पगबाधा हो गए। डीआरएस लेने पर मैदानी अंपायर को अपना फैसला बदलना पड़ा। मैथ्यू शॉर्ट (08) ने वेन पार्नेल पर छक्का जड़ा लेकिन हसरंगा की गुगली को चूककर बोल्ड हो गए। सिराज ने चौथे ओवर में लियाम लिविंगस्टोन (02) को पगबाधा किया। इस बार भी डीआरएस लेने पर मैदानी अंपायर को अपना फैसला बदलना पड़ा। हरप्रीत सिंह (13) ने पार्नेल पर छक्का जड़ा लेकिन इसके बाद रन आउट हो गए जिससे पंजाब का स्कोर चार विकेट पर 43 रन हो गया। इंपेक्ट प्लेयर के रूप में लेग स्पिनर राहुल चाहर की जगह उतरे प्रभसिमरन ने एक छोर संभाले रखा।

### कोलकाता ने दिया 128 रन का लक्ष्य

**एजेंसी। नई दिल्ली**



आखिरी ओवर में पावर हिटर्स आंद्रे रसेल के 3 छक्कों के दम पर कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के 28वें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स को जीत के लिए 128 रन का टारगेट दिया है। टीम ने 20 ओवर में सभी विकेट खोकर 127 रन बनाए। अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली के कप्तान डेविड वॉर्नर ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। कोलकाता के लिए ओपनर जेसन रॉय ने 43 रनों की संघर्षपूर्ण पारी खेली। शेष कोई बल्लेबाज दिल्ली के गेंदबाजों का सामना नहीं कर सका। आखिरी ओवर में आंद्रे रसेल ने तीन छक्के जड़े। उन्होंने 31 बॉल पर नाबाद 38 रन बनाए। पहला : दूसरे ओवर की छठी बॉल पर मुकेश कुमार ने लिटन दास को ललित यादव के हाथों कैच कराया। दूसरा : चौथे ओवर की तीसरी बॉल पर एनरिक नोर्त्या ने वेंकटेश अय्यर को स्लिप पर खड़े मिचेल मार्श के हाथों कैच कराया। तीसरा : छठे ओवर की दूसरी बॉल पर ईशांत शर्मा ने नीतीश राणा को मुकेश कुमार के हाथों कैच कराया। चौथा : नौवें ओवर की दूसरी बॉल पर अक्षर पटेल ने मंदीप को बोल्ड कर दिया।

# मैनचेस्टर सिटी-रियाल मैड्रिड सेमीफाइनल में होंगे आमने-सामने

**एजेंसी। म्यूनिख**




एर्लिंग हालैंड ने फिर से मैनचेस्टर सिटी की तरफ से गोल दागा जिससे उनकी टीम ने चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जहां उसका सामना रियाल मैड्रिड की मजबूत टीम से होगा।

मैनचेस्टर सिटी ने बायर्न म्यूनिख के खिलाफ क्वार्टर फाइनल का दूसरा चरण 1-1 से ड्रा खेला लेकिन पहले चरण में 3-0 की दमदार जीत के कारण वह 4-1 के कुल योग से जीत दर्ज करके अंतिम चार में जगह बनाने में सफल रहा। पहला हाफ गोल रहित छूटने के बाद हालैंड ने 57वें मिनट में मैनचेस्टर सिटी को बढ़त दिलाई। यह इस सत्र में सिटी की तरफ से उनका 48वां गोल था। बायर्न की तरफ से जोशुआ किमिच ने 83वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदला लेकिन यह टीम को सेमीफाइनल में पहुंचाने के लिए पर्याप्त नहीं था। मैनचेस्टर सिटी पहली बार चैंपियंस लीग जीतने की कोशिश करेगा लेकिन इसके लिए उसे मौजूदा चैंपियन रियाल मैड्रिड की कड़ी चुनौती से पार पाना होगा। रियाल मैड्रिड ने एक अन्य क्वार्टर फाइनल में चेल्सी को 4-0 के कुल योग से पराजित किया। सेमीफाइनल का पहला चरण मई में खेला जाएगा।

# गैरी बैलेंस ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से लिया संन्यास



### इंग्लैंड और जिम्बाब्वे दोनों के लिए लगाया था शतक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंग्लैंड और जिम्बाब्वे दोनों के लिए टेस्ट शतक लगाने वाले पूर्व इंग्लिश बल्लेबाज गैरी बैलेंस ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया है। 33 वर्षीय बैलेंस अपने जन्म के देश जिम्बाब्वे लौट आए थे और यॉर्कशायर द्वारा रिलीज किये जाने के बाद उन्होंने जिम्बाब्वे क्रिकेट के साथ दो साल का करार किया था। उन्होंने जिम्बाब्वे के लिए एक टेस्ट, एक टी20 और पांच एकदिवसीय मैच खेले।

बैलेंस ने पांच टेस्ट शतक के साथ अपने करियर को अलविदा कहा, उन्होंने हाल ही में जिम्बाब्वे के लिए खेले गए एकमात्र टेस्ट मैच में 137 रनों की नाबाद शतकीय पारी खेली। प्रोफेशनल क्रिकेटर्स एसोसिएशन की ओर से जारी बयान में बैलेंस ने कहा, 'काफी सोच-विचार के बाद मैंने तत्काल प्रभाव से पेशेवर क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने का फैसला किया है।' बाएं हाथ के बल्लेबाज ने जिम्बाब्वे को उच्चतम स्तर पर खेलना जारी रखने का मौका देने के लिए धन्यवाद दिया, लेकिन खुलासा किया कि अब पेशेवर खेल में आगे बढ़ने की उनकी कोई इच्छा नहीं थी। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद थी कि जिम्बाब्वे जाने से मुझे खेल के लिए एक नई खुशी मिलेगी और मैं हमेशा जिम्बाब्वे क्रिकेट का शुक्रगुजार रहूंगा कि उसने मुझे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी का मौका दिया और अपनी टीम में मेरा स्वागत किया।

# आइस महिला हॉकी ओलंपियन मेगन बोजेक ने लिया संन्यास



**एजेंसी। नई दिल्ली**

दो बार की संयुक्त राज्य अमेरिका की आइस महिला हॉकी ओलंपियन मेगन बोजेक ने बुधवार को अपने संन्यास की घोषणा कर दी है। 32 वर्षीय डिफेंडर बोजेक ने 2014 सोची और 2022 बीजिंग शीतकालीन खेलों में रजत पदक जीते हैं। बोजेक ने छह विश्व चैंपियनशिप टूर्नामेंट में चार स्वर्ण पदक भी जीते हैं।

बोजेक ने 2007 में अंडर -18 सीरीज में राष्ट्रीय टीम के लिए शुरूआत की और 111 मैचों में 17 गोल किये और 41 गोलों में सहायता की व 58 अंकों के साथ अपना करियर समाप्त किया। बोजेक ने यूएसए हॉकी द्वारा जारी एक बयान में कहा, मैं एक समृद्ध विरासत के साथ इस खेल को अलविदा कह रही हूं। मेरे कुछ सबसे अच्छे दोस्तों और रोल मॉडल के साथ खेलना, जो हॉकी के खेल को विकसित करने में मदद करने वाले मूल्यवान सदस्य रहे हैं, वास्तव में कुछ खास रहा है। बोजेक ने हाल ही में अपना ध्यान प्रसारण में वेगास गोल्डन नाइट्स और उनके लीग सहयोगी के लिए एक विश्लेषक के रूप में काम करने पर केंद्रित किया है। उन्होंने मिनेसोटा में कॉलेज हॉकी खेली, जहाँ वह 2012 और '13 में राष्ट्रीय चैंपियनशिप टीमों की सदस्य थीं।

## आईपीएल 2023 राजस्थान रॉयल्स पर जीत के बाद आवेश खान बोले-

# कठिन ओवर फेंकने के लिए हमेशा उपलब्ध हूं



**एजेंसी। जयपुर**

राजस्थान रॉयल्स पर जीत के बाद आवेश खान ने कहा कि मैं अपनी टीम के लिए कठिन ओवर फेंकने के लिए हमेशा उपलब्ध हूं। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स को 10 रनों से हराने के लिए आईपीएल के इस सीजन के सबसे कम लक्ष्य का बचाव करते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स ने कम स्कोर वाले रोमांचक मुकाबले में धैर्य बनाए रखा। पहले बल्लेबाजी करते हुए 82 रनों की शुरूआती साझेदारी से जायंट्स ने 154/7 का स्कोर खड़ा किया। राजस्थान रॉयल्स दोनों सलामी बल्लेबाजों यशस्वी जायसवाल और जोस बटलर के साथ आसानी से लक्ष्य हासिल करने की कोशिश में 87 की साझेदारी की। लेकिन अवेश खान और स्टोइनिस क्रमशः 3/25 और 2/28 के आंकड़े के शानदार गेंदबाजी करते हुए उन्हें रोकने में अहम भूमिका निभाई। अवेश खान स्टार गेंदबाज थे और उन्होंने अंतिम ओवर में सफलतापूर्वक 18 रनों का बचाव किया और उस ओवर में 2 विकेट भी चटकाए। अवेश खान ने कहा, 'अगर हम पहले गेंदबाजी कर रहे हैं, तो मुझे पहला या दूसरा ओवर मिलता है और अगर हम बचाव कर रहे हैं तो मैं खेल की स्थिति के आधार पर चौथे या छठे ओवर जैसे महत्वपूर्ण ओवर फेंकता हूं। मैंने अपने कप्तान और कोचों से भी कहा है कि आप मुझे कहीं भी गेंदबाजी करवा सकते हैं और मैं अपनी टीम के लिए कठिन ओवर फेंकने के लिए हमेशा उपलब्ध हूं। इसलिए मैं हमेशा यह सोचने की कोशिश नहीं करता कि मुझे कब गेंदबाजी करने का मौका मिलेगा लेकिन जब भी मुझे मौका मिलता है, मैं हमेशा टीम के लिए विकेट हासिल करने का लक्ष्य रखता हूं।' मैच जीतने के बावजूद बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स की शुरूआत अच्छी नहीं रही। मेडन समेत पावरप्ले में उनकी शुरूआत धीमी थी। आईपीएल विशेषज्ञ आरपी सिंह का मानना है कि केएल राहुल पहले की तरह नहीं खेल रहे हैं। उन्होंने कहा, 'केएल राहुल कभी भी इस तरह नहीं खेलते थे, उनका हमेशा एक अच्छा स्ट्राइक रेट होता था, वे विपक्षी टीम पर आक्रमण करते थे और अच्छे शॉट खेलते थे लेकिन यहां उन्हें लग रहा था फंसना और दबाव में होना। मैं गलत हो सकता हूं, लेकिन वह शायद सोच रहे हैं कि बड़ी पारी खेलकर शायद उनकी फॉर्म वापस आ जाए।

उसका फॉर्म खराब नहीं है, वह अभी भी अपने शॉट खेल रहा है, लेकिन वह अपने शॉट्स में उन अंतरालों को नहीं ढूंढ पा रहा है, उसे वह गणनात्मक जोखिम लेना चाहिए जो वह नहीं ले रहा है।' सिंह ने कहा, 'उन्होंने अपने कई शॉट मारना बंद कर दिया है। वह ज्यादा स्ट्राइक रोटेट करने की सोच रहा है, हो सकता है कि उसने अपनी भूमिका भी बदल ली हो, लेकिन वह उस तरह का खिलाड़ी नहीं है। वह एक ऐसे खिलाड़ी हैं जो अपने बल्ले से हिट करना शुरू करते ही पलक झपकते ही मैच का रुख बदल सकते हैं।'



# वैश्विक स्तर पर मेटा में ताजा छंटनी शुरू, टेक कर्मचारी ज्यादा प्रभावित




**एजेंसी। सैन फ्रांसिस्को**
मेटा (पूर्व में फेसबुक) ने वैश्विक स्तर पर टेक बैकग्राउंड वाले कर्मचारियों को पिंक स्लिप सौंपते हुए छंटनी का एक नया दौर शुरू किया है। कई मेटा कर्मचारी लिंक्डइन पर जाकर अपने हालात बयान कर रहे हैं और बता रहे हैं कि उन्हें जाने के लिए कहा गया है। फेसबुक पर बिजनेस प्रोग्राम मैनेजर टेरेसा जिमेनेज ने पोस्ट किया, मैं आज सुबह इस खबर के साथ जागी कि मैं आज मेटा से हटाए गए कई लोगों में से एक थी। यदि आपके पास करियर के कोई अवसर हैं, तो कृपया मेरे साथ साझा करने में संकोच न करें! पिछले 3 वर्षों से मेरा ध्यान मुख्य रूप से ओपएक्स और हेडकाउंट ओआरजी दक्षता बढ़ाने पर केंद्रित कार्यक्रमों की स्थापना पर रहा है। उन्होंने कहा कि कई 'उत्पाद-केंद्रित टेक कार्यक्रम प्रबंधक आज भी प्रभावित हुए हैं। आपके पास कोई अवसर हैं तो कृपया मुझसे संपर्क करें।' नौकरी में कटौती ने उपयोगकर्ता अनुभव, सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग, ग्राफिक्स प्रोग्रामिंग और अन्य भूमिकाओं जैसे वर्टिकल में काम करने वाले लोगों को प्रभावित किया है। एक मेटा प्रवक्ता ने सीएनबीसी को पुष्टि की है कि कटौती शुरू हो गई है। रिपोर्टें के अनुसार, लंदन में मेटा छंटनी ने इंस्टाग्राम कार्यालय को प्रभावित किया और कंपनी के छंटनी के नए दौर के हिस्से के रूप में कर्मचारियों को या तो निकाला या स्थानांतरित किया जा सकता है। मेटा कथित तौर पर इस सप्ताह कम से कम 4,000 उच्च-कुशल कर्मचारियों की छंटनी करने जा रहा है। मार्च में, मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने घोषणा की थी कि कंपनी आने वाले महीनों में 10,000 नौकरियों में कटौती करेगी। मेटा नई पुनर्गठित टीमों और प्रबंधन पदानुक्रमों की भी घोषणा करेगा। पिछले साल नवंबर में मेटा द्वारा 11,000 कर्मचारियों, या कंपनी के कार्यबल के 13 प्रतिशत को निकालने के ठीक चार महीने बाद ताजा कटौती की गई।

# 'कू' ने एक साल में की 30 प्रतिशत कर्मचारियों की छंटनी

**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारत में ट्विटर की प्रतिद्वंद्वी माइक्रोब्लॉगिंग ऐप कू ने हाल के महीनों में अपने लगभग एक तिहाई लगभग 30 प्रतिशत कर्मचारियों की छंटनी कर दी है। पिछले कुछ समय में घाटे को कम करने और धन जुटाने के लिए कई कंपनियों ने छंटनी की है। कू में भी छंटनी का यही कारण माना जा रहा है. टाइगर ग्लोबल की ओर से समर्थित कंपनी के एक प्रवक्ता ने मीडिया को बताया कि तीन साल पुराने कू ने अपने लगभग 260 श्रमिकों में से 30 फीसदी की छंटनी कर दी है। हालांकि, कू ऐप के प्रवक्ता ने कहा, हमने हाल ही जनवरी 2023 में 10 मिलियन डॉलर की रकम जुटाई है और हम अच्छी तरह से पूंजीकृत हैं। हम फिलहाल धन जुटाने के बारे में नहीं सोच रहे हैं। हम आय के साथ काफी तरक्की कर रहे हैं और भविष्य में जरूरत के हिसाब से धन जुटाने की कोशिश करेंगे। ज्यादातर स्टार्टअप्स की तरह ही कू ऐप ने भी अचानक आने वाले उछाल को ध्यान में रखते हुए कर्मचारियों की एक निर्धारित संख्या जुटाई। बाजार के मौजूदा हालात और वैश्विक मंदी की बाहरी हकीकत को देखते हुए हम पर भी असर पड़ा। दुनिया की सबसे ज्यादा मुनाफा कमाने वाली कुछ कंपनियों ने भी हजारों नौकरियां छीन ली हैं। हम एक नए स्टार्टअप हैं और हमारा आगे का रास्ता बहुत लंबा है। फिलहाल वैश्विक भावना तरक्की की बजाय दक्षता पर ज्यादा केंद्रित है और व्यवसायों को इकाई अर्थशास्त्र साबित करने की दिशा में काम करने की जरूरत है। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा कि इस दौर के गुजरने तक सभी तरह के व्यवसायों के लिए कुशल और रूढ़िवादी दृष्टिकोण अपनाना जरूरी है। इसके ही चलते, हमने वर्ष के दौरान अतिरेक भूमिका वाले अपने 30 प्रतिशत कार्यबल को जाने दिया है और मुआवजा पैकेज, स्वास्थ्य लाभ में बढ़ोतरी और विस्थापन सेवाओं के जरिये उनकी सहायता की है।

## सीईओ टिम कुक लोगों से खुल कर मिले

# एपल का दूसरा रिटेल स्टोर दिल्ली में खुला

**एजेंसी। नई दिल्ली**
एप्पल के सीईओ टिम कुक ने गुरुवार को ग्राहकों का स्वागत करते हुए राजधानी में कंपनी के दूसरे फ्लैगशिप स्टोर का उद्घाटन किया। दक्षिण दिल्ली के साकेत में सेलेक्ट सिटीवॉक मॉल में एप्पल का अपना ब्रांडेड रिटेल स्टोर प्रशंसकों और ग्राहकों से खचाखच भरा हुआ था, जहां कुक ने ग्राहकों का स्वागत किया। एप्पल स्टोर ग्राहकों को टेक्नोलॉजी के विभिन्न पहलुओं को जानने के लिए व्यक्तिगत समर्थन और अद्वितीय अनुभव प्रदान करेगा। रिटेल के एप्पल की वरिष्ठ उपाध्यक्ष, डिएड्रे ओ'ब्रायन ने कहा, हम भारत में एप्पल का अपना दूसरा रिटेल स्टोर दिल्ली में खोलकर अपने ग्राहकों के लिए एप्पल का सर्वश्रेष्ठ पेश करने को लेकर रोमांचित हैं। उन्होंने कहा, हमारी टीम के सदस्य स्थानीय समुदाय के साथ जुड़ने और अपने जुनून को आगे बढ़ाने के नए तरीके खोजने में मदद करने और हमारे अद्भुत उत्पादों और सेवाओं के माध्यम से उनकी रचनात्मकता को उजागर करने के लिए तत्पर हैं। कुक ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर से मुलाकात की और चर्चा की कि स्थानीय विनिर्माण और आईफोन निर्यात को कैसे बढ़ावा दिया जाए। स्टोर में 70 से अधिक उच्च-कुशल रिटेल टीम के सदस्य हैं जो 18 राज्यों से आते हैं और सामूहिक रूप से 15 से अधिक भाषाएं बोलते हैं।



## वंदे भारत के कोच को ग्रेटर नोएडा में बनाने की तैयारी

**एजेंस। ग्रेटर नोएडा**
यमुना प्राधिकरण के सेक्टर 10 में वंदे भारत रेल के लिए कोच बनने की तैयारी हो रही है। पश्चिम बंगाल में वंदे भारत ट्रेन के कोच और पहिए बनाने वाली कंपनी टीटागढ़ वैगंस लिमिटेड और रामकृष्णा फॉरगिंग्स लिमिटेड कंपनी के अधिकारियों ने यमुना अथॉरिटी के अधिकारियों से मुलाकात कर 100 एकड़ जगह मांगी है। टीटागढ़ वैगंस लिमिटेड के वित्त निदेशक अनिल कुमार अग्रवाल और रामा कृष्णा फॉरगिंग्स लिमिटेड के चीफ फाइनेंस अधिकारी ललित कुमार खेतान ने यमुना अथॉरिटी के सीईओ डॉ. अरुण वीर सिंह से मुलाकात की है। अधिकारियों के मुताबिक उनकी कंपनियां पश्चिम बंगाल में हर साल 800 रेल कोच बना रही हैं, इसके अलावा रेल पहिए भी बनाए जा रहे हैं। अब यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में रेल कोच बनाने की फैक्ट्री लगाना चाहते हैं इसके लिए उन्हें 100 एकड़ जमीन की आवश्यकता पड़ेगी। कंपनी पहले चरण में 7000 करोड़ रुपए और कुल 25000 करोड़ रुपए का निवेश करेंगी।



### पायलट यूनियनों ने प्रस्तावित वेतन ढांचे को खारिज किया

**नई दिल्ली।** इंडियन कमर्शियल पायलट्स एसोसिएशन और एयर इंडिया के इंडियन पायलट्स गिल्ड ने एयरलाइन द्वारा प्रस्तावित नए वेतन ढांचे को खारिज कर दिया है। विवाद की प्राथमिक जड़ नए ढांचे के तहत हर महीने उड़ान भत्ते को 70 घंटे से घटाकर 40 घंटे करना है, जिसे पायलट अनुचित मानते हैं। दोनों यूनियनों ने चेतावनी दी है यदि प्रबंधन उनकी सहमति के बिना नई शर्तों के साथ आगे बढ़ता है तो 'औद्योगिक अशांति' फैलेगी। जबकि एयर इंडिया ने कहा है कि वह अपने शेष कर्मचारियों के साथ जुड़ना जारी रखेगी। एयरलाइन ने इस मुद्दे पर सख्त रुख अपनाते हुए कहा है कि एयर इंडिया में कोई मान्यता प्राप्त यूनियन नहीं है।

## दुनिया के सबसे ताकतवर रॉकेट में लॉन्चिंग के बाद विस्फोट

**एजेंसी। वॉशिंगटन**
दुनिया का सबसे ताकतवर रॉकेट बुधवार को लॉन्च के बाद गल्फ ऑफ मैक्सिको के ऊपर एक्सप्लोड हो गया। इसे शाम करीब 7 बजे टेक्सास के बोका चिका से लॉन्च किया गया था। ये स्टारशिप का पहला ऑर्बिटल टेस्ट था। इससे पहले मंगलवार को भी इसे लॉन्च करने की कोशिश की गई थी, लेकिन प्रेशर वाल्व के फ्रीज होने के कारण लॉन्च 39 सेकेंड पहले रोक दिया गया। स्टेनलेस स्टील से बने स्टारशिप को दुनिया के दूसरे सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने बनाया है। स्पेसएक्स ने कहा, स्टेज सेपरेशन से पहले स्टारशिप ने रेपिड अनशेड्यूल्ड डिसअसेंबली एक्सपीरियंस की। इस तरह के एक टेस्ट के साथ, हम जो सीखते हैं उससे सफलता मिलती है। आज का टेस्ट हमें स्टारशिप की रिलायबिलिटी में सुधार करने में मदद करेगा। ये लॉन्चिंग इसलिए अहम थी क्योंकि ये स्पेसशिप ही इंसानों को इंटरप्लेनेटरी बनाएगा। यानी इसकी मदद से पहली बार कोई इंसान पृथ्वी के अलावा किसी दूसरे ग्रह पर कदम रखेगा। मस्क साल 2029 तक इंसानों को मंगल ग्रह पर पहुंचाकर वहां कॉलोनी बसाना चाहते हैं। स्पेसशिप इंसानों को दुनिया के किसी भी कोने में एक घंटे से कम समय में पहुंचाने में भी सक्षम होगा।

### आईओएस पर सभी के लिए 'स्टिकर मेकर' टूल ला रहा व्हाट्सऐप

**सैन फ्रांसिस्को।** मेटा के स्वामित्व वाले व्हाट्सऐप ने आईओएस पर सभी के लिए अपना 'स्टिकर मेकर' टूल रिलीज करना शुरू कर दिया है। वाबेटाइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, स्टिकर मेकर टूल, ऐप के पिछले बीटा वर्जन्स में पेश किए गए अन्य सभी सुधारों के साथ आईओएस उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध है जो ऐप स्टोर से व्हाट्सऐप के लेटेस्ट अपडेट को इंस्टॉल करते हैं। स्टीकर मेकर टूल यूजर्स को ऐप के भीतर ही स्टिकर बनाने की सुविधा देता है। यह फीचर विभिन्न थर्ड-पार्टी ऐप्स के बीच स्विच करने, समय बचाने और प्रक्रिया को तेज बनाने की आवश्यकता को समाप्त कर उपयोगकताओं के लिए अधिक एकीकृत अनुभव प्रदान करता है। इसके अलावा, रिपोर्ट में कहा गया है कि यह फीचर आईओएस 16 पर सभी उपयोगकर्ताओं के लिए चल रहा है, लेकिन इसे आईओएस के पुराने वर्जन्स में लाने की कोई योजना नहीं है।

### रांची में पहला ऊना-द वन रेस्तरां शुरू

**रांची।** ऊना-द वन कंटेम्परारी मॉडर्न फाइन-डाइनिंग रेस्तरां की शुरूआत की घोषणा की गई, जो बेहतरीन भोजन और सुरुचिपूर्ण माहौल का खूबसूरत मिश्रण प्रदान करेगा। ऊना-द वन रांची में अपनी तरह का पहला रेस्तरां है, जो विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों की पेशकश सौंदर्यपूर्ण माहौल के साथ वन-स्टॉप गॉमे (रूचिकर) डेस्टिनेशन में पेश करने के लिए पूरी तरह तैयार है। न्यू एजी कॉलोनी, कद्रू के बेहद समीप स्थित, यह रेस्तरां सभी अवसरों के लिए उपयुक्त है, जहां पसंदीदा व्यंजनों के भरपूर चटखारे लिए जा सकते हैं। मुंह में पानी लाने वाले स्टार्टर्स, सूप्स और स्वादिष्ट मेन कोर्स से लेकर उत्तम डेसर्ट तक सब कुछ एक ही छत के नीचे उपलब्ध है, यह रेस्तरां को वन-स्टॉप डेस्टिनेशन की उपाधि देने के लिए काफी है। ऊना-द वन शाकाहारी और मांसाहारी दोनों प्रकार के व्यंजनों का एक विस्तृत मेनू पेश करता है।

## विदेश

# भारत की जनसंख्या वृद्धि प्रतिस्थापन स्तर से नीचे : संयुक्त राष्ट्र विशेषज्ञ



**एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र**
संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) के प्रमुख जनसांख्यिकी राचेल स्नो के अनुसार हालांकि भारत की 1.4 अरब की आबादी चीन की आबादी को पार कर गई है, लेकिन 'ताजा बड़ी खबर' यह है कि भारत में जनसंख्या वृद्धि प्रतिस्थापन प्रजनन दर से नीचे है और इसके पास 'अवसर की खिड़की' है। उन्होंने कहा कि भारत में प्रजनन चरण में प्रवेश करने वाली युवा आबादी समग्र प्रजनन क्षमता को बढ़ावा देगी। प्रतिस्थापन प्रजनन दर बच्चों की औसत संख्या है, जो एक महिला को जनसंख्या को स्थिर रखने के लिए होनी चाहिए और इसे प्रति महिला 2.1 बच्चे माना जाता है। भारत सरकार के आंकड़ों के अनुसार, भारत के लिए प्रतिस्थापन प्रजनन दर 2 है। उन्होंने भारत को अवसर की खिड़की करार देते हुए कहा, आपको प्रजनन वर्षों में प्रवेश करने वाले युवाओं की यह बड़ी संख्या मिली है, जिसका अर्थ है कि प्रजनन क्षमता बढ़ती रहेगी और काम करने वालों की संख्या में बढ़ेगी। स्नो ने कहा, सवाल यह है कि इस अवसर की खिड़की के साथ, क्या यह शिक्षा और रोजगार सृजन, लैंगिक समानता में आवश्यक निवेश जुटाने में सक्षम होगा। स्नो ने ताइवान, दक्षिण कोरिया और सिंगापुर का उदाहरण दिया, जिनका जबरदस्त आर्थिक विकास हुआ और इससे जीवन स्तर भी बेहतर हुआ। गौरतलब है कि 70 और 80 के दशक में, एशियन टाइगर्स कहे जाने वाले उपरोक्त देशों का असाधारण आर्थिक विकास हुआ था, क्योंकि स्वास्थ्य, शिक्षा, युवा लोगों के उस समूह की भलाई में बड़ा निवेश था, जो तब अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में सक्षम थे। उन्होंने कहा, भारत के लिए चुनौतियां हैं, इतने सारे लोग हैं, जो अनौपचारिक श्रम बाजार में हैं। फिर से, शैक्षिक मानक अत्यधिक असमान हैं। यदि आप भारत में उत्तर से दक्षिण, दक्षिण से उत्तर की ओर जाते हैं, तो हम इस बड़े देश में जबरदस्त विविधता देखते हैं।

### थाईलैंड में 21 साल के पांडा की मौत



**बैंकॉक।** थाईलैंड के एक चिड़ियाघर में 21 साल के मादा पांडा की मौत हो गई है। इस पांडा को एयरकंडीशन्ड पिंजरे में रखा गया था और थाईलैंड के लोग 24 घंटे इसकी एक्टिविटीज लाइव देख सकते थे। 2003 में थाईलैंड सरकार ने चीन से 3 पांडा लोन पर लिए थे। लोन की मियाद अक्टूबर में खत्म हो रही थी और तब उसे डायरेक्ट फ्लाइट से वापस चीन भेजा जाना था, लेकिन इसके पहले ही इस फीमेल पांडा ने दम तोड़ दिया। इसका नाम लिन हुई था। लिन हुई के मेल पार्टनर का नाम चुआंग चुआंग था। 2019 में उसकी मौत हार्टअटैक से हुई थी।

# जर्मनी ने यूक्रेन को दिया पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम

**एजेंसी। कीव**
जर्मनी ने एयर मिसाइल डिफेंस सिस्टम यूक्रेन को सौंप दिया। इसे तैनात भी कर दिया गया है। जर्मनी, अमेरिका और नाटो के इस कदम से रूस-यूक्रेन जंग काफी तेज हो सकती है। रूस ने पिछले दिनों इस तरफ इशारा भी किया था। दूसरी तरफ, यूक्रेन के डिफेंस मिनिस्टर ने जर्मनी, अमेरिका और नाटो का शुक्रिया अदा किया। कहा- यूक्रेन का खूबसूरत आसमान अब पहले से बहुत ज्यादा महफूज हो जाएगा। यह बहुत अच्छी खबर है। अमेरिका ने हमसे जो वादा किया था, उसे निभाया भी है। पैट्रियट मिसाइल सिस्टम हकीकत में अमेरिकी एयर डिफेंस प्रोडक्ट है। जर्मनी ने इसे अमेरिका से ही खरीदा था और अब इसकी एक यूनिट यूक्रेन को सौंप दी है। पश्चिमी देशों के इस कदम से रूस का बौखलाना बिल्कुल तय है। हालांकि, उसके पास अपना एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम है। इसे पैट्रियट से ज्यादा बेहतर माना जाता है। जर्मनी ने जनवरी में वादा किया था कि वो अमेरिका से बातचीत के बाद पैट्रियट की एक यूनिट यूक्रेन को देगा। अमेरिकी वाइस प्रेसिडेंट कमला हैरिस ने भी इसका भरोसा दिलाया था। इसके बाद इस सिस्टम की ऑपरेशनल ट्रेनिंग भी यूक्रेन के 100 सैनिकों को दी गई। रूस-यूक्रेन जंग में नाटो का मेंबर पोलैंड पश्चिमी देशों और यूक्रेन के बीच एक अहम पॉइंट है। इसकी वजह यह है कि पश्चिमी देश पोलैंड के रास्ते ही यूक्रेन को सैन्य मदद भेज रहे हैं। अमेरिका ने यूक्रेन से सटे पोलैंड में 2 पैट्रियट मिसाइल डिफेंस सिस्टम पिछले साल ही तैनात कर दिए थे। रूस इससे काफी नाराज हुआ था। तब कुछ एक्सपर्ट्स ने कहा था कि रूस किसी बहाने से पोलैंड पर भी हमला कर सकता है। हालांकि, जंग को एक साल से ज्यादा हो चुका है, लेकिन रूस ने पोलैंड के खिलाफ कोई मिलिट्री एक्शन नहीं लिया।

## पेज एक के शेष

### 'मोदी सरनेम' मामले में ...

दोषी ठहराया था, जहां उन्होंने कहा था कि मोदी उपनाम वाले सभी लोग चोर हैं। अदालत ने उन्हें दो साल की जेल की सजा सुनाई, और उन्हें अगले दिन लोकसभा के सदस्य के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया। गांधी के वकीलों ने दो आवेदन दायर किए थे, एक मामले के निस्तारण तक जमानत के लिए और दूसरा अपील पर फैसला होने तक सजा को निलंबित करने के लिए। गांधी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आर.एस. चीमा ने तर्क दिया कि केवल एक पीड़ित व्यक्ति ही कानून के अनुसार मानहानि की शिकायत कर सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि भाषण तब तक मानहानि नहीं हो सकता जब तक कि इसे संदर्भ से बाहर न किया जाए। मानहानि का मामला भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी ने दायर किया था, जिन्होंने दावा किया था कि गांधी के बयान ने मोदी उपनाम वाले सभी लोगों को बदनाम किया है। अदालत ने गांधी को आईपीसी की धारा 499 (मानहानि) और 500 (मानहानि की सजा) के तहत दोषी पाया था। राहुल गांधी ने दावा किया था कि एक सांसद के रूप में उनकी स्थिति के कारण ट्रायल कोर्ट ने उनके साथ कठोर व्यवहार किया है। चीमा ने सूरत की अदालत के अधिकार क्षेत्र पर भी सवाल उठाया, यह कहते हुए कि भाषण कोलार में दिया गया था। अदालत ने राहुल गांधी की याचिका को खारिज कर दिया। इसका मतलब है कि उन्हें संसद सदस्य के रूप में बहाल नहीं किया जा सकता। अदालत ने कानून के तहत स्वीकार्य अधिकतम सजा भी लागू की।

### राहुल गांधी हाईकोर्ट ...

का लाभ उठाना जारी रखेंगे। सूत्रों का कहना है कि राहुल गांधी की लीगल टीम हाईकोर्ट में इस आदेश के खिलाफ जाने की तैयारी कर रही है। अभी उसके पास और कल का दिन है। उसके बाद कोर्ट में दो दिन की छुट्टी है। बहुत मुमकिन है कि सोमवार तक हाईकोर्ट में इस पर याचिका दायर कर दी जाए। अगर हाईकोर्ट राहुल गांधी को स्टे दे देता है तो उस स्थिति में उनकी लोकसभा सदस्यता फौरन बहाल हो सकती है। इस बीच कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने बहुत वाजिब सवाल आज के फैसले के संदर्भ में उठाया है। थरूर ने ट्वीट में लिखाः सूरत कोर्ट का कहना है कि राहुल गांधी सजा पर रोक लगाने के लिए कोई असाधारण परिस्थिति नहीं दिखा पाए हैं। क्या यह आपराधिक मानहानि के लिए दो साल की सजा पाने के लिए पर्याप्त असाधारण नहीं है? संसद से अयोग्य होने के लिए बस इतना समय काफी है? बीजेपी नेताओं का बयान है कि राहुल गांधी ने ओबीसी का मजाक उड़ाया था। उन्हें अब माफी मांग लेनी चाहिए। सूरत की अदालत द्वारा राहुल गांधी की याचिका खारिज करने के तुरंत बाद बीजेपी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहाः क्या कांग्रेस अब इसे बदले की भावना भी कहेगी? क्या वे फिर से अदालतों पर सवाल उठाएंगे? न्यायपालिका पर सवाल उठाने के बजाय ओबीसी समुदाय से राहुल गांधी माफी मांगें। राहुल पर हमला बोलते हुए बीजेपी प्रवक्ता अमित मालवीय ने कहा, ओबीसी समुदाय का अपमान करने के बावजूद, उन सभी को 'चोर' कहने के बावजूद, राहुल शर्मनाक रूप से उद्दंड बने हुए हैं ...इससे उनके अहंकारी रवैये का पता चलता है।

### ठेका मजदूरों पर हेमंत सरकार ...

3,092.37 रुपये महंगाई भत्ता देने के बाद कुल 15,027.43 रुपये देय होंगे। अति कुशल श्रमिकों को वर्ष 2020 में 13,675.59 रुपये मिलते थे, लेकिन परिवर्तनशील महंगाई भत्ता 3,543.34 रुपये बढ़ने से अब ऐसे श्रमिकों को 17,218.93 रुपये मजदूरी प्रतिमाह मिलेंगे। जाहिर सी बात है कि झारखंड सरकार का यह फैसला ठेका मजदूरों की तकलीफ पर मरहम का काम करेगा। बढ़ती महंगाई की वजह से मजदूरों को घर चलाना मुश्किल हो रहा था।

## आर्थिक बदहाली — पाकिस्तान में जरूरी दवाओं की किल्लत

# ब्लैक में बेचे जा रहे इंजेक्शन, तड़प रहे मरीज

**एजेंसी। इस्लामाबाद**
पाकिस्तान में आर्थिक बदहाली के बीच जरूरी दवाओं की भी किल्लत मच गई है। वहां सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों में हृदय रोगियों में रक्त को पतला करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले इंजेक्शन नहीं मिल पा रहे। ऐसे में 'दिल के मरीज' तड़प रहे हैं। पाकिस्तानी मीडिया 'डेली दुनिया' एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान में मरीजों को हृदय रोग के इलाज में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि इलाज के लिए हेपरिन इंजेक्शन की कमी हो गई है। इसके अलावा पाकिस्तान को एनेस्थेटिक्स, इंसुलिन, पैनाडोल, ब्रुफेन, डिस्प्रिन जैसी कई आवश्यक दवाओं की कमी का भी सामना करना पड़ रहा है। 'डेली दुनिया' की रिपोर्ट में कहा गया है कि इंजेक्शन की कीमत 600 रुपये है, लेकिन इसे काला बाजार में 3000 रुपये में बेचा जा रहा है। इससे गरीब मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, अस्पतालों का कहना है कि इंजेक्शन की कमी की खबरें फर्जी हैं। इसके उलट अस्पतालों में तड़पते नजर आ रहे लोग अस्पताल प्रबंधन के दावों को झुठलाने के लिए काफी दिखे। पाकिस्तानी मीडिया में आई खबरों के मुताबिक, मुल्क में चल रहे आर्थिक संकट ने स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को बुरी तरह प्रभावित किया है। यहां मरीज आवश्यक दवाओं के लिए संघर्ष करने को मजबूर हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि फरवरी में हुई विदेशी मुद्रा भंडार की कमी के कारण घरेलू उत्पादन में इस्तेमाल की जाने वाली आवश्यक दवाओं या सक्रिय फार्मास्युटिकल सामग्री (एपीआई) को आयात करने की पाकिस्तान की क्षमता नहीं है। इसके चलते देश में एनेस्थेटिक्स, इंसुलिन, पैनाडोल, ब्रूफेन, डिस्प्रिन, कैलपोल, टेग्रल, निमेसुलाइड और रिवोट्रिल सहित आवश्यक दवाओं की कमी पड़ गई है। स्थानीय दवा निर्माताओं को अपने उत्पादन को कम करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। उधर, अस्पतालों में मरीज बड़ी संख्या में हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि दवाओं और चिकित्सा उपकरणों की कमी के कारण डॉक्टर सर्जरी नहीं कर पा रहे हैं। पाकिस्तान अपने यहां दवा की कमी को दूर करने के लिए भारत और चीन जैसे देशों से दवाएं आयात करता था। अब वो विदेश से व्यापार करने की भी स्थिति में नहीं है, क्योंकि उसका विदेशी मुद्रा भंडार नाम मात्र का रह गया है।



### नेपाल में पुल गिरने से एक भारतीय समेत चार लोगों की मौत

**काठमांडू।** नेपाल में भेरी नदी पर बना पुल गिरने से गुरुवार को एक भारतीय नागरिक समेत चार लोगों की मौत हो गई। जाजरकोट के जिला प्रशासनिक अधिकारी हरिश्चंद्र शर्मा ने इसकी पुष्टि की है । हादसा नलगाढ़ नगर पालिका के जाजरकोट स्थित भेरी कॉरिडोर में निमार्णाधीन बेले पुल के गिरने से हुआ। जाजरकोट के जिला प्रशासनिक अधिकारी हरिश्चंद्र शर्मा ने बताया कि पुल गिरने से 9 लोग घायल हो गए, जिसमें से चार लोगों की मौत हो गई । उन्होंने बताया कि मृतकों में एक भारतीय नागरिक भी है। निर्माण के दौरान क्रेन बीच में पहुंचते ही पुल टूट गया। शर्मा ने बताया कि घटना में शामिल 9 लोगों में चालक नेपाली और 8 भारतीय राजमिस्त्री हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# चांद बताता है, कब मनानी है ज्यादा खुशियां

**बीते तीन सालों में ईद**

25 मई 2020, 14 मई 2021, 3 मई 2022

**नवीन मेल नेटवर्क। भोपाल**

विभिन्न धर्मों में आमतौर पर त्यौहारों के आयोजन की तिथि चंद्रमा, नक्षत्र या सूर्य की आकाश में स्थिति से निश्चित की जाती है। मुस्लिम धर्म में खुशियां मनाने वाला त्यौहार ईद उल फितर भी अमावस्या के बाद पश्चिम में सूर्य डूबने के बाद दिखने वाले हंसियाकार चंद्रमा के दीदार से जुड़ा है। इस बारे में खगोल वैज्ञानिक जानकारी देते हुये नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बताया कि भारत में चंद्रमा सूर्यास्त के बाद आज (21 अप्रैल) को आकाश में क्षितिज से कुछ उपर रहेगा। पृथ्वी से लगभग 3 लाख 80 हजार 700 किमी दूर रहते हुये यह 1.6 प्रतिशत चमक के साथ पतले आकार में दिख रहा होगा। अगर बादल बाधा न बनें तो इसे देखा जा सकेगा। सारिका घारू ने विद्या विज्ञान कार्यक्रम में बताया कि खगोल विज्ञान के अनुसार चंद्रमा को पृथ्वी से किसी एक स्थिति में देखने के बाद अगली बार वही स्थिति 29.5 दिन बाद आती है। इसे एक माह माना जाता है। जैसे अमावस्या के बाद पहला चांद दिखने के 29.5 दिन बाद उस तरह का चांद दिखेगा। अगर 12 महीने से इसे गुणा करा जाये तो साल 354 दिन का होगा लेकिन पृथ्वी के सूर्य के चारों ओर घूमने से बना साल 365 दिनों का होता है। इस तरह इन दोनो गणनाओं में लगभग 11 दिन का अंतर रह जाता है। अगर इसका समायोजन न किया जाये तो हर साल कोई खास त्यौहार 11 दिन पहले आता जाता है।



### सूर्यास्त के बाद कब तक दिख सकेगा चांद

भौगोलिक स्थिति के अनुसार सूर्यास्त के बाद दिखकर यह विभिन्न नगरों में यह अलग -अलग समय तक चांद को देखा जा सकेगा। (यह समय चांद के अस्त होने का समय है)

**रांची** - 7: 27 बजे, **बोकारो** - 7: 25 बजे, **धनबाद** - 7: 23 बजे, **गिरीडीह** - 7: 24 बजे

## पत्रकार जैसा बर्ताव करने की ट्रेनिंग देने वाले तीन गिरफ्तार

**लखनऊ।** गैंगस्टर अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की गोली मारकर हत्या करने वाले तीन हमलावरों को अस्पताल में मीडियाकर्मियों के समूह में शामिल होने से पहले असली पत्रकारों की तरह व्यवहार करने के लिए प्रशिक्षित किया गया था। आरोपियों की मदद करने वाले तीन लोगों को विशेष जांच दल ने हिरासत में लिया है। पुलिस ने कहा कि एक स्थानीय समाचार वेबसाइट के लिए काम करने वाल तीन लोगों ने तिवारी को रिपोर्टिंग का तरीका बताया और एक कैमरा खरीदने में उनकी मदद की। मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल ने उन्हें बांदा रेलवे स्टेशन से हिरासत में लिया है।

# खत्म हुआ साल का पहला सूर्य ग्रहण



**एजेंसी। नई दिल्ली**

साल 2023 का पहला सूर्य ग्रहण गुरुवार को लगा। इसे दुनियाभर के अलग-अलग हिस्सों में देखा गया। हालांकि भारत में इस ग्रहण का प्रभाव नहीं पड़ा। ग्रहण सुबह 07:04 पर शुरू हुआ और 12:29 पर समाप्त हो गया। इसके बाद अब अक्टूबर में साल का दूसरा सूर्य ग्रहण लगेगा। वहीं इस साल दो चंद्र ग्रहण भी लगेंगे। जानते हैं सूर्य ग्रहण के समाप्त होने के बाद इस साल और कितने ग्रहण लगने वाले हैं।

### सूर्य ग्रहण और चंद्र ग्रहण

ग्रहण से पौराणिक, धार्मिक और वैज्ञानिक मान्यताएं जुड़ी हुई है। जब चंद्रमा, पृथ्वी और सूर्य के बीच से गुजरता है तो पृथ्वी के एक छोटे से भाग से सूर्य का प्रकाश पूरी या आंशिक रूप छिप जाता है। ऐसी स्थिति में सूर्य ग्रहण लगता है। वहीं जब चंद्रमा के पृथ्वी की छाया में आने के कारण चंद्रमा पर अंधेरा हो जाता है तो इसे चंद्र ग्रहण कहते हैं। चंद्र ग्रहण में चंद्रमा लाल, नारंगी या भूरा दिखाई पड़ता है। वहीं पूर्ण चंद्र ग्रहण में चंद्रमा पूरी तरह छिप जाता है। ग्रहण से जुड़ी धार्मिक मान्यता के अनुसार, इसका जिम्मेदार राहु-केतु को माना गया है। ग्रहण लगने की पौराणिक कथा समुद्र मंथन से जुड़ी है।

### 2023 में और कितने ग्रहण शेष है

**साल का दूसरा सूर्य ग्रहण**

पहला सूर्य ग्रहण 20 अप्रैल को समाप्त होने के बाद अब साल का दूसरा सूर्य ग्रहण शनिवार 14 अक्टूबर 2023 को लगेगा। यह ग्रहण भी भारत में दिखाई नहीं देगा। ऐसे में इस ग्रहण का सूतक भी यहां मान्य नहीं होगा। भारतीय समयानुसार यह ग्रहण रात 08:34 पर लगेगा और इसकी समाप्ति मध्यरात्रि 02:25 पर होगी। साल का दूसरा सूर्य ग्रहण कन्या राशि और चित्रा नक्षत्र में लगेगा।

**साल का पहला चंद्र ग्रहण**

साल का पहला चंद्र ग्रहण शुक्रवार 5 मई 2023 को बुद्ध पूर्णिमा के दिन लगेगा। यह उपच्छाया ग्रहण होगा। यानी चंद्रमा पर पृथ्वी की छाया केवल एक ओर रहने से यह कई जगहों से दिखाई नहीं देगा। साथ ही भारत में भी इस ग्रहण को नहीं देखा जा सकेगा और यहां इसका सूतक काल मान्य नहीं होगा। चंद्र ग्रहण भारतीय समयानुसार रात 08:45 से शुरू होगा और देर रात 01:00 बजे समाप्त हो जाएगा।

**साल का दूसरा चंद्र ग्रहण**

साल का दूसरा चंद्र ग्रहण रविवार 29 अक्टूबर 2023 को लगेगा। ग्रहण रात 01:06 से शुरू होगा और 02:22 पर समाप्त हो जाएगा। यह साल का अंतिम और ऐसा एकमात्र ग्रहण होगा, जो भारत में भी नजर आएगा और इसका सूतक भी मान्य होगा। बता दें कि चंद्र ग्रहण से 9 घंटे पहले ही सूतक शुरू हो जाता है।

## NEWS इन ब्रीफ

### शरद पवार से अचानक मिले गौतम अदाणी

**मुंबई।** उद्योगपति गौतम अदाणी गुरुवार सुबह यहां दक्षिण मुंबई में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार के आवास पर अचानक उनसे मिलने पहुंचे। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। दोनों के बीच लगभग दो घंटे तक एक निजी बैठक हुई। बैठक में किस बात पर चर्चा हुई, इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है।

### सीबीआई ने फरार आरोपी को मुंबई एयरपोर्ट से दबोचा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने फरार आरोपी संतोष माधव सावंत उर्फ अबू सावंत नाम के एक व्यक्ति को सिंगापुर से मुंबई हवाईअड्डे पर उतरने के बाद गिरफ्तार किया है। उस पर मुंबई में एक बिल्डर से जबरन पैसे वसूलने का आरोप है। सीबीआई ने महाराष्ट्र सरकार के अनुरोध पर 2016 में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

### विश्वभारती ने अमर्त्य सेन से 6 मई तक 'अतिरिक्त' भूमि खाली करने को कहा

**कोलकाता।** विश्वभारती विश्वविद्यालय ने नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन को अंतिम निष्कासन नोटिस जारी कर उन्हें पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में विश्वविद्यालय परिसर के भीतर 6 मई तक विवादित 13 डिसमिल जमीन खाली करने को कहा है। सेन इस समय अमेरिका में हैं। 13 अप्रैल को बोलपुर में एक कार्यकारी मजिस्ट्रेट द्वारा क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस के हस्तक्षेप का आदेश देने के बावजूद विवि के अधिकारियों ने यह ताजा नोटिस जारी किया है।

## नरोदा ग्राम नरसंहार मामले में स्पेशल कोर्ट ने 21 साल बाद सुनाया फैसला

# माया कोडनानी समेत सभी आरोपी बरी

**एजेंसी। अहमदाबाद**

गुजरात के नरोदा गांव (गाम) दंगों मामले में स्पेशल कोर्ट ने फैसला सुना दिया है। एसआईटी मामलों के विशेष जज एस के बक्शी की कोर्ट ने गुरुवार को 68 आरोपियों को बरी कर दिया है। दरअसल, 2002 में हुए इन दंगों में 11 लोगों की मौत हुई थी। इसके बाद पुलिस ने जांच के आधार पर गुजरात की पूर्व मंत्री और बीजेपी नेता माया कोडनानी व बजरंग दल के नेता बाबू बजरंगी समेत 86 लोगों को आरोपी बनाया था। इन 86 आरोपियों में से 18 की पहले ही मौत हो चुकी है। मामले में 21 साल बाद फैसला आया है।

गौरतलब है कि 2002 में गोधरा में चलती ट्रेन में आग लगा दी गई थी। इस हादसे में 58 लोगों की मौत हो गई थी। गोधरा कांड के विरोध में अगले दिन बंद बुलाया गया था। इस दौरान अहमदाबाद के नरोदा गाम में सांप्रदायिक हिंसा फैल गई थी। इसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद ही पूरे गुजरात में दंगे फैल गए थे। मामले में एसआईटी की जांच बैठी और एसआईटी ने माया कोडनानी को मुख्य आरोपी बनाया था। माया कोडनानी राज्य सरकार में पूर्व मंत्री रही हैं। नरोदा गांव नरसंहार के मामले में आरोपियों पर आईपीसी की धारा 302 हत्या, 307 हत्या की कोशिश, 143 , 147 दंगे, 148, 129 इ, 153 के तहत केस दर्ज किया था।

इससे पहले कोडनानी को विशेष अदालत ने नरोदा पाटिया दंगों के मामले में 28 साल की सजा सुनाई थी। इन दंगों में 97 लोगों की मौत हुई थी। हालांकि, हाईकोर्ट ने बाद में कोडनानी को बरी कर दिया था। इस मामले की सुनवाई 2009 से शुरू हुई थी। मामले में 187 लोगों से पूछताछ हो हुई, जबकि 57 चश्मदीद के बयान भी दर्ज किए गए थे। इस मामले में 13 साल से सुनवाई चल रही थी। सितंबर 2017 में अमित शाह माया कोडनानी के बचाव पक्ष के गवाह के रूप में पेश हुए थे। माया कोडनानी दंगों के वक्त गुजरात की मोदी सरकार में मंत्री थीं।

वर्तमान गृहमंत्री अमित शाह ने तब कोर्ट के सामने कहा था कि वह 28 फरवरी को सुबह 7:15 बजे अपने घर से विधानसभा के लिए निकले थे। सदन की कार्यवाही सुबह 8:30 बजे शुरू होनी थी। उन्होंने 28 फरवरी को सुबह 8.40 बजे माया कोडनानी को गुजरात विधानसभा में देखा। उन्होंने कहा मैं नहीं जानता कि विधानसभा से रवाना होने और सोला सिविल हास्पिटल पहुंचने के पहले वह कहां थीं। इसके बाद 11 बजे से लेकर 11.30 बजे के आसपास उन्हें अहमदाबाद के सोला सिविल हास्पिटल में देखा।





**इन दंगों में 97 लोगों की मौत हुई थी और तब माया कोडनानी गुजरात सरकार में मंत्री थीं**

## बुद्ध की शिक्षाओं से ही वैश्विक समस्याओं का समाधान : मोदी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि वर्तमान वैश्विक स्थिति सबसे चुनौतीपूर्ण है क्योंकि युद्ध, आर्थिक अस्थिरता, आतंकवाद और धार्मिक कट्टरता जैसी समस्याएं मुंह बाए खड़ी हैं। उन्होंने वैश्विक बौद्ध शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा, यह आशा, यह विश्वास इस धरती की सबसे बड़ी ताकत है। जब यह आशा एकजुट हो जाएगी, तो बुद्ध का धम्म विश्व की मान्यता बन जाएगी और बुद्ध की अनुभूति मानवता की आस्था बन जाएगी। सिद्धांत, व्यवहार और प्राप्ति के बौद्ध मार्ग को याद करते हुए, प्रधान मंत्री ने एनडीए सरकार के पिछले नौ वर्षों में अपनी यात्रा में सभी तीन बिंदुओं को अपनाने के बारे में बताया। मोदी ने कहा कि भारत ने भगवान बुद्ध की शिक्षाओं के प्रचार-प्रसार के लिए समर्पण भाव से काम किया है। उन्होंने तुर्की में भूकंप जैसी आपदाओं के दौरान शांति अभियानों और बचाव कार्य में भारत के प्रयासों का उल्लेख किया। मोदी ने कहा, 140 करोड़ भारतीयों की इस भावना को दुनिया देख रही है, समझ रही है और स्वीकार कर रही है।

**सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर लगाई रोक**

## दोनों अधिकारियों को छोड़ने का दिया आदेश

**एजेंसी। नई दिल्ली**

उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी है जिसमें उत्तर प्रदेश के वित्त सचिव एस.एम.ए. रिजवी और विशेष वित्त सचिव सरयू प्रसाद मिश्रा को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया गया था। दोनों अधिकारियों को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश का पालन न करने के लिए गिरफ्तार किया गया था। अदालत ने दोनों अधिकारियों को उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की सुविधा बढ़ाने संबंधी प्रस्तावित कानून को एक सप्ताह के भीतर लागू करने का निर्देश दिया था। मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली एक खंडपीठ ने हिरासत में लिए गए अधिकारियों को रिहा करने का आदेश दिया। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के.एम. नटराज ने तत्काल सुनवाई के लिए मामले का उल्लेख किया था। मामले में तत्काल सुनवाई की मांग करते हुए नटराज ने शीर्ष अदालत को सूचित किया कि दोनों अधिकारी इस समय हिरासत में हैं। शीर्ष अदालत ने मामले में नोटिस जारी किया और कहा कि सुनवाई की अगली तारीख तक उच्च न्यायालय के डिविजन बेंच के आदेश पर रोक रहेगी।




## यश चोपड़ा की विधवा पामेला का निधन



**रोमांटिक** फिल्मों के बादशाह यश चोपड़ा की विधवा पामेला चोपड़ा का गुरुवार को मुंबई में निधन हो गया। वह 85 साल की थीं। फिल्म जगत के एक सूत्र ने बताया कि वह कुछ सप्ताह से बीमार थीं और उन्हें इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां गुरुवार सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। पामेला के परिवार में उनके दो बेटे - फिल्म निमार्ता आदित्य चोपड़ा, जिनकी शादी अभिनेत्री रानी मुखर्जी से हुई है, और अभिनेता-निमार्ता उदय चोपड़ा हैं। पामेला सिंह प्रसिद्ध अभिनेत्री सिमी गरेवाल की चचेरी बहन थी। पामेला की शादी 1970 में प्रसिद्ध फिल्म निमार्ता बी.आर. चोपड़ा के छोटे भाई यश चोपड़ा से हुई थी।

## कामना पाठक अपने स्टाइल को बरकरार रखती हैं



**अपने** स्टाइल को बरकरार रखते हुए अभिनेत्री कामना पाठक ने कुछ बेहतरीन समर फैशन स्टाइल और सीजन के लिए पसंदीदा वॉर्डरोब साझा किए हैं। उन्होंने कहाः मैं गर्मी के मौसम में कैजुअल पहनती हूं और आराम करती हूं। दिन के दौरान, मैं हल्के रंग पसंद करती हूं, जबकि रात में मैं गहरे रंग पसंद करती हूं। गर्मियों के दौरान ढीली सूती शर्ट और ढीली कार्गो जींस मेरी पसंदीदा ड्रेस है। इस दौरान मैं लोफर्स और स्लिपर्स भी अपने वारड्रोब से निकालती हूं। अभिनेत्री फिलहाल 'हप्पू की उलटन पलटन' शो में नजर आ रही हैं। उन्होंने कहा कि स्टोल उनके लिए जरूरी हैं क्योंकि वे ट्रेंडी और सुविधाजनक हैं, जो उन्हें गर्मियों में आराम देते हैं।

## 'द ब्रोकन न्यूज 2' में श्रिया का किरदार लड़ाकू होगा




**अभिनेत्री** श्रिया पिलगांवकर ने 'द ब्रोकन न्यूज' के दूसरे सीजन पर काम करना शुरू कर दिया है और शो के सेट से बीटीएस की तस्वीरें साझा की हैं, जिसमें जयदीप अहलावत और सोनाली बेंद्रे भी हैं। सीरीज में अभिनेत्री एक पत्रकार की भूमिका निभाती हैं। पहले सीजन में पत्रकार के चरित्र पर गलत आरोप लगाया जाता है, लेकिन दूसरे सीजन में वह उस व्यवस्था के खिलाफ अपनी पूरी ताकत से लड़ती हुई दिखाई देगी, जिसने उसे सबकी नजर में नीचे गिरा दिया था। उन्होंने कहा : मेरा किरदार राधा एक धमाके के साथ वापस आ गया है और सिस्टम से लड़ने के लिए एक मिशन पर है, जिसने उस पर गलत आरोप लगाया। वह इस सीजन में बहुत अप्रत्याशित है कि वह आगे क्या करने जा रही है जो मेरे लिए इसे और अधिक दिलचस्प बनाता है। मैं सीजन 2 को लेकर वास्तव में उत्साहित हूं।

**शर्मसार** | पहले पटना रेलवे स्टेशन और अब भागलपुर में शर्मनाक हरकत

# अचानक एलईडी स्क्रीन पर चलने लगा 'डर्टी' मैसेज



**एजेंसी। भागलपुर**

पटना रेलवे स्टेशन पर पिछले महीने टीवी विज्ञापन स्क्रीन पर अचानक से अश्लील फिल्म चलने लगी थी। इस घटना ने रेलवे स्टेशन पर मौजूद यात्रियों को शर्मसार कर दिया था। वहीं कुछ ऐसा ही मामला बिहार के ही भागलपुर में सामने आया है। यहां स्टेशन चौक स्थित एलईडी डिस्प्ले स्क्रीन पर अश्लील मैसेज चलने लगा, जिसके बाद देखते ही देखते डिस्प्ले के सामने भीड़ लग गई। इसी बीच, किसी ने इसे रिकॉर्ड सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया और इसके बाद जिला प्रशासन हरकत में आया और डिस्प्ले स्क्रीन से तुरंत अश्लील मैसेज को हटाया गया। जानकारी के मुताबिक, एलईडी डिस्प्ले स्क्रीन पर सोमवार रात करीब साढ़े 8 बजे से ये विज्ञापन सुबह करीब 4 बजे तक चलता रहा लेकिन इसे हटाया नहीं गया।

### डिस्प्ले स्क्रीन पर चलता रहा डर्टी मैसेज

**डिस्प्ले** स्क्रीन पर चलने वाले मैसेज पर लिखा था- कॉल गर्ल के लिए इस नंबर पर संपर्क करें। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासन हरकत में आया। पहले बिजली सप्लाई काटी गई और इसके बाद इलेक्ट्रॉनिक बोर्ड को हटाया गया। जानकारी के मुताबिक, भागलपुर नगर निगम ने शहर के सौंदर्यीकरण के लिए जीवन जागृति सोसायटी को ठेका दिया था। वहीं लोगों को यातायात नियमों को लेकर जागरुक करने के लिए शहर में कुछ स्थानों पर एलईडी स्क्रीन लगाए गए हैं।

### पुलिस ने दर्ज किया केस

**सोसायटी** के अध्यक्ष अजय कुमार के मुताबिक, कुछ लोगों ने सिस्टम को हैक कर लिया और बोर्ड पर अश्लील मैसेज चलने लगा। इस मामले में नजदीकी पुलिस स्टेशन में अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है और आगे की जांच की जा रही है।

### पटना में रेलवे स्टेशन पर चलने लगी थी अश्लील फिल्म

**पिछले** महीने, पटना में ऐसा ही मामला आया था, जहां रेलवे स्टेशन पर टीवी विज्ञापन स्क्रीन पर अश्लील फिल्म चलते देख हर कोई हैरान रह गया था। इसके बाद तुरंत ही यात्रियों ने इसकी शिकायत रेलवे पुलिस से की थी। वहीं स्टेशन की टीवी विज्ञापन स्क्रीन पर अश्लील फिल्म चलने का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा।